


वर्ष : 2 अंक: 192 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

शुक्रवार, 5 मार्च 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


### राहुल के वायनाड में 4 नेताओं का इस्तीफा

## केरल विधानसभा चुनाव से पहले संकट में कांग्रेस

**नई दिल्ली।** केरल में आसन्न विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ही कांग्रेस की नैया हिचकोले खाती नजर आ रही है। राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र वायनाड में कांग्रेस के चार प्रमुख नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, जिसके बाद से केरल चुनाव से पहले कांग्रेस मुश्किल में आ गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य केके विश्वनाथन, केपीसीसी सचिव एमएस विश्वनाथन, डीसीसी महासचिव पीके अनिल कुमार और महिला कांग्रेस नेता सुजाया वेणुगोपाल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। माना जा रहा है कि एक सप्ताह के भीतर पार्टी में असंतोष के कारण इन नेताओं ने इस्तीफा दे दिया है। एमएस विश्वनाथन ने कहा कि वह जिले में कांग्रेस के नेतृत्व की विफलता और केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेतृत्व द्वारा उपेक्षा के कारण



पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'केपीसीसी नेतृत्व द्वारा उपेक्षा और जिला कांग्रेस कमेटी की विफलता के कारण मैं केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।'

वहीं, केके विश्वनाथन ने आरोप लगाया कि पार्टी वायनाड में तीन सदस्यीय टीम द्वारा चलाई जा रही है। वहीं, पीके अनिल कुमार औपचारिक रूप से सांसद एमवी श्रेयसकुमार की उपस्थिति में लोक तांत्रिक जनता दल (एलजेडी) में शामिल हुए। कांग्रेस ने इस संकट को हल करने के लिए के सुधाकरन सहित वरिष्ठ नेताओं की एक फौज तैनात की है। सुधाकरन स्थिति का जायजा लेने के लिए गुरुवार को वायनाड के डीसीसी कार्यालय पहुंचे। बता दें कि केरल में मतदान 6 अप्रैल को एक ही चरण में होगा और परिणाम 2 मई को घोषित किए जाएंगे।

### बीजेपी ने श्रीधरन को बनाया सीएम उम्मीदवार

**कोच्चि।** केरल राज्य में हो रहे विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर सस्पेंस खत्म कर दिया है। पार्टी की ओर से ऐलान किया गया है कि राज्य में बीजेपी की सरकार बनी तो मेट्रो मैन ई श्रीधरन केरल के मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि श्रीधरन के बीजेपी में शामिल होने के बाद से उनके ही सीएम उम्मीदवार बनाए जाने के कयास लगाए जा रहे थे, जिस पर अब विराम लग गया है। मेट्रो मैन के नाम से मशहूर ई श्रीधरन ने बीते महीने ही भारतीय जनता पार्टी जॉइन की थी। केरल के बीजेपी प्रमुख के सुरेंद्रन ने गुरुवार को घोषणा की कि ई श्रीधरन केरल में बीजेपी के मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे।

आपको बता दें कि पार्टी में शामिल होने के बाद मेट्रो मैन श्रीधरन (88) ने साफ किया था कि राज्यपाल पद संभालने में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह संवैधानिक पद है और कोई शक्ति नहीं है और वह ऐसे पद पर रहकर राज्य के लिए कोई सकारात्मक योगदान नहीं दे पाएंगे।

### अनुराग और तापसी के घर छापेमारी गलत: तेजस्वी यादव

**पटना।** राजद अध्यक्ष और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने फिल्म निमार्ता अनुराग कश्यप और तापसी पन्नू के घर और दफ्तर में पड़े इनकम टैक्स के छापे को गलत बताया है। तेजस्वी यादव ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों सीबीआई, ईडी, आईटी का इस्तेमाल करती हैं। अपने विरोधियों को डराने के लिए सरकार इन एजेंसियों का भय दिखाती हैं। अपने लाभ के लिए किसी के खिलाफ इन एजेंसियों का इस्तेमाल करना राजनीतिक प्रतिशोध है।

सरकार अपने खिलाफ आवाज नहीं सुनना चाहती और इन एजेंसियों का इस्तेमाल हमेशा अपने दुश्मनों के खिलाफ करती है। सरकार ऐसा करके एजेंसियों की साख खराब करने का काम कर रही है। आज बॉलीवुड फिल्ममेकर अनुराग कश्यप, अभिनेत्री तापसी पन्नू, फिल्म निमार्ता मधु मंटेना और निदेशक विकास बहल के घरों और दफ्तर में आयकर विभाग ने छापेमारी की1 इस छापेमारी में फिल्म निमार्ता अनुराग कश्यप से उनके घर पर 11 घंटे तक अधिकारियों ने पूछताछ की।

## बंगाल में चुनाव नहीं लड़ेगी शिवसेना: संजय राउत

### ममता को बताया शेरनी; दिया समर्थन

**मुंबई।** शिवसेना ने फैसला किया है कि वह पश्चिम बंगाल में चुनाव नही लड़ेगी। शिवसेना नेता संजय राउत ने एक ट्वीट में बताया कि पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के साथ चर्चा के बाद ये अहम निर्णय लिया गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बंगाल की शेरनी बताते हुए संजय राउत ने लिखा है शिवसेना एकजुटता से उनके साथ खड़ी है। शिवसेना नेता संजय राउत ने ट्वीट में लिखा है कि शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के साथ इस मामले पर हुई अहम बैठक में ये महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। परिदृश्य को देखते हुए साफ हो चुका है कि पश्चिम बंगाल में दीदी बनाम सभी की लड़ाई है। सभी विरोधी पार्टियां 'एम' मनी, मसल और मीडिया को 'एम' ममता दीदी के खिलाफ इस्तेमाल कर रहे हैं। इसे देखते हुए शिवसेना ने निर्णय लिया है कि वह पश्चिम बंगाल में चुनाव नहीं लड़ेगी।



शिवसेना नेता संजय राउत ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तारीफ करते हुए लिखा कि हमें यकीन है कि सही मायनों में वह बंगाल की शेरनी हैं। शिवसेना इस लड़ाई में ममता दीदी के साथ है। हम उनकी बड़ी सफलता की आशा करते हैं।

गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने बीते शुक्रवार (27 फरवरी) को विधानसभा चुनावों की तिथियों का एलान किया। चुनाव आयोग के अनुसार 27 मार्च से मतदान शुरू होकर 29 अप्रैल तक चलेगा जबकि मतगणना 2 मई को की जाएगी। बता दें पश्चिम बंगाल में आठ चरणों में चुनाव संपन्न होगा। आयोग के अनुसार वोटिंग 27 मार्च, 1 अप्रैल, 6अप्रैल, 10 अप्रैल, 17 अप्रैल, 22 अप्रैल, 26 अप्रैल और 29 अप्रैल को होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दुनिया में सबसे अधिक चुनौतियों का सामना कर रही भारतीय सेना

नई दिल्ली। चीफ आफ डिफेंस स्टॉफ जनरल बिपिन रावत कहा कि भारतीय सेना दुनिया की किसी भी अन्य सेना की तुलना में अधिक चुनौतियों का सामना कर रही है। इसलिए रक्षा क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार की आवश्यकता है और युद्ध के स्पेक्ट्रम को पूरा करने के लिए अन्य देश क्या परिवर्तन लेकर आए हैं, उसका अध्ययन करने की जरूरत है। उन्होंने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा कि 20वीं शताब्दी में सूचना समावेश और तकनीकी विकास के कारण युद्ध के चरित्र और प्रकृति में गहरा परिवर्तन देखा गया है। सीडीएस रावत ने आगे कहा कि कि नए उपकरण और रणनीति को लोगों से तेजी से जोड़ने के लिए नियोजित किया जा सकता है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। भारत एक जटिल सुरक्षा और चुनौतीपूर्ण वातावरण का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति, उच्च रक्षा रणनीतिक मार्गदर्शन, उच्च रक्षा और संचालन संगठनों में संरचनात्मक सुधारों को परिभाषित करना कुछ ऐसे महत्वपूर्ण कदम हैं, जो हमें उठाने की आवश्यक्ता है। ऑसीडीएस रावत ने यह भी कहा कि सेना में अलग-अलग स्तरों पर बदलाव लाने की जरूरत है। इसमें राजनीतिक-सैन्य, रणनीतिक संचालन और सामरिक स्तर शामिल हैं। परिवर्तन के मुख्य आधार पद संरचना, प्रौद्योगिकी, जीविका और तत्परता हैं। उन्होंने आगे कहा कि परमाणु युद्ध के तहत पारंपरिक युद्धों या सीमित युद्धों के लिए संगठनात्मक संरचान पहले से मौजूद है, लेकिन उन्हेंने री-मॉडल, री-इक्विप्ड और री- ओरिएंटेड करने की आवश्यक्ता है, तकि आवश्यक लचीलेपन के साथ डिजीटल युद्ध क्षेत्र में संयुक्त लड़ाई लड़ी जा सके।

### खुर्शीद ने 'जी23' नेताओं से पूछा- क्या वह पाला बदलने का कर रहे विचार

नई दिल्ली। कांग्रेस में नेतृत्व को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सलमान खुर्शीद ने 'जी23' के नेताओं को 'खुला पत्र' लिखकर पूछा है कि क्या वह पाला बदलने का विचार कर रहे हैं। इसके साथ ही खुर्शीद ने असंतुष्ट नेताओं से प्रश्न किया कि जिस सीढ़ी पर चढ़कर वे जिंदगी के सबसे ऊंचे मुकाम पर पहुंचे हैं, क्या उसे गिराना सही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री खुर्शीद ने उक्त नेताओं से कहा है कि उन्हें वर्तमान में सही स्थान तलाशने की बजाय इस पर चिंतन करना चाहिए कि इतिहास उन्हें कैसे याद रखेगा। जम्मू में गुलाम नबी आजाद के नेतृत्व में समूह 23 के नेताओं द्वारा सार्वजनिक तौर पर आक्रोश का प्रदर्शन करने के बाद खुर्शीद का यह बयान आया है। उन्होंने कहा कि असंतुष्ट नेताओं को इस पर चिंता करने की बजाय कि उन्हें क्या मिला, कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ मिलकर देश के सामान्य कार्यकर्ता को दिखाना चाहिए कि वर्तमान में अंधेरे से निकलकर रोशनी में कैसे पहुंचना है। खुर्शीद ने कहा कि बलिदान के साथ सफलता मिलेगी ही यह जरूरी नहीं होता।

### आयुध निमार्णियों को सशक्त बनाने राजनाथ ने की उच्च स्तरीय बैठक

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की सुरक्षा तंत्र को मजबूती प्रदान करने वाली आयुध निमार्णियों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी संभावित कदमों का पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह बैठक सरकार द्वारा आयुध निमार्णी बोर्ड (ओएफबी) को 100 प्रतिशत सरकारी स्वामित्व वाली कॉरपोरेट संस्थाओं में बदलने के फैसले के बीच हुई है। ओएफबी रक्षा मंत्रालय के तहत एक इकाई है और यह तीनों सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों को महत्वपूर्ण हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति करती है। रक्षा से संबंधित मुद्दों पर निर्णय लेने वाले देश के शीर्ष निकाय रक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने पिछले वर्ष जुलाई में हुई बैठक में ओएफबी को एक या एक से अधिक 100 प्रतिशत सरकारी स्वामित्व वाली कॉर्पोरेट संस्थाओं में बदलने की मंजूरी दी थी। रक्षा क्षेत्र में केंद्रीय बजट के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन पर पिछले सप्ताह आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, 'आजादी से पहले, हमारे पास सैकड़ों आयुध कारखाने थे। दोनों विश्व युद्धों में बड़े पैमाने पर हथियार भारत से निर्यात किये गए लेकिन विभिन्न कारणों से, इस प्रणाली को उतना मजबूत नहीं किया गया जितना आजादी के बाद होना चाहिए था।' मोदी ने कहा था, 'हालत ऐसे हैं कि छोटे हथियारों के लिए भी हमें दूसरे राष्ट्रों की ओर देखना होगा। भारत सबसे बड़े रक्षा आयातकों में से है और यह गर्व की बात नहीं है।

## EPFO ने नहीं घटाई PF की ब्याज दरें, 2020-21 में भी प्रोविडेंट फंड पर मिलता रहेगा 8.5% ब्याज

मुंबई। PF के दायरे में आने वाले देश के करीब 6 करोड़ कर्मचारियों के लिए राहत की खबर है। इंप्लॉयीज प्रोविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। यानी आपको 8.5% की दर से ब्याज मिलता रहेगा। 2019-20 में भी ब्याज दर 8.5% ही थी। पहले आशंका जताई जा रही थी कि कि PF पर ब्याज दरें घटा दी जाएंगी, लेकिन आज EPFO की सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की मीटिंग में ब्याज दरों को बरकरार रखने का फैसला किया गया है।




#### पिछले 7 साल से निचले स्तर पर ब्याज दरें

पिछले साल मार्च में PF पर ब्याज दर सात साल के निचले स्तर पर पहुंच गई थी। उस समय 2019-20 के लिए PF पर 8.5% की ब्याज की घोषणा की गई थी। यह ब्याज दर 2018-19 में 8.65%, 2016-17 में 8.65% और 2017-18 में 8.55% थी।

#### 1952 में PF पर 3% ब्याज दिए जाने की शुरूआत हुई थी


1952 में PF पर ब्याज दर केवल 3% थी। हालांकि, उसके बाद इसमें बढ़त होती गई। पहली बार 1972 में यह 6% के ऊपर पहुंची। 1984 में यह पहली बार 10% के ऊपर पहुंची। PF धारकों के लिए सबसे अच्छा समय 1989 से 1999 तक था। इस दौरान PF पर 12% ब्याज मिलता था। इसके बाद ब्याज दर में गिरावट आनी शुरू हो गई। 1999 के बाद ब्याज दर कभी भी 10% के करीब नहीं पहुंची। 2001 के बाद से यह 9.50% के नीचे ही रही है। पिछले सात सालों से यह 8.50% या उससे कम रही है।

#### 80.40 लाख नए लोग PF से जुड़े

दिसंबर तिमाही के आंकड़ों के मुताबिक, कुल 80.40 लाख नए सदस्य EPFO से जुड़े थे। इसी दौरान 29.47 लाख सदस्य निकल गए थे। निकले हुए मेंबर्स में से बाद में 7.44 लाख फिर जुड़ गए थे। देश में 6.44 करोड़ लोग PF के दायरे में हैं। नियम के मुताबिक, वो कंपनियां जिनके पास 20 या इससे ज्यादा लोग काम करते हैं और जिनकी सैलरी 15 हजार रुपए तक होती है, उनको PF लागू करना होता है।

- पहली बार 1972 में यह 6% के ऊपर पहुंची। 1984 में यह पहली बार 10% के ऊपर पहुंची। PF धारकों के लिए सबसे अच्छा समय 1989 से 1999 तक था। इस दौरान PF पर 12% ब्याज मिलता था।

## पत्रकार कोविड-19 का टीका अवश्य ले: अध्यक्ष अनूप चौधरी



» स्वतंत्र सिंह भुल्लर

नई दिल्ली। वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप चौधरी ने कोविड-19 टीकाकरण का पहला डोज लिया। श्री चौधरी ने सभी पत्रकारों का आह्वान किया की बिना किसी संशय के कोरोना का टीका अवश्य लें। इसके बारे में तरह-तरह की भ्रांतियां सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही है। परंतु यह पूरी तरह सुरक्षित है। वैज्ञानिकों ने पूरे शोध के बाद यह वैक्सिंग तैयार किया है। वैक्सिंग पर हो रही राजनीति पूरी तरह निराधार है। श्री चौधरी ने कहा कि कोरोना महामारी से निपटने के लिए इसका टीका लेना राष्ट्रहित में आवश्यक है। उन्होंने विशेषकर पत्रकारों से आग्रह किया कि चुकि वह समाज के सीधा संपर्क में रहते हैं। इसलिए अपनी बारी आने पर टीका ले। यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है तथा इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है।


## किसान आंदोलन: केएमपी जाम करने की तैयारी शुरू, सिंघु बॉर्डर पर पहुंचे प्रदर्शनकारी

**नई दिल्ली।** नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे किसानों को 6 मार्च को यहां बैठे 100 दिन पूरे होने वाले हैं। ऐसे में अब किसान सरकार पर दबाव बनाने के लिए एक बार फिर से अन्नदाता कि ताकत दिखाने जा रहे हैं। किसानों ने ऐलान कि या है कि वो 6 मार्च को केएमपी एक्सप्रेसवे को जाम करेंगे। अब किसान इसी की तैयारी में जुटे हुए हैं। सिंघु बॉर्डर पर किसानों के समर्थन में पंजाब के सरहिंद से युवाओं का दल पहुंचा है।

वहीं दूसरी ओर टीकरी बॉर्डर पर स्टेज को बढ़ाया जा रहा है। गर्मी से बचाव के लिए 200 फुट का एक पंडाल भी तैयार किया जा रहा है। आज से ही इस पर काम शुरू हो चुका है। इतना ही नहीं किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कूलर और पंखों की व्यवस्था की जा रही है। वहीं अब प्रदर्शन स्थल पर उवनके लिए जूस और अन्य ठंडे पेय पदार्थों का इंतजाम किया जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर पंजाब में भी ट्रैक्टर ट्रॉलियों को दिल्ली में लाने के लिए तैयार किया जा रहा है। ये ट्रैक्टर ट्रौली पूरी तरह से सुविधाओं से लैस होंगी। इसमें सोने के लिए गद्दों का इंतजाम, गर्मी से बचने के लिए पंखे और मच्छरों से बचने के लिए मच्छर भगाने की मशीने लगाई गई हैं। किसान लंबे आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। पहले से ही किसानों ने सरकार को अपनी मांगे मानने के लिए अक्टूबर तक का अल्टीमेटम दिया हुआ है। ऐसे में गर्मी से बचाव के लिए अब तैयारी की जा रही है।


इसके अलावा 8 मार्च को महिला किसान दिवस मनाया जाएगा और सभी धरने महिलाएं संभालेंगी। मंच प्रबंधन करेंगी और वक्ता होंगी। मोर्चा ने कहा कि 8 मार्च को महिला संगठनों व अन्य लोगों को आमंत्रित किया गया ताकी वह किसान आंदोलन के समर्थन में इस तरह के कार्यक्रम करें और देश में महिला किसानों के योगदान को उजागर करें।



आनंद महिंद्र ने हाथी की पैंट-शर्ट और बेल्ट पहने एक तस्वीर ट्विटर पर पोस्ट की है जिसे उन्होंने एलीफेंट की जगह एली-पेंट नाम दिया है।

## महाराष्ट्र फिर बढ़ा कोरोना का प्रकोप, 24 घंटे में 10 हजार नए मामले, केरल में भी कहर तेज

**नई दिल्ली।** महामारी कोरोना के जानलेवा वायरस ने एर बार फिर महाराष्ट्र में अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है यहां के मामले भयभीत करने वाले हैं। 24 घंटे में 9,855 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 42 लोगों ने राज्य में कोरोना से जान गंवा दी। राज्य में कुछ दिनों से 8 हजार मामले रोज आ रहे थे लेकिन अब ये 10 हजार के करीब पहुंच गए हैं। महाराष्ट्र के अमरावती में संत गाडगे बाबा विश्वविद्यालय में 56 कर्मचारियों को कोरोना हो गया। वहीं, 13 कर्मचारियों का परिवार भी चपेट में आ गया है। इसके अलावा वर्धा में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में भी कोरोना के मामले सामने आए हैं जहां 21 छात्र पॉजिटिव मिले।



महाराष्ट्र में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 9,855 नए मामले सामने आए जिसके बाद कुल मामले बढ़कर 21,79,185 हो गए। साथ ही 42 और मरीजों की मौत के साथ राज्य में मृतकों की संख्या 52,280 पर पहुंच गई। महाराष्ट्र में अब तक कोविड-19 के 20,43,349 मरीज ठीक हो चुके हैं। अभी राज्य में 82,343 मरीज उपचाराधीन हैं। राजधानी मुंबई में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 1,121 नए मामले सामने आए। इसके साथ ही शहर में कुल मामले बढ़कर 3,28,742 हो गए।

मुंबई में कोविड-19 से 6 और मरीजों की मौत हो गई। लगातार बढ़ रहे मामलों को लेकर प्रशासन भी सतर्क है और लगातार कार्रवाई भी हो रही है। पिछले 13 दिनों में मुंबई पुलिस ने 58 हजार से ज्यादा लोगों पर मास्क न पहनने को लेकर कार्रवाई की है। मुंबई पुलिस के प्रवक्ता एस. चैतन्य के मुताबिक अब तक मुंबई पुलिस ने 1,16,00,000 रुपये से ज्यादा का जुमार्ना वसूला है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना से कोई मौत नहीं हुई है। इधर राजधानी दिल्ली में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 240 नए मामले सामने आए। इस दौरान राज्य में 3 मौतें दर्ज की गई और 196 लोग डिस्चार्ज हुए।

केरल में पिछले 24 घंटों में 2,765 नए कोरोना मामले दर्ज किए गए हैं और 4,031 मरीज ठीक हुए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक केरल में कुल सक्रिय मामले 45,995 हैं, वहीं 10,16,515 कोरोना मरीज ठीक हो चुके हैं। राजस्थान में पिछले 24 घंटों में 215 नए कोरोना मामले दर्ज हुए और 85 मरीजों की रिकवरी दर्ज की गई।

## सुरंग के जरिए संसद पहुंच सकेंगे पीएम और उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति के संसद से निकलने वाले काफिले से अब जनता को परेशानी नहीं होगी। नई बन रही संसद में ऐसी सुरंगें बनाई जा रही हैं, जो अंडरग्राउंड रास्तों से ही पीएम आवास और उपराष्ट्रपति के घर तक जाएंगी। इसे आम लोगों को रास्तों पर वीवीआईपी मूवमेंट के चलते परेशानी नहीं होगी और संसद के बाहर ट्रैफिक की आवाजाही सामान्य रूप से जारी रह सकेगी। इन सुरंगों को बनाने का सीधा अर्थ यह है कि पीएम और उपराष्ट्रपति जैसी हस्तियों का काफिला ट्रैफिक को बाधित न करे और उनकी संसद में आवाजाही में सुनिश्चित हो सके। इन सुरंगों के पीछे का कॉन्सेप्ट है कि अगर वीआईपी मूवमेंट संसद से अलग होंगे तो आम आवाजाही में कम व्यवधान होंगे। सुरंगों के पीछे की अवधारणा काफी सरल है: यदि वीआईपी मूवमेंट संसद से अलग होगी तो कम रुकावटों के साथ वे नई संसद के परिसर में अंदर और बाहर जा सकेंगे। सेंट्रल विस्टा की निर्माण योजना के अनुसार नया पीएम आवास और पीएमओ साउथ ब्लॉक की तरफ आएगा। नए वीपी चैंबर नोर्थ ब्लॉक में होंगे और इसके अलावा सांसदों के चैंबर उस तरफ होंगे जहां ट्रांसपोर्ट और श्रम शक्ति भवन हैं। क्यकि इनका इस्तेमाल विशेष रूप से कुछ लोगों द्वारा ही किया जाएगा। बताया गया है कि चूंकि ये छोटे खंड है ऐसे में संसद तक पहुंचने के लिए गोल्फ कोर्ट का इस्तेमाल किया जा सकता है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# साकेत कोर्ट में बार एसोसिएशन के चुनाव में रणधीर कुमार लाल सचिव पद के दावेदार

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। साकेत कोर्ट में बार एसोसिएशन के इलेक्शन के लिए रणधीर कुमार लाल ने सचिव पद के लिए नॉमिनेशन फाइल किया और साथ ही अधिवक्ताओं के वेलफेयर फंड में 1 लाख एडवोकेट के वेलफेयर के लिए बार एसोसिएशन को डोनेट किया। उन्होंने अधिवक्ताओं को हो रही समस्याओं पर भी चर्चा की और कहा कि जो भी अधिवक्ता बाहर खड़े होकर के क्लाइंट से बात करते हैं उन्हें बैठने के लिए जगह दी जाएगी।बार और बेंच का कोआर्डिनेशन बिल्कुल ट्रांसपेरेंट रहेगा जिसमें सभी को यह जानने का हक होगा कि अधिवक्ताओं के लिए कौन-कौन सी नई योजना लाई जा रही है। अधिवक्ताओं के वेलफेयर के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं और उन्होंने कहा की हम अगर सचिव पद पर जीत के आते हैं तो जितने भी अधिवक्ता भाइयों का सब्सक्रिप्शन बचा हुआ है वह 1 साल का सारा माफ कर दिया जाएगा। बार और बेंच को बेहतर बनाने के लिए कई सारे महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे जो कि पिछले कई वर्षों से चुनाव नहीं होने के कारण बार काउंसिल भ्रष्टाचार में लिप्त हो गया है जिसे भ्रष्टाचारियों के हाथों से निकाल कर स्वच्छ और साफ बनाने के लिए अच्छे लोगों का बार में चुनकर आना बहुत जरूरी है। जोकि अधिवक्ताओं के बीच का व्यक्ति हो और अधिवक्ताओं के अधिकार के लिए हमेशा उनके साथ खड़ा हो।

## केंद्र सरकार ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई को अपनी उंगलियों पर नचाती है

**नई दिल्ली।** फिल्म निमार्ता अनुराग कश्यप और अभिनेत्री तापसी पन्नू कई फिल्मी सितारों के दफ्तरों और घरों पर इनकम टैक्स की रेड को लेकर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला किया है। कांग्रेस नेता ने कुछ मुहावरे शेयर करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई को अपनी उंगलियों पर नचाती है।

राहुल गांधी ने ट्वीट में कहा, ह्लकुछ मुहावरेः भीगी बिल्ली बनना- केंद्र सरकार के सामने मित्र मीडिया। खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे- जैसे केंद्र सरकार किसान-समर्थकों पर रेड कराती है। हर मुहावरे को राहुल गांधी ने सरकार के कामों से जोड़कर बताया है। उंगलिया पर नचाने को लेकर उन्होंने कहा कि जैसे सरकार इनकम टैक्स विभाग, सीबीआई और ईडी को अपनी उंगलियों पर नचा रही है।

# क्राइम फ्री इंडिया की बैठक में कहा रोजगार पर पहला हक स्थानियों का

» अजय प्रताप सिंह



नोएडा। स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा देश के विभिन्न हिस्सों में छाया ही रहता है। बात चाहे दिल्ली या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हो या कोलकाता अथवा मुम्बई की, सभी जगहों के स्थानीय लोगों की यह शिकायत रहती है कि उनके रोजगार पर बाहरियों ने कब्जा कर लिया है। इस नाराजगी पर राजनीति न हो संभव ही नहीं। वरन देखने में तो यह आता है कि इस नाराजगी की आंच में राजनीतिक अपनी रोटी खूब सकते हैं। वहीं दूसरा पहलू यह भी है कि जो संसदीय या विधानसभा क्षेत्र एक जमाने में स्थानीय लोगों के प्रभुत्व में रहते थे, अब उनपर बाहरियों का कब्जा हो गया है परिणामस्वरूप स्थानीय लोगों को राजनीति के क्षेत्र में अपनी पहचान और संस्कृति तक खतरे में पड गयीं हैं। दिल्ली के लगभग सभी संसदीय या विधानसभा क्षेत्र अब बाहरियों के राजनीतिक प्रभुत्व तले आ गये हैं।वहीं नोएडा की हालत भी ठीक दिल्ली सरीखी हो गयी है। जहां यहां का मतदाता अब बाहरियों के प्रभुत्व और रहमोकरम पर निर्भर हो गया है। एक जमाने में नोएडा देश में गुर्जरों की राजधानी के नाम से विख्यात था। यहां का मुख्य मतदाता गुर्जर जाति के लोग हुआ करते थे। लेकिन समय के साथ देश के विभिन्न हिस्सों से काम की तलाश में बाहरी लोगों का यहां पहले आगमन और फिर यहीं का हो जाने के कारण वे लोग यहां बहुसंख्यक और गुर्जर अलग थलग होकर रह गए। दूसरी उनकी पीडा उनके युवाओं को यहां की कंपनियों में काम नहीं मिलने की है जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का मौलिक प्रश्न तो उठ खड़ा ही हुआ, पहचान और राजनीतिक ताकत के समाप्त होने का भी बन गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में गुरु तेगबहादुर जी का संग्रहालय बनेः आदेश गुप्ता

नई दिल्ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने श्री गुरु तेग बहादुर जी का 400वां प्रकाश उत्सव देशभर में धूमधाम से कैसे मनाया जाए, इसके लिए सिख संगत से मिले सुझावों को केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी को सौंपा है। इन सुझावों में दिल्ली में श्री गुरु तेग बहादुर के नाम पर एक संग्रहालय बनाने, संसद में उनका चित्र लगाने और चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन का नाम श्री गुरु तेग बहादुर के नाम पर रखे जाने के सुझाव शामिल हैं। आदेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा के माध्यम से मिले इन हजारों सुझावों के आधार पर केन्द्र सरकार देश और दिल्ली में गुरु प्रकाश उत्सव धूमधाम से आगामी एक अप्रैल को मनायेगी।

### भारत की बेरोजगारी दर कोविड से पहले वाले स्तर पर पहुंची

नई दिल्ली। भारत की बेरोजगारी दर घटकर फिर से कोविड से पहले वाले स्तर पर आ गई है। फरवरी 2021 में देश में बेरोजगारी दर 6.9 प्रतिशत रही, जबकि फरवरी 2020 में यह 7.8 प्रतिशत रही थी।इसकी जानकारी सेंटर ऑफ मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के साप्ताहिक आंकड़े से सामने आई है। लेकिन यह डेटा जश्न मनाने वाली बात नहीं है।इसकी प्रमुख वजह है। सीएमआईई के अनुसार, प्री-लॉकडाउन लेवल पर बेरोजगारी दर की वापसी जश्न मनाने लायक नहीं है,क्योंकि यह बेरोजगारों की गिनती में गिरावट की तुलना में कम होती लेबर फोर्स अधिक दिखा रही है। सीएमआईई का कहना है कि लेबर फोर्स का पार्टीसिपेशन रेट और एम्प्लॉयमेंट रेट लॉकडाउन से पहले के स्तर से काफी कम बना हुआ है, जो दशार्ता है कि लेबर मार्केट में जॉब की कमी है और लेबर इससे कूच कर गई है। सीएमआईई के आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी 2021 में लेबर पार्टीसिपेशन रेट 40.5 प्रतिशत था। जनवरी 2021 में यह 40.6 प्रतिशत और फरवरी 2020 में 42.6 प्रतिशत था। भारत में रोजगार दर फरवरी 2021 में घटकर 37.7 प्रतिशत रह गई, जबकि 2019-20 में यह 39.4 प्रतिशत पर थी। आंकड़ों में कहा गया कि पिछले तीन वर्षों से रोजगार दर में गिरावट जारी है। हालांकि, यह दर वित्त वर्ष 2020-21 में पहले की गिरावट से उबर गई है। सीएमआईई ने कहा कि इस अवधि में नौकरी करने वालों की गिनती में काफी तेजी से गिरावट आई है।

### 1.66 करोड़ लोगो को लगी कोविड वैक्सीन की खुराक

नई दिल्ली। महाराष्ट्र, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, गुजरात और कर्नाटक में लगातार कोविड के दैनिक नए मामलों में बढोतरी जारी है। पिछले 24 घंटों में दर्ज किए गए कुल नए मामलों में इन राज्यों का योगदान 85.51 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में 17,407 नए मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में सबसे अधिक 9,855 नए मामलों का पता चला है। 18 अक्टूबर के बाद महाराष्ट्र में एक दिन में दर्ज की गई कोविड संक्रमित रोगियों की यह सबसे बड़ी संख्या है। 18 अक्टूबर को राज्य में 10,259 नए मामले सामने आए थे। कल केरल में 2,765 जबकि पंजाब में 772 नए मामले सामने आए हैं। आज भारत में कुल सक्रिय मामलों की संख्या 1,73,413 हो गई है। भारत में मौजूदा सक्रिय मामलों की कुल संख्या अब देश के कुल संक्रमित मामलों की केवल 1.55 प्रतिशत है। महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और मध्य प्रदेश में सक्रिय मामलों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में आए बदलाव को दशार्ता है। केरल, उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार और असम में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में कमी आई है।

# बुराडी में फिर से जेई-बेलदारों की मिलीभगत जोरों पर, अवैध निर्माण है जारी

» संध्या कुमारी



नई दिल्ली। जो काम कुछ दिनों के लिए रूका हुआ मान लिया गया था, वह दोबारा से शुरू हो गया है। दिल्ली नगर निगम के भवन निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर और असिस्टेंट इंजीनियर बेलदारों के जरिए बुराडी क्षेत्र में अवैध निर्माण को बढावा दे रहे हैं। यह कहने की जरूरत नहीं है कि विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों की उगाही इन्हीं बेलदारों के जरिए होती है। विधानसभा का कोई भी कालोनी शायद ही बचा हो, जहां इनकी मिलीभगत से निर्माण कार्य न चल रहा हो। बता दें कि गुरुवार को उत्तरी दिल्ली नगर निगम का एक दस्ता बुराडी थाना पहुंचा। उसे कुछ इलाकों में अवैध निर्माण की सूचना मिली थी और उसके खिलाफ कार्रवाई करनी थी। भवन निर्माण विभाग के जेई और एई थाना में पुलिस अधिकारी से मिले। कुछ समय वहां बिताया। पुलिसकर्मियों से बात की। उसी दौरान वहां क्षेत्र में काम करने वाला बेलदार राजेश भी इन्हीं जेई और एई के साथ देखा गया। कुछ ही मिनटों में वह पुलिस वालों से भी बतियाता हुआ दिखा। कुछ देर बात नगर निगम के अधिकारी और पुलिस को लेकर बेलदार उपकार कालोनी के 100 फुटा रोड जाते हैं। वहां हो रहे कई अवैध निर्माण को देखा। उसके मालिकों से बात की। कुछ देर बात बिना किसी कार्रवाई के वापस लौट गए। इसके बाद वहां के कुछ लोगों ने आपसी बातचीत में यह शंका भी जाहिर की कि आखिर जब निगम का दस्ता कार्रवाई करने आया, तो चुपचाप क्या करके वापस हो लिया ? जब हमने इस क्षेत्र में अवैध निर्माण के अन्य स्थलों की जानकारी हासिल की, तो पता चला कि और तो और, बुराडी पुलिस थाने के सामने भी अवैध निर्माण और प्लाटिंग का काम हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि यहां सरकारी जमीन पर भी कुछ बिल्डरों ने कब्जा कर लिया है और वहां प्लाटिंग कर लिया है। बताया जाता है कि थाने के सामने झाडौदा डेयरी के सडक किनारे मनीष ने 180 गज और रामकुमार ने 350 गज अपने नाम कराया है। सूत्रों ने यह भी बताया इन लोगों ने यहां के 15 फुट के रास्ते को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

# मुख्तार अंसारी को उत्तर प्रदेश नहीं भेजा जाएगा



**नई दिल्ली।** पंजाब सरकार और गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार को उन्हें रूपनगर जेल से उत्तर प्रदेश के बांदा जेल में स्थानांतरित करने की मांग करने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर पंजाब सरकार और रूपनगर जेल प्राधिकरण को निर्देश देने की मांग की कि मऊ के विधायक अंसारी की हिरासत जल्द से जल्द जिला जेल बांदा को सौंपी जाए। न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति आरएस रेड्डी की पीठ ने कहा कि वह उत्तर प्रदेश सरकार और अंसारी की याचिका पर फैसला सुनाएगी।

अंसारी ने अपने खिलाफ मामलों को उत्तर प्रदेश के बाहर स्थानांतरित करने की मांग की है। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने जेल नियमों का हवाला दिया और कहा कि भले ही राज्य के पास मौलिक अधिकार नहीं है, लेकिन वह मुद्दे और पीड़ितों के अधिकारों का समर्थन कर सकता है और पीड़ित की भूमिका ले सकता है। उन्होंने कहा कि यह कहना कि राज्य के पास मूलभूत अधिकार नहीं हैं, गलत है क्योंकि राज्य हमेशा पीड़ित और समाज की भूमिका का निर्वहन कर सकता है। मेहता ने कहा कि अंसारी ने जेल नियमों का उल्लंघन किया और पीड़ितों के अधिकार तथा राज्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है और आरोपी को निष्पक्ष सुनवाई बाधित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

अंसारी की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि विपक्ष की एक पार्टी से जुड़े होने के कारण उसको निशाना बनाया जा रहा है। रोहतगी ने कहा कि अंसारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न अदालतों में पेश हो रहे हैं और 'बकवास तर्क' दिए जा रहे हैं कि सुनवाई बाधित हो रही है। उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं उत्तर प्रदेश से बाहर मामलों को स्थानांतरित करने का अनुरोध करता हूं।

## कृषि व ग्रामीण क्षेत्र की मजबूती व प्रगति पर सरकार का फोकसः कृषिमंत्री तोमर



**नई दिल्ली।** एशिया पैसिफिक रूरल एंड एग्रीकल्चर क्रेडिट एसोसिएशन (अप्राका) और राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण बैंक (नाबार्ड) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'क्षेत्रीय नीति फोरम' की बैठक का उद्घाटन गुरूवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, पंचायत राज तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किया। मंत्री तोमर ने कहा कि कृषि व ग्रामीण क्षेत्र की मजबूती व प्रगति पर भारत सरकार का पूरा फोकस है। इसके लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं व कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जो छोटे किसानों के लिए काफी लाभकारी हैं। अप्राका 24 देशों का संघ है,जिसमें इन देशों के केंद्रीय बैंक, नियामक प्राधिकरण, एआरडीबी, सहकारी बैंक महासंघ, वाणिज्यिक बैंक, कृषि वित्त से जुड़ी सरकारी एजेंसियां आदि 87 संस्थाएं सदस्य है।

अप्राका का उद्देश्य विभिन्न विकासात्मक बैंकों, केंद्रीय बैंकों, कृषि व ग्रामीण विकास से जुड़ी अन्य एजेंसियों में कृषि को बढ़ावा देने के लिए बेहतर समझ, क्रॉस लर्निंग व सहयोग विकसित करना हैं। 'क्षेत्रीय नीति फोरम' का विषय 'कृषि व्यवसाय क्लस्टरों को बढ़ावा देने और ऋण बढ़ोतरी के साधनों के लिए विकास सहयोग' रहा। फोरम में दो उप विषय थे- 'लघु किसानों का समूहीकरण और कृषि विकास में इसकी भूमिका' तथा गारंटी तंत्रः किसानों के समूहों और मूल्य श्रृंखला की अन्य एजेंसियों के लिए क्रेडिट संवर्धन समाधान। इन पर वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। तोमर ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था कृषि व गांव आधारित है, जिसकी तरक्की के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कोशिशें कर रहे हैं। हम भली-भांति जानते हैं कि जब तक गांवों में रोजगार व पैसा नहीं होगा, तब तक कृषि आगे नहीं बढ़ेगी।

# उप चुनाव के आधार पर भाजपा को एमसीडी से इस्तीफा दे देना चाहिएः दुर्गेश पाठक




**नई दिल्ली।** दिल्ली एमसीडी के अंदर 5 सीटों पर हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने 4 सीटों पर शानदार जीत दर्ज कराई। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक ने इस शानदार जीत पर जनता के स्नेह और विश्वास और अपने कार्यकताओं की मेहनत के लिए सबका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा दिल्ली की जनता ने एमसीडी के पांचों वार्डों से भारतीय जनता पार्टी का सूपड़ा साफ कर दिया। यह जनता का विश्वास था, जिसकी बदौलत भाजपा ने तीनों बार बहुमत के साथ लगभग एकतरफा चुनाव जीता था। लेकिन भाजपा ने जनता के विश्वास को चूर-चूर कर दिया। भाजपा अपनी मुख्य ज़िम्मेदारी में फेल रही और दिल्ली को कूड़े और भ्रष्टाचार से बर्बाद कर दिया। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि उपचुनाव के जो नतीजे सामने आए हैं, उनके आधार पर अब भाजपा को एमसीडी से इस्तीफा दे देना चाहिए। एक नया चुनाव हो, जिसमें दिल्ली की जनता भाजपा को एमसीडी से पूरी तरह से बाहर कर उसे अपने कर्मों का आईना दिखा सके। आम आदमी पार्टी के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने पार्टी मुख्यालय में बुधवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। दुर्गेश पाठक ने कहा कि, आज दिल्ली एमसीडी के अंदर 5 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं, जिसमें दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को अपार समर्थन दिया है। आम आदमी पार्टी ने 5 में से 4 सीटें जीत ली है, जिसके लिए मैं दिल्ली की जनता का दिल से धन्यवाद करना चाहता हूं। इस उपचुनाव में सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि दिल्ली की जनता ने एमसीडी के पांचों वार्डों से भारतीय जनता पार्टी का सूपड़ा साफ कर दिया और उनको लाकर अंडे पर बिठा दिया। मैं इस चुनाव की सफलता के किए आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकताओं को, संगठन के सभी साथियों को, जिला अध्यक्ष को, लोकसभा इंचार्ज और सभी अधिकारियों को हार्दिक बधाई देता हूं और उनकी कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद करता हूं। इन सभी लोगों ने उपचुनाव की तैयारी और प्रचार में दिन-रात एक कर दिए। दुर्गेश पाठक ने कहा, दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को एमसीडी में तीन बार बंपर बहुमत के साथ जिताया था। यह जनता का विश्वास था, जिसकी बदौलत भाजपा ने तीनों बार बहुमत के साथ लगभग एकतरफा चुनाव जीता था। भारतीय जनता पार्टी पिछले 15 सालों से एमसीडी के अंदर शासन में है। इस दौरान उन्होंने दिल्ली को पूरी तरीके से बर्बाद कर दिया। एक तरफ एमसीडी कंगाल होती चली गई तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के पार्षद और नेता दिन प्रतिदिन अमीर होते चले गए। भाजपा की मुख्य ज़िम्मेदारी दिल्ली की स्वच्छता सुनिश्चित करना है, दिल्ली को साफ सुथरा रखना है। लेकिन आज दिल्ली के अंदर एक भी गली नहीं है जो साफ हो। यहां तक कि खुद भाजपा के वीआईपी और बड़े नेता जैसे की आदेश गुप्ता जो भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हैं, उनकी गलियां तक साफ नहीं है।

## वित्तमंत्री सीतारमण ने कोरोना टीके की पहली खुराक ली

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कोविड-19 वैक्सीन की पहली खुराक ली। सीतारमण ने ट्वीट किया,आज सुबह कोविड-19 टीकाकरण के तहत टीके की पहली खुराक ली। उन्होंने नर्स सिस्टर राम्या पीसी को देखभाल और पेशेवर रवैये के लिए धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा,भारत में जन्म लेकर सौभाग्यशाली हूं, जहां टीके का विकास और इसकी उपलब्धता त्वरित व किफायती तरीके से हुई है। सरकार ने घोषणा की थी कि 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोग और 45 वर्ष से अधिक उम्र के वैसे लोग जिन्हें पहले से कोई गंभीर बीमारी है, एक मार्च से टीके की खुराक लगवा सकते हैं।

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन और कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद पहले ही टीके की पहली खुराक ले चुके हैं।

# आज जो नतीजे आए हैं, यह अगले साल होने वाले एमसीडी का चुनाव का आगाज हैः सीएम केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जो सरकार अपने सफाई कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं दे सकती, उसको उसको तो 1 दिन भी सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है, आम जनता यह कह रही है। जनता यह कहना चाह रही है कि हमें ऐसी सरकार नहीं चाहिए, जिसके पास तनख्वाह देने के पैसे नहीं है। पिछले 15 सालों में दिल्ली की जनता ने एमसीडी में क्या देखा। आज मुझसे कोई पूछे कि दिल्ली सरकार ने क्या काम किया? बल्कि दिल्ली की यह जनता से पूछे कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने क्या काम किया। दिल्ली की जनता को छोड़ो, पूरे देश में कहीं जाकर जनता से कोई पूछे, गोवा में चले जाओ, पंजाब चले जाओ, उत्तर प्रदेश में चले जाओ, कहीं पर भी चले जाओ और पूछा कि दिल्ली में केजरीवाल ने क्या काम किया? पूरे देश की जनता कह रही है कि केजरीवाल सरकार ने बहुत काम किया है। केजरीवाल सरकार ने अस्पताल ठीक कर दिए, बिजली फ्री कर दी, पानी ठीक कर दिया, सड़कें बनवा दी। यह सारे देश की जनता कह रही है। वहीं, जनता से पूछो कि 15 साल में नगर निगम में बीजेपी ने क्या किया? तो ये बीजेपी वाले एक काम भी नहीं गिना सकते हैं। उन्होंने सिर्फ चोरी की, भ्रष्टाचार किया, दिल्ली में कूड़ा फैलाया, गंदगी फैलाई। यह जनता को पसंद नहीं है। जनता अब एमसीडी के अंदर बदलाव चाहती है। जनता चाहती है कि जैसा काम दिल्ली सरकार कर रही है, वैसा काम अब एमसीडी में भी होना चाहिए। यह जो इन्होंने हिंसा की राजनीति की, डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के घर में घुसकर जिस तरह से तोड़फोड़ की, यह जनता देखती है। जनता कहती है कि काम करो, तुम्हें काम करने के लिए वोट दिए थे। डिप्टी सीएम के घर में घुसकर तोड़फोड़ करने के लिए वोट नहीं दिए थे। जल बोर्ड के अंदर घुस कर उन्होंने तोड़फोड़ की, यह जनता चुपचाप देख रही है। जब बटन दबाने का समय आता है, उस समय जनता अपना जवाब देती है। जनता को इस तरह की राजनीति पसंद नहीं है। जनता कह रही है कि काम करने के लिए वोट दिया था। हमने जल बोर्ड में तोड़फोड़ करने के लिए वोट नहीं दिया। जनता को इस किस्म की राजनीति पसंद नहीं है। मैं समझता हूं कि आज जो नतीजे आए हैं, शायद यह आगाज है कि अगले साल जब एमसीडी का चुनाव होगा, उसमें भी किस तरह के नतीजे आने वाले हैं।

## आईआईटी नए उभरते तथा महत्वाकांक्षी भारत की छवि का प्रतिनिधित्व करते हैः नायडू

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति एम.वैंकेया नायडू ने कहा है कि तकनीकी कौशल के साथ इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए भावात्मक और सामाजिक कौशल महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन कौशलों से विद्यार्थी तेजी से बदलते विश्व को अपना सकेंगे। आईआईटी तिरुपति के छठे इंस्टिट्यूट दिवस पर आईआईटी तिरुपति के विद्यार्थियों के साथ बताचीत में उप राष्ट्रपति ने उनसे सामाजिक प्रसंग के साथ अपने ज्ञान को जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि विद्यार्थी अपनी नियति तय करेंगे और अपने ज्ञान तथा कौशल से राष्ट्रीय परिवर्तन में योगदान देंगे। नायडू ने प्रौद्योगिक प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विज्ञान और टैक्नोलॉजी को लोगों के जीवन की गुणवत्ता सुधारनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिक प्रगति जारी रखते हुए हमें पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के प्रति सतर्क रहना होगा। उप राष्ट्रपति ने आईआईटी को उभरते और महत्वाकांक्षी भारत की छवि का प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि भारत विश्व समुदाय में अपना उचित स्थान पाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह सपना तभी पूरा होगा जब हम अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार करेंगे। नई शिक्षा नीति को सुविचारित दस्तावेज बताते हुए श्री नायडू ने इस नीति को शीघ्र अमल में लाने में बल दिया।

## एनजीओ का सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध, सीबीआई निदेशक की स्थायी नियुक्ति करवाए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सीबीआई निदेशक की स्थायी नियुक्ति के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। गैर सरकारी संगठन कॉमन कॉज द्वारा दाखिल याचिका में आरोप लगाया गया है, कि ऋषि कुमार शुक्ला का कार्यकाल दो फरवरी को खत्म होने के बाद सरकार दिल्ली विशेष पुलिस संस्थापन (डीएसपीई) कानून की धारा चार ए के तहत स्थायी सीबीआई निदेशक की नियुक्ति करने में नाकाम रही और प्रवीण सिन्हा को अग्रणी जांच एजेंसी का अंतरिम निदेशक नियुक्त किया गया। अधिवक्ता प्रशांत भूषण के जरिए दाखिल याचिका में केंद्र को पद रिक्त होने के कम से कम एक से दो महीने पहले सीबीआई निदेशक के चयन की प्रक्रिया पूरी कर लेने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया, ह्यह्यसीबीआई के निदेशक संस्था में निर्णायक अधिकारी होते हैं। वह सीबीआई में सभी कार्यों का निरीक्षण करते हैं और उन पर मामलों की जांच के लिए टीम गठित करने की जिम्मेदारी भी होती है। इसकारण अदालत और संसद को सीबीआई निदेशक के कामकाज की स्वायत्तता बढ़ाने और इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति के मामले में प्रतिबद्ध होना चाहिए। याचिका में कहा गया कि कानून का शासन कायम रखने और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए कानून के मुताबिक स्थायी सीबीआई निदेशक की नियुक्ति जरूरी है। याचिका में कहा गया कि केंद्र ने सिन्हा को नए निदेशक की नियुक्त होने तक या अगले आदेश तक अंतरिम या कार्यवाहक सीबीआई निदेशक नियुक्त किया है।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम को गुणवत्ता और संवेदनशीलता के साथ संचालित करे: रमाकान्त पाण्डेय

» मदरलैंड संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकान्त पाण्डेय ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वलाम्बन के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को पूर्ण गुणवत्ता और संवेदनशीलता के साथ संचालित करना सुनिश्चित करे ताकि समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति सकारात्मक मानसिक परिवर्तन लाया जाना संभव हो सके। उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्वावलम्बन के लिए माड्यूल डेवलेप कार्यशाला का आयोजन कराना सुनिश्चित करे तथा कार्यशाला में विभिन्न तकनीकी विशेषज्ञों का प्रतिभाग कराते हुए रोजगार परक योजनाओं की समुचित जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करे ताकि महिलाऐ स्वरोजगार कर आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बन सके। जिलाधिकारी विकास भवन के सभागार में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान व स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहे थे। उन्होंने 27फरवरी से 08मार्च, 2021 तक मिशन शक्ति में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपनी-अपनी कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रमों का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करते हुए प्रतिदिन किए गए कार्यो का फोटोग्राफ एवं विवरण दिऐ गये प्रारूप पर समय से भिजवाना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी कामता प्रसाद सिंह, अपर जिलाधिकारी वि/रा अवधेश मिश्र, समस्त उपजिलाधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# इस्माइल कॉलेज में योग प्रतियोगिता का आयोजन

» शकील सैफी



मेरठ। इस्माइल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ में शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग द्वारा योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगी रजनीश त्यागी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ हुमा मसूद विभाग अध्यक्ष डॉक्टर ममता एवं किटी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया योग प्रतियोगिताओं के अंतर्गत छात्राओं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की कार्यशैली को कायम रखने के लिए योगाभ्यास जरूरी है से अवगत कराया जिसमें छात्र जीवन में निपुणता वह सजगता बनी रहती है। योगा एक व्यायाम ही नहीं अपितु एक वैज्ञानिक शैली है कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय की खेलकूद समिति का समस्त प्रवक्ता डॉ शिवाली अग्रवाल डॉक्टर पारुल त्यागी डॉ रीना गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

# नि:शुल्क बनेगा आयुष्मान कार्ड, होगी स्वास्थ्य की जांच

» अवनीश त्यागी

बिजनौर । आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के लाभार्थियों के लिए मार्च में एक खास मौका मिलने जा रहा हैं जिले में 10 मार्च से 24 मार्च तक आयुष्मान पखवाड़े का आयोजन होने जा रहा है, जिसमे आयुष्मान (गोल्डन) कार्ड बनवाने हेतु लाभार्थी को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। इतना ही नहीं मौके पर सेहत के जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी साथ ही अब गोल्डन कार्ड का नाम परिवर्तित करते हुए आयुष्मान कार्ड कर दिया गया हैं पहले आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर पर 30 रुपए देने होते थे। नेशनल हेल्थ अथारिटी तथा कॉमन सर्विस सेंटर ई गर्वेनेंस द्वारा आपसी सहमति के बाद हुए करार के बाद अब आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाया जाना है। सूचीबद्ध किए गए अस्पतालों में इलाज के लिए बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड को अब बिना किसी शुल्क के जेनेरेट किया जाएगा।

डॉ. पी आर नायर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया जिले भर में अब कमजोर वर्ग के लिए यह बहुत बड़ी खुशखबरी है क्योंकि सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कार्ड विहीन परिवारों तक पहुंचने की यह नयी कोशिश है। उन्होंने बताया कि पात्र लाभार्थी परिवारों को आयुष्मान कार्ड नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा हैं एवं उन्हें कॉमन सर्विस सेंटर को कोई शुल्क नहीं देना है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोविड टैस्ट प्रमाण पत्र तथा मास्क के बिना कांवड यात्रा नहीं: जिलाधिकारी

मदरलैंड संवाददाता, बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकांत पाण्डेय ने स्पष्ट करते हुए कहा कि गृह विभाग के निदेर्शों के अनुपालन में कोविड-19 के दृष्टिगत कोई भी व्यक्ति सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा शासन द्वारा प्रमाणित स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा निर्गत स्वास्थ्य परीक्षण, कोविड टैस्ट प्रमाण पत्र तथा मास्क के बिना कांवड यात्रा के लिए हरिद्वार प्रवेश नहीं कर सकेगा। उन्होंने बताया कि उक्त ओदशों के अनुपालन के लिए जिले में स्थापित सभी पुलिस चैकपोस्ट पर पुलिस स्टाफ द्वारा उक्त प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी और बिना प्रमाण पत्र पाए जाने वाले व्यक्ति को कांवड़ यात्रा अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में किसी भी मन्दिर अथवा अन्य स्थानों पर कांवड़ यात्रियों के लिए जलपान कैम्पों का आयोजन भी नहीं किया जाएगा, ताकि किसी भी स्थान पर भीड़ जमा न होने पाए। जिलाधिकारी पाण्डेय स्थानीय विकास भवन सभागार में आगामी त्यौहार शिवरात्रि को पूर्ण रूप से शांतिपूर्वक एवं सुरक्षात्मक रूप सम्पन्न कराने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी कामता प्रसाद सिंह, अपर जिलाधिकारी वि /रा अवधेश मिश्र, समस्त उपजिलाधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### विवाहिता ने युवक पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। गढ नगर के एक मौहल्ले की रहने वाली विवाहिता ने मौहल्ले के ही एक युवक पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गढ कोतवाली क्षेत्र में गढ नगर के एक मौहल्ले में रहने वाली एक विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देते हुऐ बताया कि उसका पति दिल्ली में मजदूरी करता है वह अपनी छोटी बच्ची के साथ अकेली रहती है। मौहल्ले के कुछ शरारती युवक उस पर बुरी नियत रखते है ओर छेडछाड करते है इन युवको में से एक ने उसको अकेला पाकर उसे बुरी नियत से पकड लिया ओर दुष्कर्म का प्रयास किया शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गये जिन्हें देखकर वह धमकी देते हुऐ फरार हो गया। इस संबंध गढ कोतवाली प्रभारी शीलेश कुमार का कहना है कि शिकायत की जांच की जा रही है।

### नेहरू युवा केन्द्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के चयन के लिए साक्षात्कार



मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के लिए साक्षात्कार का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित गॉधी सभागार में किया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया में अतरौली, बिजौली, गंगीरी एवं अकराबाद विकास खण्ड के आवेदकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया में भारत सरकार से नामित अनुज कुमार वार्ष्णेय भी सदस्य के रूप में शामिल रहे। सीडीओ द्वारा बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की एनवाईवी योजना में आवेदकों का राष्ट्रीय स्वयं सेवकों के लिए साक्षात्कार लिया गया है। 04 मार्च से आरम्भ साक्षात्कार 06 मार्च तक चलेंगे। उन्होंने बताया कि एनवाईवी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे युवक-युवतियों को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में सम्मिलित करते हुए धरातल पर युवक-युवतियों के मध्य नेतृत्व का विकास करना है। जिला युवा अधिकारी तन्वी ने बताया कि शुक्रवार को टप्पल, चण्डौस, इगलास एवं गोण्डा विकास खण्ड के आवेदकों का साक्षात्कार लिया जाएगा। शेष बचे 04 विकास खण्डों के आवेदकों का साक्षात्कार 06 मार्च शनिवार को होगा। खबर लिखे जाने तक गुरूवार को आयोजित साक्षात्कार में ब्लॉक बिजौली के 47 आवेदकों के सापेक्ष 23, अतरौली के 55 आवेदकों के सापेक्ष 23 एवं गंगीरी के 36 आवेदकों के सापेक्ष 22 अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार में प्रतिभाग किया गया।

# विधायक की गिरफ्तारी न होने पर 22 जिलों में वकील हड़ताल पर

» शकील सैफी



मेरठ। अधिवक्ता ओमकार तोमर आत्मह-त्या मामले में नामजद हस्तिनापुर विधायक दिनेश खटीक एवं सभी आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन गुरुवार को पूरे पश्चिम प्रदेश के 22 जनपद में फैल गया। पश्चिम उत्तर प्रदेश हाई कोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर सभी जनपदों में आज कार्य बहिष्कार करके कचहरी के प्रवेश द्वार पर तालाबंदी की गई गुरुवार सुबह मेरठ कलेक्ट्रेट पर भारी संख्या में वकीलों ने पहुंचकर कचहरी में कलेक्ट्रेट के सभी मुख्य द्वारों पर ताला लगा दिया और जमकर हंगामा किया। अधिकारियों व कर्मचारियों की किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया गया कि वकीलों के जोरदार प्रदर्शन को लेकर मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया बताते चलें इस मामले में एक और पेच तक उलझ गया था जब नामजद आरोपी ने पेड़ से लटककर सुसाइड कर लिया था उस मामले में अधिवक्ता ओंकार सिंह तोमर के दो बेटों को भी नामजद किया था। जिस पर मेरठ के वकील और गुस्से में आ गए और उन्होंने सोसाइड को क्षेत्र की शासन से जुड़ा बताया और कहा कि सुसाइड से पुलिस और वकीलों का कुछ लेना देना नहीं है क्योंकि पुलिस भी तब तक वहां कोई दबिश देने नहीं गई थी बताते चलें पिछले माह अधिवक्ता ओंकार सिंह तोमर ने दबाव में आकर सुसाइड कर लिया था और इस मामले में अब्बा यह 12 लोगों को नामजद किया गया था।

# मंदिर से मूर्तियां चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। पुलिस ने गढ नगर के सत्यनारायण मंदिर में हुई चोरी की घटना का खुलाशा करते हुऐ चोरी हुई मूर्तियां बरामद करते हुऐ एक चोर को गिरफ्तार किया है। गढ कोतवाली प्रभारी शीलेश कुमार ने जानकारी देते हुऐ बताया कि गढ नगर के सत्यनारायण मंदिर के पुजारी प्रदीप शर्मा ने मंदिर से पीतल की मर्तियां व अन्य सामान पिछले कुछ समय से चोरी होने के मामले में बुद्ववार को शिकायत की थी जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर एक संदिग्ध चोर को पकडकर उसके कब्जे से चोरी हुई मर्मियां बरामद करके घटना का खुलाशा किया। पुलिस ने आरोपी चोर सोनू निवासी मौहल्ला सेंगेवाला गढ नगर को गिरफ्तार करते हुऐ उसके विरूद्व मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की है।

# सचिन अग्रवाल ने मुलायम सिंह यादव से मिलकर बताई जिले की राजनैतिक स्थिति

» सरताज अहमद



मुजफ्फरनगर। समाजवादी पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने अपने समर्थको के साथ लखनऊ सपा कार्यालय पर सपा संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव से मुलाकात की।

सपा नेता सचिन अग्रवाल ने सपा कार्यालय पर सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की मौजूदगी में आयोजित मीटिंग में जिले के वर्तमान राजनितिक समीकरण पर विचार रखते हुए कहा कि सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी के नेतृत्व में जिले में सपा का संगठन अपने संघर्ष ओर सक्रि-यता के बलबूते यूपी के मजबूत जिलों में अपनी पहचान बनाये हुए है तथा पार्टी का शानदार विस्तार हर वर्ग में हो रहा है। सचिन अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनपद में विधानसभा चुनाव में भी सपा सभी सीटों पर मजबूत स्थिति में है केवल सही समीकरण व जनता के बीच मे रहने वाले सपा प्रत्याशियो को चुनाव लड़ाने की आवश्यकता है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने सचिन अग्रवाल से तमाम वर्तमान राजनैतिक स्थिति पर जानकारी लेकर सचिन अग्रवाल व उनके समर्थकों को आश्वस्त किया कि लोकप्रिय व जनता के दुख सुख में सक्रिय रहने वाले प्रत्याशियो को ही चुनाव में प्राथमिकता दी जाएगी।

# यशोदा जयंती पर यशोदा सम्मान से सम्मानित हुई महिलाएं

» मदरलैंड संवाददाता



मेरठ। बाबा मनोहर नाथ मंदिर में नेचुरल साइंस सेज ट्रस्ट की ओर से यशोदा जयंती पर मैया यशोदा सम्मान से महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपने जीवन में संघर्ष पर कुछ मुकाम हासिल किया है और अपनी ही जैसी महिलाओं को वह आगे बढ़ा रही है। मौके पर गुरु माननीय नीलिमा महाराज व ट्रस्ट के सचिव अर्चना चौधरी ने संजीव शर्मा में विजय रस्तोगी को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुक्ता चौधरी रेखा गोयल मूलचंद पांडे रहे इसमें संतोष शर्मा ने स्वयं सहायता समूह से लेकर 300 से 400 महिलाओं को रोजगार दे रखा है साथ ही एक संकल्प संस्था से भी जुड़ी हुई है। वहीं विजय रस्तोगी ने अभी अपने दम पर सिलाई कढ़ाई के कारोबार से बुटीक संचालित कर कई महिलाओं को रोजगार दे रखा है।

# अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगारों के लिए छह माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण

» अंजुम सिद्दीकी

सहारनपुर। अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में छः माह का कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में निःशुल्क प्रवेश के लिए 25 मार्च तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। सहायक निदेशक सेवायोजन शिव ललित सिंह ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के दौरान कम्प्यूटर संचालन, सचिवीय पद्वति, सामान्य गणित तथा बहीखाता का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी व कार्यालय का व्यावहारिक ज्ञान भी कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए अभयार्थी की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण एवं हाई-स्कूल में अंग्रेजी विषय होना अनिवार्य है तथा आयु 18-35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु सेवायोजन कार्यालय में पंजीयन होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी कहीं शिक्षण/प्रशिक्षणरत नहीं होना चाहिए। अभ्यार्थी प्रशिक्षण के समय बेरोजगार हो। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता एंव जाति प्रमाणपत्रों की छायाप्रतियों सहित आवेदन-पत्र निर्धारित प्रारूप पर 25 मार्च 2021 तक अनिवार्य रूप से शिक्षण एंव मार्ग दर्शन केन्द्र क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, सहारनपुर में जमा करा दें। आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

# भीम आर्मी ने दी कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी



» नसीम कुरैशी

बुढ़ाना। बुढाना विधानसभा क्षेत्र की सफीपुर पट्टी में रिलायंस टावर वाली गली में स्थित मौहम्मद अफजाल के आवास पर भीम आर्मी की एक आवश्यक समीक्षा बैठक हुई। जिसमें भीम आर्मी की बुढ़ाना विधानसभा की कार्यकारणी का गठन सर्व सम्मति से किया गया एवं आगे की कार्यनीति तय की गई। इस समीक्षा बैठक में सैकड़ो लोगो ने भीम आर्मी की सदस्यता ग्रहण कर भीम आर्मी ने चंदशेखर आजाद में आस्था जताई। इस दौरान यहां पर भीम आर्मी के जिला महासचिव विकास अम्बेडकर, मौहम्मद अफजाल, नरेंद्र, सोनू, शाहपुर नगर अध्यक्ष सूरज धवन और महासचिव अमित उमरपुर आदि मौजूद रहे। इस बैठक में जो नियुक्तियां की गई हैं उनमें बुढाना विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र लुहसाना को बनाया गया है। बुढ़ाना विधानसभा उपाध्यक्ष सोनू हबीबपुर सीकरी, बुढ़ाना विधानसभा के प्रभारी डॉक्टर राजेश सुल्तानपुर, बुढ़ाना विधानसभा महासचिव अमित उमरपुर, बुढाना विधानसभा सचिव वाजिद प्रधान खेड़ा मस्तान, बुढाना विधानसभा मीडिया प्रभारी आकाश शाहपुर, बुढ़ाना विधानसभा प्रवक्ता सुधीर शाहपुर और बुढ़ाना विधानसभा का प्रचारक प्रशांत शाहपुर को बनाया गया है। बुढ़ाना विधानसभा के सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

# सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत कार्ययोजना न देने वाले विभागों पर कार्यवाही होगी: जिला विकास अधिकारी

» मदरलैंड संवाददाता

सहारनपुर। जिला विकास अधिकारी मंशाराम यादव ने सांसद आदर्श ग्राम योजना की विभिन्न विभागों से संबंधित ग्राम स्तरीय कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय अवधि बीत जाने के बाद भी कतिपय विभागों की कोई कार्ययोजना अभी तक प्राप्त नही हुई है। उन्होंने कार्ययोजना प्रस्तुत न करने वाले विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए है कि यथाशीध्र अपने-अपने विभागों की कार्ययोजना प्रस्तुत करें। मंशाराम यादव ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि जिन विभागों ने अभी तक ग्राम स्त्रीय कार्ययोजना प्रस्तुत नहीं की है, उनमें चिकित्सा विभाग, सामाजिक वानिकी प्रभाग, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, श्रम रोजगार, लोक निर्माण विभाग, जिला अग्रणी बैंक, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन एवं सशक्तीकरण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, गन्ना विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, पिछडा वर्ग कल्याण विभाग, कोशल विकास मिशन, सेवायोजन विभाग, सहकारिता विभाग, आई.टी. आई., सूचना विज्ञान केन्द्र, श्रम विभाग, अल्प संख्यक कल्याण विभाग, सम्भागीय विपणन, कार्यक्रम, लघु सिंचाई विभाग, दूर संचार निगम, खाद्य एवं रसद विभाग, युवा कल्याण, रेशम विभाग के अधिकारियों तथा ई-डिस्ट्रिक मैनेजर शामिल है।

# किसान पीजी कालिज में मिशन शक्ति में मनोवैज्ञानिक पहलुओ पर चर्चा

» कांति प्रसाद

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली के किसान पीजी कालिज में मिशन शक्ति विशेष अभियान कार्यक्रम में सरकार द्वारा महिलाओ एवं बालिकाओ के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के विषय में छात्राओ को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मिशन शक्ति के मनोवैज्ञानिक पहलुओ पर विस्तार से चर्चा की गई। बृहस्पतिवार के सिंभावली स्थित किसान पीजी कालिज में सरकार के मिशन शक्ति विशेष अभियान कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ नीलम कुमारी ने सरकार द्वारा महिलाओ एवं बालिकाओ के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के विषय में छात्राओ को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मिशन शक्ति के मनोवैज्ञानिक पहलुओ पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बोलते हुऐ डॉ चारू शर्मा ने कहा कि सरकार ने कन्या सुमंगलम योजना, निराश्रित महिला पेंशन, मातृत्व वंदना योजना आदि चलाई हुई है जिनका लाभ सभी को मिलना चाहिए।

कार्यक्रम में बालिका सुरक्षा के कानूनों व हेल्प लाईन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ प्रभात कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ ललित त्यागी आदि शामिल रहे।

# अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर हडताल रखी


» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। गढ के अधिवक्ताओ ने उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट बैंच संघर्ष समिति के आहवान पर हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर हडताल करते हुऐ काम बंद रखा।

बृहस्पतिवार को बार एसोसिएशन गढमुक्तेश्वर के दोनो बार के संगठनो के अधिवक्ताओ ने उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट बैंच संघर्ष समिति के आहवान पर हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर हडताल करते हुऐ काम बंद रखा। बार एसोसिएशन गढमुक्तेश्वर के अध्यक्ष अधिवक्ता चंद्रशेखर शर्मा, सचिव अवनीश चैधरी, मोहित, गुप्ता आदि हडताल में शामिल रहे।

# आराम जरूरी, नशे में दूरी, दूसरों से रहो सावधान, बुरे मौसम में रखो ध्यान: आरटीओ

» अर्जुनदेव वार्ष्णेय



अलीगढ़। प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए संचालित ह्यह्यमिशन शक्तिह्लह्ल विशेष अभियान के अन्तर्गत संभागीय परिवहन कार्यालय के सारथी भवन में महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्मान व सुरक्षा के लिए बस, टैम्पो, टैक्सी एवं सभी प्रकार के यात्री वाहन चालकों को सेव लाइफ फाउण्डेशन के सहयोग से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम के अन्तर्गत सेव लाइफ फाउण्डेशन के प्रस्तुतकर्ता किशन सिंह द्वारा बताया गया कि लम्बी दूरी तक वाहन चलाने के कारण थकान हो जाती है, जिसकी वजह से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। वाहन चालकों को एक साथ अधिक भोजन नहीं करना चाहिये, थोड़े-थोड़े समयान्तराल में छोटे-छोटे भोजन लेने चाहिए। प्रत्येक 2-3 घंटे की ड्राइविंग के बाद 10-15 मिनट का विश्राम अवश्य करना चाहिये। लम्बी यात्रा के दौरान यदि चालक को थकान लगे, तो हल्का व्यायाम करें जैसे- अपने पैरों पर खड़ा होकर दौड़ने का उपक्रम और ताली बजायें। यात्रा पर जाने से पूर्व वाहन का निरीक्षण कर लें। यात्रा से पूर्व वाहन के टायर में हवा का दबाव मानक के अनुरूप हो, ईंधन और इंजन ठीक हो, एवं ब्रेक पैड भी चलने से पूर्व जांच कर लें। चालक वाहन चलाते समय अन्य वाहन प्रयोक्ताओं की पहचान करें और उनसे सावधान रहें। चलते वाहन को अचानक तेजी से न ही रोंके और न ही अचानक से मोड़े। मुड़ने से पूर्व इंडीकेटर का अवश्य प्रयोग करें। खराब मौसम जैसे-धुन्ध, कोहरा, वर्षा आदि के होने पर अपने वाहन को अत्यन्त धीमी गति से चलायें अथवा यदि मौसम बहुत ही खराब हो तो वाहन को खड़ा कर लें।

# पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर आजाद समाज पार्टी ने किया बड़ा ऐलान

» मदरलैंड संवाददाता




मुजफ्फरनगर। जिला पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है राजनीतिक दलों ने आरक्षण के हिसाब से बायोडाटा एकत्र करने शुरू कर दिए हैं जिसके बाद सभी राजनीतिक पार्टी भाजपा, सपा, रालोद, बसपा, तैयारी में जुट गई है उत्तर प्रदेश में तेजी से उभर रही आजाद समाज पार्टी, भाई चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण ने भी समस्त जिला अध्यक्षों को आदेश दिया है कि आजाद समाज पार्टी जिला पंचायत चुनाव में भावी प्रत्याशियों को मैदान में उतार कर अपने दम पर चुनाव में प्रत्याशियों को विजयी कराने का काम पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता करेंगे वही जनपद मुजफ्फरनगर के आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदीश पाल एवं जिला मीडिया प्रभारी द्वारा द्वारा बताया गया कि जनपद मुजफ्फरनगर में 43 वार्डो और 9 ब्लॉक प्रमुख के पदों पर आजाद समाज पार्टी यदि शासन द्वारा पार्टी अपने दम पर सभी वार्डों में प्रत्याशियों को खड़ा कर चुनाव लड़ाएगी जिसके बाद जिला पंचायत चुनाव को लेकर राजनीति हलचल एवं अन्य पार्टियों में भी हड़कंप सा मच गया है।

# चेयरमैन फातमा जबीं ने कई वार्डो में औचक निरीक्षण किया

» अफाक खान

रामपुर। रामपुर नगर पालिका चेयरमैन फातमा जबीं ने बीते रोज शहर के कई वार्डो में औचक निरीक्षण किया। वार्डो में गंदगी देख चेयरमैन आग बबूला हो गई। मौके पर ही सफाई नायकों को बुलाकर जमकर लताड़ लगाई। पालिका चेयरमैन के तल्ख तेवरों से सफाई कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। पालिका चेयरमैन फातमा जबीं बीते रोज शहर के वार्ड संख्या 14, 25, 26, व 43 में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंच गई। सभी वार्डो में गंदगी के देख उनके गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया मौके पर ही संबंधित सफाई नायक व कर्मचारियों को बुलाकर जमकर लताड लगाई और अपने सामने ही सफाई कराई। पालिका चेयरमैन के तल्ख तेवर देख सफाई नायकों व कर्मचारियो में हड़कंप मच गया।

पालिका चेयरमैन ने औचक निरीक्षण के दौरान मिली गंदगी के बाद सफाई निरीक्षकों व सफाई नायकों को चेतावनी देते हुए साफ कह दिया हैं कि यदि अब गंदगी मिली तो उनके खिलाफ सीधे ठोस कार्रवाई की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान यह भी देखने में आया कि जल निगम द्वारा सीवर हाउस कनेक्शन के चैम्बरों को ठीक प्रकार नहीं बनाया गया हैं कुछ स्थानों पर चैम्बर के कवर सड़क से काफी ऊपर लगे हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई हैं। पालिका चेयरमैन ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये कि जल निगम से संपर्क कर उक्त सीवर हाउस कनेक्शन के चैम्बरों को तत्काल ठीक कराये। निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता उमामा रहमानी, अखलाक खां आदि मौजूद थे।




# कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण

» मदरलैंड संवाददाता

रामपुर। उप्र कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम के दिशा निर्देश पर जिला चैयरमैन अल्पसंख्यक कांग्रेस शाहजेब सैफी उर्फ शैजी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि पर उनकी फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली पेश की एंव गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर अल्पसंख्यक जिला चेयरमैन शैजी सैफी ने बोलते हुए कहा कि राजनीति में स्व. अर्जुन सिंह के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कई अहम पदों पर रहते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम किया। भारतीय राजनीति में अर्जुन सिंह को उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2000 में उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उप्र कांग्रेस कमेटी के सदस्य और पूर्व प्रत्याशी नगर विधानसभा अरशद अली खां गुड्डू एडवोकेट ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। कांग्रेस में किसी भी धर्म को ऊंचे या नीचे नजरिये से नहीं देखा जाता हैं। कांग्रेस हमेशा से सभी धर्मों को साथ लेकर चलती आ रही है और हमेशा चलती रहेगी। आज देश की भाजपा सरकार अल्पसंख्यकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही हैं। इस मौके पर सैयद अदील मियां, मुअज्जम अली खां प्रधान, अरसलान अली खां, अब्दुल जब्बार खां, वारिस मियां, जीशान खां, शुऐब कमर, सय्यद विक्की मियां, अब्दुल समद, यासिर शाह खां, मुजम्मिल आदि मौजूद थे।




# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर मेगा इवेंट अनंता का होगा आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। प्रदेश सरकार द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश भर में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए संचालित 'मिशन शक्ति' अभियान के अंतर्गत 8 मार्च को मेगा इवेंट 'अनंता' का आयोजन किया जा रहा है।

निदेशक महिला कल्याण विभाग के पत्र के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह ने बताया है कि मिशन शक्ति के अंतर्गत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार की संयुक्त कार्ययोजना में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जन सामान्य को जागरूक किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानो ने जिलाधिकारी को गंगा एक्सप्रेस वे के संबंध में पत्र सौंपा

मदरलैंड संवाददाता , गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के गांव मुरादपुर के किसानो ने जिलाधिकारी को गंगा एक्सप्रेस वे के लिए उनकी जमीनो के अधिग्रहण व बैनामा के संबंध में पत्र देते हुऐ सरकार की किसानो पर मनमानी के खिलाफ आवाज उठाई है। बृहस्पतिवार को गढ तहसील के ब्लॉक सिंभावली क्षेत्र के गांव मुरादपुर के किसानो ने जिलाधिकारी को गंगा एक्सप्रेस वे के लिए उनकी जमीनो के अधिग्रहण व बैनामा के संबंध में पत्र देते हुऐ सरकार की किसानो पर मनमानी के खिलाफ आवाज उठाई है। किसानो का कहना है कि सरकार अपनी शर्त पर किसानों से बैनामा करना चाहती है जबकि किसान इससे सहमत नही है और खुद को ठगा महसूस कर रहे है। किसानो को उनकी भूमि पर खडे पेड़ का उचित मुआवजा दिलाया जाए। हाईवे निर्माण के समय ग्रामीणो के आने जाने के जो रास्ते बंद होते है उन रास्तों का प्रावधान किया जाए। डेमेज पॉलिसी को भी लागू किया जाए। जितनी भूमि का अधिग्रहण हो बैनामा भी उतनी ही भूमि का हो। किसानो ने यह भी बताया कि प्रथम चरण में जनपद मेरठ के बिजौली से चांदनेर जिला हापुड तक है जिसमें शामिल सभी किसानों को एक समान मुआवजा दिया जाए। किसानों ने उनकी सभी मांगे नही माने जाने तक अपनी जमीन का अधिग्रहण नही होने देंने की चेतावनी दी है। किसानो में अभिषेक त्यागी, अनुराग त्यागी, हरिओम, त्यागी, चैधरी फुरकान खां, चैधरी आस मौहम्मद, राकेश त्यागी, दीपक त्यागी, संदीप त्यागी, बिजेंद्र त्यागी, सर्वजीत त्यागी, फकरुददीन व जावेद आदि शामिल रहे।

### क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम का प्रशिक्षण

मदरलैंड संवाददाता , रामपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलासपुर में जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा चिकित्सकों, सीएचओ एवं फार्मासिस्ट आदि को क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में वर्ष 2025 तक क्षय रोग उन्मूलन के प्रधानमंत्री के आहवान पर क्षय रोग के लक्षण, कारण, आधुनिक जांच, उपचार, बचाव, संदिग्ध क्षय रोगियों के रेफेरल, निाक्षय पोषण योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधान मंत्रीके आहवान के अनुसार कार्य कर क्षय रोग उन्मूलन के लिए पूर्ण प्रयास करने की शपथ ली। इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी प्रदीप वार्ष्णेय ने कहा कि पूरे देश से 2025 तक क्षय रोग का नामोनिशान मिटाना हैं जिसको लेकर रामपुर में विभाग की पूरी टीम द्वारा दिन रात मेहनत की जा रहीं हैं। उन्होने कहा कि क्षय रोगियों को चिन्हित कर उनको समय से उपचार दिलाने का काम किया जा रहा हैं ताकि रामपुर में एक भी क्षय रोगी न रहें और इस बीमारी का पूरी तरह खात्मा हो सकें।

### प्रत्येक दशा में 15 मार्च तक देयक बनाकर कोषागार प्रस्तुत करें

मदरलैंड संवाददाता , मैनपुरी। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 समाप्ति की ओर है, जिस कारण कोषागार में पारण हेतु बिलों की संख्या अत्यधिक मात्रा में रहती है, जिस कारण माह मार्च के अंतिम दिनों में भुगतान बेवसाइट पर अत्यधिक भार बढ़ जाने के कारण उसकी गति धीमी हो जाती है, जिससे देयकों के समयान्तर्गत भुगतान करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है एवं बजट के कालातीत होने की सम्भावना बढ़ जाती है। उन्होने उक्त स्थिति को नियंत्रण में रखने हेतु जनपद के समस्त आहरण-वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने विभाग से सम्बन्धित अब तक प्राप्त बजट के भुगतान हेतु कोषागार में प्रत्येक दशा में 15 मार्च तक देयक बनाकर प्रस्तुत कर दें। उन्होने बताया कि दि. 16 मार्च से उन्ही देयकों को कोषागार में स्वीकार किया जायेगा, जिसका बजट आवंटन दि. 15 मार्च या उसके उपरान्त होगा, बजट लैप्स होने की दशा में सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी का पूर्णरूप से उत्तरदायित्व होगा।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओ की सुरक्षा सम्मान एवं स्वालंबन पर गोष्टी



» मदरलैंड संवाददाता

रामपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओ की सुरक्षा-सम्मान एवं स्वालंबन पर गोष्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति की सह नोडल अधिकारी डॉ नीलिमा सिंह ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान करना चाहिए तथा उनको सशक्त बनाना चाहिये। उन्होंने कहा कि छात्राओं को कुछ हैल्पलाइन नंबर जैसे 112, 181, 323, 354, 398 आदि की फास्ट डायल मोड पर रखना चाहिए।

इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक डा. अब्दुल लतीफ ने कहा कि छात्राओं को पढ़ने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी होना चाहिए। आज कुशल भारत, कौशल भारत की आवश्यकता हैं। आज समय की मांग हैं कि हमारे युवाओं के अंदर हुनर हो। आज जरूरत हैं कि ज्ञान के साथ-साथ हुनर को तराशा जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी क्रिएटिविटी पर जोर दिया गया है।

आज हमारे छात्र-छात्राओ को अपने अंदर स्किल्ड पैदा करना होगा तभी हम भविष्य में प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे।

इस मौके पर प्रो. आई बी महापात्र, डा. नीलिमा सिंह, डा. अब्दुल लतीफ, डा. हेमंत कुमार, डा. नीत बिहारी लाल एड, अवतार दीक्षित, डा. दिव्यांशु कुमार, नेहा भारद्वाज, नीतू कुमारी, वनप्रीत कौर, शाजिया आदि मौजूद थे।

# सरकारी रुपयों का गवन करने वाले ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर मुकदमा दर्ज

» अजय सक्सेना

मैनपुरी। क्षेत्र के एक गाँव में बीते ग्राम पंचायत प्रधान के कार्यकाल में वहां के तत्कालीन ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने जमकर धाधले बाजी की। जिसमें ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर लाखों रुपयों के गवन का आरोप लगाया था। जिसमें तीन सदस्यी टीम ने जांच की तो ये पूरा मामला खुलकर सामने आ गया। मिली जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला जनपद मैनपुरी के थाना औंछा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चीतई का है। जहाँ पर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव द्वारा सरकारी छः लाख रुपयों का गवां किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2019-20 में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के द्वारा एक एक काम के तीन झ तीन बार रुपये निकाल लिए गए। जबकि धरातल पर काम जस का तस बना रहा। इस पूरे मामले की शिकायत भाजपा नेता गिरजानंदन शाक्य के द्वारा की गयी। तो इस मामले की जांच तीन सदस्यी टीम के द्वारा की गयी। जिसमें ये बात स्पष्ट हो गयी कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव द्वारा सरकारी रुपयों का बन्दर बाँट किया गया। इस पूरे मामले की लिखित तहरीर भाजपा नेता गिरजानंदन शाक्य के द्वारा की गयी। जिसमें थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# उपस्कर वितरण शिविर में 193 दिव्यांगो को वितरित किए गए उपकरण




» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। दिव्यांगजन भी हमारे समाज का अहम हिस्सा है, उन्हें भी समाज में सम्मान से जीने का अधिकार है, उन्हें उपेक्षा महसूस न हो इसके लिए केंद्र, प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु योजनाएं संचालित की हैं ताकि वह भी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाकर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो और सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सकें, प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास के लिए तमाम योजनाएं संचालित की है, दृष्टिवाधित, मंद बुद्धि, मूक बधिर बच्चों के सवार्गीण विकास एवं बेहतर शिक्षा के उचित प्रबन्ध किये गये हैं। उक्त उद्गार जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरावली प्रांगण में समग्र शिक्षा एवं एलिम्को कानपुर के सौजन्य से समेकित शिक्षा के अन्तर्गत जनपद के विशिष्ट आवश्यकता वाले दृष्टिअक्षम, श्रवण-वाणी अक्षम, अस्थि अक्षम एवं बौद्धिक अक्षम बच्चों का उपकरण, उपस्कर वितरण शिविर में 193 मूक बधिर, दृष्टिबाधित, मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को कृत्रिम उपकरण, छोटी ट्राई साइकिल, बैसाखी, व्हील चेयर एवं सहायता उपकरण वितरण करने के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस दौरान उप जिलाधिकारी कुरावली मान सिंह पुंडीर, क्षेत्राधिकारी कुरावली दद्दन प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप, खंड शिक्षा अधिकारी सुमित कुमार, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा रणवीर बहादुर, एलएमको प्रतिनिधि ओम सिंह, जितेंद्र सिंह, बड़ी संख्या में दिव्यांग बच्चे, उनके अभिभावक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेकेंद्र ने किया।

# पति की मृत्यु के बाद बिधवा पर टूटा मुशीबतों का पहाड

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। पति की मौत क्षेत्र की एक बिधवा के लिये अभिशाप बन गई। परिजन ही उसकी जमीन पर हाथ साफ कर उसे घर से बेघर करने लगे हैं। ग्रामसभा बसैत के गांव बैरागपुर निवासी हेमलता पत्नी स्व रामऔतार ने पुलिस को तहरीर दी कि उनके पति रामऔतार पुत्र कुन्जीलाल की मृत्यु 4 जनवरी 2021 को हुई थी। पति की मौत के बाद उनके जेठ जगदीश तथा उनके पुत्रगणों जिनमें प्रमोद तथा उनके पुत्र शामिल है ने उनकी जमीन पर कब्जा कर उनका शोषण शुरू कर दिया। उन्होंने कई बार थाने आकर शिकायत की तो पुलिस ने जगदीश को डांट भी लगाई थी। इसपर जगदीश ने फर्जी कागजातों के आधार पर कहना शुरू कर दिया कि मृतक ने उनके पुत्र को गोद लिया था। गुरूवार को बैरागपुर के कई ग्रामीणों के साथ आई हेमलता ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उनके पति ने कभी भी न किसी बच्चे को गोद लिया,न ही वासीयत अथवा वैनामा किया। उन्होंने जगदीश पर षडयन्त्र के तहत उनकी जमीन हडपने तथा उनकी हत्या की साजिश करने का आरोप लगाया। उनके साथ आये बैरागपुर के शिवपाल ,इंदलसिंह, अमरसिंह, बिद्याराम, संजेश कुमार, दीपसिंह, रामरतन,सुरेश चन्द्र, शारदादेवी, पुष्पा, कान्तिदेवी, गुड्डी देवी, सरिता देवी, सुघरसिंह आदि ने थाने आकर प्रदर्शन किया और हेमलता को सुरक्षा देने की मांग कीं।

# विद्यालय प्रबंधक अपने यहां 25 प्रतिशत पात्र बच्चों का प्रवेश अवश्य लें: जिलाधिकारी

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निजी विद्यालयों के प्रबंधक अपने यहां 25 प्रतिशत पात्र बच्चों का प्रवेश अवश्य लें, एलकेजी., यूकेजी, कक्षा-1 में पात्र बच्चों का आगामी सत्र में प्रत्येक दशा में एडमिशन किया जाए, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अधिक से अधिक बच्चों लाभ मिले इसके लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक शिक्षकों के माध्यम से गांव-गांव लोगों को जागरूक कर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिए प्रेरित करें, शासन स्तर से कक्षा-1 से कक्षा-8 तक की शिक्षा ग्रहण करने पर पात्र बच्चों को रू. 5000 प्रति वर्ष ड्रेस, पुस्तकों हेतु एक मुश्त उपलब्ध कराया जायेगा जबकि विद्यालय को अधिकतम रू. 450 प्रतिमाह शिक्षा शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु प्रदान किए जाने का प्राविधान है। उन्होंने कहा कि निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 में दी गई व्यवस्था के अनुसार सभी बालकों को सरकारी और परिषदीय विद्यालयों में निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा दिया जाना आवश्यक है, कक्षा-1 से 8 तक की शिक्षा हेतु निःशुल्क प्रवेश के उपरांत गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त करने की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



# द्वतीय क्लास बी सेक्शन की छात्रा आनवी अग्रवाल को ड्राइंग कंपटीशन में गोल्ड मेडल



» शंकरदेव तिवारी

आगरा। सेंट कॉनरैड स्कूल की द्वितीय क्लास बी सेक्शन की छात्रा आनवी अग्रवाल को ड्राइंग कंपटीशन में गोल्ड मेडल से नवाजा गया। आन्वी अग्रवाल बलकेश्वर के युवा पार्षद अमितअग्रवाल ग्वाला की बेटी है। माँ नीता अग्रवाल ने बताया कि बेटी को शुरू से ही ड्रॉइंग बनाने का शौक है स्वछता को लेकर भी आनवी द्वारा कई पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया है। आगरा महापौर द्वारा आनवी अग्रवाल को इतनी कम उम्र में स्वछता के संदेश देने पर बधाई भी दी है। गोल्ड मेडल मिलने पर महापौर नवीन जैन ने परिवार को शुभकामनाएं दी व बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नवागत खंड विकास अधिकारी ने संभाला कार्यभार कर्मचारियों के साथ बैठक

» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। ब्लॉक पिनाहट के खंड विकास अधिकारी का पिछले सप्ताह जिले से बाहर स्थानांतरण होने के पर उनके स्थान पर नवागत खंड विकास अधिकारी ने कार्यभार संभाला,और ब्लाक कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। जानकारी के अनुसार ब्लॉक पिनाहट के विकास खंड अधिकारी रजत गुप्ता का पिछले सप्ताह आगरा जनपद से बाहर ट्रांसफर होने के बाद उनके स्थान पर ब्लॉक जगनेर के खंड विकास अधिकारी सुमंत यादव को ब्लॉक पिनाहट का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। गुरुवार को नवागत खंड विकास अधिकारी पिनाहट ब्लॉक परिसर कार्यालय पहुंचे और कार्यभार संभाला। खंड विकास अधिकारी ने ब्लाक परिसर के सभी कर्मचारियों के साथ विशेष बैठक की और चुनाव की समीक्षा कर तैयारियों को जाना, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कर्मचारियों से बैठक के माध्यम से कई विशेष जानकारियां ली गई। इस दौरान अशोक यादव सहायक खंड विकास अधिकारी, राहुल शर्मा ग्राम पंचायत सचिव, अबनीश कुमार, डरेलाल, अरुण कुमार, आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



# बैंक में जालसाजी कर सैकडों लोगों को दिवालिया बनानेवाले को पुलिस ने भेजा जेल

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा समान तथा ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त की शाखा चितायन के शाखा प्रबन्धकों का खासमखास रिन्कू यादव उर्फ अरूण पुत्र बिजयनरेश निवासी डांडेहार की गिरफ्तारी के बाद लोगों में आशा की किरण जगी कि अब उनके साथ भी न्याय होगा। पुलिस ने रिन्कू तथा शाखा प्रबन्धक बैंक ऑफ इण्डिया हरजूशरण के खिलाफ धोखाधडी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर जालसाज रिन्कू को जेल भेज दिया है। गुरूवार को नैगवां समान निवासी नरेश चन्द्र पुत्र कमलेश कठेरिया ने तहरीर दी कि 2019 में उन्होंने अपनी जमीन पर रिन्कू के माध्यम से साठ हजार रुपए की केसीसी से ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त की शाखा चितायन कराई थी।

रिन्कू ने कई कागजातों पर उनसे हस्ताक्षर कराये और कहा कि बैंक में रुपए नहीं हैं जैसे ही आयेंगे आपको मिल जायेंगे। कुछ दिनों के बाद जब वह रिन्कू के घर गये तो उसने उन्हें गालीगलौज कर भगा दिया।




# अज्ञात कारणों से गरीब की झोपड़ी में लगी आग, हजारों का सामान जला बच्चा झुलसा

» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। थाना पिढौरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव पिढौरा कीबाल्मीकि बस्ती में गरीब की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से हजारों का सामन जल गया। तो वहीं बच्चा झुलस गया एकत्रित ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया परिवार ने मुआवजे की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार रामरतन पुत्र श्रीराम एवं प्रीतम सिंह बाल्मीकि निवासी पिढौरा बाल्मीकि बस्ती गुरुवार को दोपहर खेतों में आलू बिनाई की मजदूरी करने गए थे। वही घर पर छोटे-छोटे बच्चे खेल रहे थे। अचानक अज्ञात कारणों से दोनों गरीब मजदूरों की झोपड़ी में भीषण आग लग गई। भीषण आग को देखकर बस्ती के अन्य लोगों में अफरा-तफरी मच गई। भीषण आग के कारण झोपड़ी के पास खेल रहा मजदूर का दो वर्षीय पुत्र आदित्य आग की चपेट में आने से झुलस गया।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# चितकारा इंटरनेशनल स्कूल की अनूठी पहल

## ऑनलाइन वर्चुअल वार्षिक समारोह का किया पहली बार आयोजन

» **विनोद कुमार**

चंडीगढ। चितकारा इंटरनेशनल स्कूल ने पहली बार अपने 10वें वार्षिक समारोह 'मोजेक बीइंग आर्टी का ऑनलाइन आयोजन किया और इसे वर्चुअल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के जरिये सभी छात्रों और उनके अभिभावकों तक पहुँचाया। कोविड महामारी के बीच में 8000 से अधिक लाइव स्ट्रीम दर्शकों ने घर बैठे स्कूल के सालाना समारोह का आनंद लिया। स्कूलों के लिए अपने वार्षिक समारोह का ऑनलाइन आयोजन और लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए सीधा प्रसारण करना एक दिलचस्प तरीका है। इस आयोजन के साथ चितकारा इंटरनेशनल स्कूल इस रीजन में पहला ऐसा स्कूल बन गया है जिसने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपने वार्षिक समारोह को लाइव आयोजित किया जिसमें छात्रों ने स्कूल के साथ-साथ अपने घरों से भी भाग लिया।

सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लक्ष्य नंबर चार (क्वालिटी एजुकेशन) के अनुरूप 10वें वार्षिक समारोह को स्कूल की इवेंट मैनेजमेंट टीम और छात्रों द्वारा कड़ी मेहनत और कई ट्रायल रन के बाद पूरा किया गया था। इस कार्यक्रम में कला के कई रूपों को दिखाया गया जिनमें रिनेसां, कंटेपोरेरी न्यो क्लासिसिस्म, क्यूबिज्म, इंप्रेसियोनिज्म, आदि रूपों को कॉमिक एक्ट्स, डांस परफारमेंस, व सिंगिंग शो के जरिए चित्रित किया गया था। इस कार्यकम में 1800 छात्रों को विभिन्न समूहों में विभाजित किया गया, और इन छात्रों को इसके लिए बाकयदा कई तरह से प्रशिक्षण दिया गया।

इस कार्यक्रम की सबसे अहम हिस्सा वह लाइव डांस परफारमेंस था जिसे एक निश्चित अवधि में लगभग 40 से 50 छात्रों ने एक साथ लाइव किया। इसके अलावा इस शानदार वार्षिक कार्यक्रम में कामिक केरेक्टर्स जैसे बडे मियां व झुमकी ने लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर कई तरह के अवार्ड दिए गए। इनमें बेस्ट इंप्रेसियोनिस्ट अवार्ड. बेस्ट एबस्ट्रेक्ट अवार्ड, फादर आफ द माडर्न वार्ली अवार्ड, आदि शामिल थे। पाब्लो पिकासो, लियोनार्डो डा बिंसी, अंतोलियो कोनेवो. क्लॉड मोनेट व जिवा सोमा मशाय आदि महान कलाकारों को स्कूलों के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी कला के जरिए जीवंत कर दिया। इन उपरोक्त कलाकारों के शानदार आर्टवर्क्स की प्रस्तुति के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ जिसने स्कूल की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए।

अभी तक के पहले वर्चुअल एनुअल फंक्शन की शानदार सफलता के मौके पर स्कूल की प्रिंसीपल डाक्टर नियति चितकारा ने कहा कि ₹कला सभी सीमाओं को पार करने, सभी विभाजनों को पार करने के लिए




जानी जाती है और कला आत्म अभिव्यक्ति को सबसे प्रामाणिक तरीके से सामने लाने में मदद करती है। स्कूल के दसवें वार्षिक समारोह की थीम 'मोजेक बीइंग आर्टी' ने छात्रों को अपने प्रतिभा को उभारने के लिए पर्याप्त मौका दिया। हम अपने प्रयास की सफलता पर संतुष्ट हैं और यह हमेशा हमारे दिलों के करीब रहेगा।

## स्कूल में अब स्टूडेंट्स नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल, खट्टर सरकार ने लगाई रोक

**चंडीगढ़।** हरियाणा में अब स्टूडेट्स अपने मोबाइल स्कूल में नहीं ले जा सकेंगे। यह फैसला करते हुए राज्य सरकार कहा कि जिन विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई करनी है, वे घर से ही करेंगे।

हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने विभाग को ये निर्देश जारी किया है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूल में कोई भी विद्यार्थी मोबाइल नहीं ला सकेगा।

साथ ही शिक्षा मंत्री ने विभाग में लंबित पड़े भर्ती के मामलों में तेजी लाने को कहा है।

शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने बताया कि भर्तियों में जो भी कानूनी पेचीदगियां आड़े आ रही हैं, उनका निराकरण जल्द किया जाएगा। विभाग में रिक्त पड़े ग्रुप डी के पदों पर भर्ती करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षकों के तबादलों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने नई शिक्षा नीति को प्रदेश में लागू करने के लिए बनाई गई कमेटियों की रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि नीति को मंजूर कराया जा सके।

उन्होंने कहा कि जेबीटी की संख्या पूरी है। पीजीटी की भर्ती के लिए एचएसएससी को लिखा है। टीजीटी की कमी को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

शिक्षा मंत्री ने बताया की कोरोना के खतरे को देखते हुए स्कूल आने वाले बच्चों का तापमान स्कूल के बाहर जांच रहे हैं, जिनका तापमान ज्यादा आता है, उन बच्चों को स्कूलों में नहीं जाने दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कोविड वैक्सीन लगवाई



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री सुन्दर शाम अरोड़ा ने गुरूवार को सरकारी अस्पताल फेज-6 एस ए एस नगर में कोविड वैक्सीन का टीका लगवाया।
वैक्सीन लेने के बाद श्री अरोड़ा ने हैल्थ वॉरियर्स और विज्ञानियों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि उनकी तत्काल कोशिशों से कोविड-19 के विरुद्ध वैश्विक जंग को मजबूती मिली है। उन्होंने दूसरे लोगों को भी अपील की कि वह कोविड वैक्सीन का टीका जरूर लगवाएं। उन्होंने कहा, चलो मिलकर पंजाब को कोविड मुक्त बनाएं।

### शास्त्रीय गायिका डा. संगीता चौधरी सम्मानित



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। विद्याधाम यूएसए की ओर से प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका संगीता चौधरी को उनके शास्त्रीय संगीत में दिए गए योगदान के लिए संस्था की अध्यक्ष डा. सरिता मेहता ने गांधी स्मारक भवन सैक्टर-16 में आयोजित एक शानदार समारोह में सम्मानित किया। प्रारंभ में डा. सरिता मेहता ने संस्था के बारे में परिचय दिया। प्रेम विज वरिष्ठ साहित्यकार ने डा. संगीता चौधरी का परिचय दिया तथा धन्यवाद ज्ञापन डा.देवराज त्यागी ने किया। सम्मान में डा. संगीता चौधरी को प्रशस्तीपत्र और पुष्पगुच्छ भेंट किये गये। इस अवसर पर अनेक साहित्यकार और समाज सेवक और गांधी स्मारक भवन का स्टाफ उपस्थित था जिनमें भवन के निदेशक डा. देवराज त्यागी, प्रेम विज, सरिता मेहता, नीरू मित्तल नीर, डा. विनोद शर्मा, डा. एम.पी.डोगरा, डा. चौधरी और रविन्द्र मित्तल भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कविताओं और गीतों का दौर भी चला।

### हरियाणा में तीन दिन में घटा 10 डिग्री तापमान, बारिश और ओला के आसार

चंडीगढ़। हरियाणा में पिछले तीन दिन में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक हो गया। वहीं मौसम विभाग ने 7 मार्च को बारिश और ओला पड़ने के संभावना जताई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, नारनौल में रात का तापमान 8.5 डिग्री था, जो 27 फरवरी को 18.2 डिग्री तक पहुंचा था। दिन का तापमान नारनौल में फिर से 34.5 डिग्री पहुंच गया है, जो सामान्य से 7 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने कहा कि 7 मार्च को हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गरज के साथ हल्की बारिश और ओले पड़ सकते हैं। इसके साथ ही अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने के साथ आंधी आने का भी पूर्वानुमान है। 6-7 मार्च को पंजाब में भी हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिन अधिकतम पारा कुछ बढ़ सकता है, लेकिन रात के तापमान में स्थिरता रह सकती है। दो दिन बाद पारा दो से तीन डिग्री कम हो सकता है।

## 20 साल के युवक ने दिव्यांग महिला से किया रेप, गिरफ्तार

**मंडी।** मंडी जिले में एक लड़के ने 45 वर्षीय दिव्यांग महिला के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया है। इस मामले में पीडित महिला ने गोहर थाने में शिकायत दर्ज कराई। तहरीर के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि महिला के तीन बेटे हैं और पति से उसका तलाक हो चुका है। दो बेटे पति के साथ जबकि एक बेटा महिला के साथ ही रहता है और जिला से बाहर किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता है। महिला के साथ जब यह घटना घटी तो उस वक्त वह अपने घर पर अकेली थी।



पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि 2 मार्च की रात को आरोपी युवक शराब के नशे में धुत होकर उसके घर पहुंचा और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद वह जोर जबरदस्ती करने लगा और फिर महिला के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। महिला के चिल्लाने पर आस पड़ोस के रिश्तेदार घर पर पहुंचे, लेकिन आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। इस मामले में कार्रवाई करते हुए अब पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी मंडी शालिनी अग्निहोत्री ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धारा 376, 452, 342, 323 और 504 के तहत मामला दर्ज करके मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## खट्टर सरकार धर्मांतरण रोधी कानून लाने को तैयार

### दुष्यंत चौटालाः मैं 'लव जिहाद' शब्द से सहमत नहीं

चंडीगढ़। हरियाणा में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार ने जबरन और 'लव जिहाद' (धोखे से धर्मांतरण) रोकने के लिए भले ही कानून लाने की तैयारी कर ली है, लेकिन सरकार में मुख्य सहयोगी और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गुरुवार को यह स्पष्ट कर दिया कि वह 'लव जिहाद' शब्द से सहमत नहीं है। दुष्यंत चौटाला ने कि वह 'लव जिहाद' शब्द से सहमत नहीं हैं, जिसका उपयोग यह बताने के लिए किया जाता है कि मुस्लिम पुरुष हिंदू महिलाओं को प्रेम जाल में फंसाकर और उन्हें धर्मांतरण के लिए मजबूर करते हैं।



दुष्यंत ने कहा कि हमें विशेष रूप से बलपूर्वक धर्मांतरण की जांच के लिए एक कानून मिलेगा और हम इसका समर्थन करेंगे। यदि कोई स्वेच्छा से धर्मांतरण करता है या किसी अन्य धर्म के व्यक्ति से विवाह करता है, तो कोई रोक नहीं है।

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब दुष्यंत चौटाला और उनकी जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) किसान आंदोलन पर भाजपा के साथ हैं। जानकारी के अनुसार, हरियाणा सरकार लव जिहाद रोकने के लिए विधानसभा के आगामी बजट सत्र में जबरन या छलपूर्ण धर्मांतरण के खिलाफ एक बिल लाएगी। राज्य के गृह मंत्री अनिल विज ने बीते दिनों इसकी घोषणा की थी। राज्य विधानसभा का बजट सत्र पांच मार्च से शुरू हो रहा है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने बल या धोखाधड़ी के माध्यम से किए जाने वाले धर्मांतरण के खिलाफ एक मसौदा अध्यादेश को मंजूरी दे दी। हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने 2019 में अवैध धर्मांतरण के खिलाफ एक विधेयक पारित किया था। पिछले साल नवंबर में विज ने लव जिहाद के खिलाफ एक कानून का मसौदा तैयार करने के लिए तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की थी। हरियाणा में धर्मांतरण रोधी कानून की रूपरेखा बनाने के लिए गठित समिति में टी।एल। सत्यप्रकाश, नवदीप सिंह विर्क और दीपक मनचंदा शामिल हैं।

## खट्टर सरकार लाई प्राइवेट नौकरी में आरक्षण, 75 प्रतिशत नौकरी राज्य के लोगों को मिलेगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा की खट्टर सरकार ने प्राइवेट सेक्टर में जॉब रिजर्वेशन को लेकर बड़ा कदम उठाया है। राज्य के युवाओं को निजी सेक्टर में 75 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, जो 10 वर्ष तक लागू रहेगा। नई रिजर्वेशन पॉलिसी हर कंपनी, फैक्ट्री, औद्योगिक क्षेत्रों व अन्य कार्य स्थलों पर लागू होगा। इसमें कार, ट्रक्टर, बाइक, साइकिल व अन्य औद्योगिक ईकाइयां भी शामिल हैं।

खटटर सरकार का कानून 50 हजार मासिक वेतन तक की नौकरियों पर लागू होगा।बिल के अनुसार रिजर्वेशन कानून नहीं मानने वाले कंपनियों पर जुमार्ना लगेगा। यह कानून प्राइवेट कंपनियों, फर्म, ट्रस्ट आदि में लागू होगा। जिस जिले में औद्योगिक इकाई है, वहां के 10 प्रतिशत और प्रदेश के अन्य जिलों के 65 प्रतिशत युवाओं को लाभ मिलेगा। इसके लिए पंजीकरण कराना होगा।

## कोटकपूरा गोलीकांड में भी मिली पंजाब के पूर्व डीजीपी सुमेध सिंह सैनी को राहत

जेएनएन, चंडीगढ़। पंजाब के पूर्व डीजीपी सुमेध सिंह सैनी को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने अब कोटकपूरा गोलीकांड मामले में राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआइआर पर 23 मार्च तक गिरफ्तारी रोक लगा दी है। इसी के साथ कोर्ट ने सैनी की अग्रिम जमानत पर पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



जस्टिस अवनीश झिंगन ने यह आदेश सैनी द्वारा इस मामले में दर्ज एफआइआर में अग्रिम जमानत दिए जाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए हैं। बता दें कि पिछले सोमवार को ही हाई कोर्ट ने सैनी को बहिबल कलां गोलीकांड मामले में अग्रिम जमानत दी थी। अब सैनी ने कोटकपूरा में दर्ज उनके खिलाफ दर्ज एफआइआर में भी उन्हें अग्रिम जमानत दिए जाने की मांग को लेकर याचिका दायर की है।

यह केस फरीदकोट की ट्रायल कोर्ट में चल रहा है इस केस में सैनी के खिलाफ चालान भी पेश किया जा चुका है। सैनी ने पहले इस मामले में ट्रायल कोर्ट से अग्रिम जमानत मांगी थी, जिसे ट्रायल कोर्ट ने खारिज कर दिया था। अग्रिम जमानत याचिका ट्रायल कोर्ट से खारिज होने के बाद सैनी ने अब हाई कोर्ट में याचिका दायर कर अग्रिम जमानत दिए जाने की मांग की है। हाई कोर्ट ने वीरवार को सैनी की इस याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब सरकार को 23 मार्च के लिए नोटिस जारी कर जवाब मांग लिया है और साथ ही मामले की अगली सुनवाई तक सैनी की गिरफ़्तारी पर अंतरिम रोक भी लगा दी है।

## मोहाली जिले में नशे के दलदल में फंसे युवाओं की काउंसलिंग कर दिया जाएगा रोजगार

**मोहाली।** सूबे के युवाओं को नशे की दलदल से निकाल उन्हें रोजगार मुहैया करवाने के लिए जिला स्तर पर प्रयास शुरू किया जा रहा है। ऐसे में मोहाली के डीसी गिरिश दयालन ने बताया कि युवाओं को नशे से मुक्ति दिला रोजगार मुहैया करवाने के लिए मिशन रेड स्काई की शुरूआत की गई है। वीरवार को इस मुहिम की शुरूआत मोहाली में भी की गई। इस मिशन में प्रशासन के अलग अलग विभागों के 50 से ज्यादा अधिकारियों को मिशन रेड स्काई अफसर नियुक्त किया गया है। डीसी ने बताया कि मिशन रेड स्काई के अधीन नशे की गिरफ्त में फंसे युवाओं को खोजा जाएगा। उनकी काउंसलिंग की जाएगी। नशा छुड़वा कर युवाओं की योगयता के अनुसार नौकरी मुहैया करवाई जाएगी। अधिकारियों के अलावा इस मिशन में 10 युवाओं को भी जोड़ा गया है। जिनको रेड स्काई अफसर बनाया गया है।

## पंजाब विधानसभा में बीजेपी विधायक को बोलने से रोका

**चंडीगढ़।** सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी शिअद के सदस्यों ने विधानसभा में भाजपा विधायक अरुण नारंग को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बोलने से रोक दिया और उन्हें पहले केंद्र के कृषि कानूनों पर अपना रुख साफ करने को कहा। नारंग पंजाब विधानसभा के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग ले रहे थे कि इसी बीच कांग्रेस विधायक दलवीर सिंह गोल्डी ने उन्हें रोक दिया। कांग्रेस विधायकों नवतेज सिंह चीमा तथा गुरकीरत सिंह कोटली ने नारंग के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

इन विधायकों ने कहा कि भाजपा विधायकों को सदन में बोलने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि पिछले साल जब पंजाब विधानसभा में केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ संशोधन विधेयक पारित किये गये थे, तो उस समय उन्होंने इनसे दूरी बनाई थी। जब कांग्रेस और शिअद के विधायक भाजपा विधायक का विरोध कर रहे थे तो उस समय पीठासीन सभापति हरप्रताप सिंह अजनाला ने स्थिति को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन विधायकों का विरोध जारी रहा। बाद में गोल्डी ने मीडिया से कहा कि भाजपा विधायकों को बोलने की अनुमति क्यों दी जानी चाहिए, जब भगवा पार्टी कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों की आवाज को नहीं सुन रही है।

## हिमाचल में इस साल भी सीधे एफसीआई के जरिये होगी एसएसपी पर गेहूं की खरीद

**शिमला।** किसान आंदोलन के बीच हिमाचल प्रदेश सरकारने निर्णय लिया है कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी किसानों से गेहूं की खरीद सीधे तौर पर भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से की जाएगी। इस वर्ष पांच मंडियों- जलग्रां, कांगर, पांवटा साहिब, काला अम्ब और फतेहपुर के अलावा अन्य स्थानों पर मंडिया खोली जाएंगी, जिसमें घुमारवीं भी शामिल है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री राजेन्द्र गर्ग की अध्यक्षता में गेहूं खरीद के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर भारतीय खाद्य निगम के साथ आयोजित बैठक में यह तय किया गया। बैठक में किसानों की आय को दोगुनी करने के लक्ष्य के मद्देनजर और अधिक किसानों से 6600 मीटर टन गेहूं की खरीद 1975 रुपये प्रति क्विंटल की दर से करने का निर्णय लिया गया।



राजेंद्र गर्ग ने किसानों से आग्रह किया है कि वह गुणवत्तायुक्त गेहूं को अधिक से अधिक मात्रा में खोली जाने वाली मंडियों में लाएं। उन्होंने पिछले वर्ष 800 मीटर टन की अपेक्षा 3128 मीटर टन गेहूं की खरीद करने के लिए भारतीय खाद्य निगम की प्रशंसा की। मंत्री ने जानकारी दी कि कोविड महामारी के दौरान विभाग ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 6.70 लाख से अधिक एनएफएसए परिवारों को अप्रैल, 2020 से नवम्बर, 2020 तक पांच किलो खाद्यान्न प्रति व्यक्ति तथा एक किलो काला चना प्रति परिवार मुफ्त में वितरित किया।

इसी प्रकार, प्रदेश में फंसे हुए प्रवासी मजदूरों को मई व जून, 2020 में पांच किलो खाद्यान्न प्रति व्यक्ति तथा एक किलो काला चना प्रति परिवार मुफ्त में वितरित किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को तीन मुफ्त रिफिल उपलब्ध करवाए गए। उन्होंने कोविड के दौरान विभाग के कार्यों की सराहना की और निर्देश दिए गए कि भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर कार्य जारी रहे।

## टाटा सम्पूर्ण लाया सम्पूर्ण पोषण थाली अभियान

### भारतीय थाली के सारे गुण और पोषण एकसाथ

» **मदरलैंड संवाददाता**

चंडीगढ़। 'सर्वगुण सम्पन्न' के भरोसे से बना टाटा सम्पूर्ण। एक ब्रांड जो आपको स्वाद के साथ सेहत भी देने का वादा निभाता है। टाटा सम्पूर्ण भारतीय भोजन और सबसे उत्तम भारतीय थाली के सारे गुणों के बारे में करोड़ों भारतीयों को जागरूक बनाने और शिक्षित करने के मिशन पर है। इस कड़ी में #सम्पूर्णपोषण थाली अभियान को शामिल किया गया है। यह अभियान 'स्थानीय आहारम सम्पन्नम पोषणम', (सम्पूर्ण पोषण के लिए स्थानीय भोजन) विषय पर आयोजित एक वेब सिम्पोजियम (परिचर्चा) के दौरान हुई चर्चा से अस्तित्व में आया। इस परिचर्चा को इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन तथा टाटा सम्पन्न द्वारा आयोजित किया गया था। परिचर्चा में महत्वपूर्ण रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि कैसे पारंपरिक भारतीय भोजन की जड़ें विज्ञान के ज्ञान के साथ जुड़ती हैं, जिसके अंतर्गत स्थानीय रूप से उपजे खाद्य को खाने, सही समय पर भोजन करने और सही मात्रा में भोजन करने पर जोर दिया जाता है।

इसी तारतम्य में #सम्पन्न पोषण थाली भारतीयों को इस बात के लिए जागरूक और जानकार बनाती है कि कैसे वे दमदार पोषण से भरपूर रोजाना की भारतीय भोजन सामग्री और मसालों (फूड इंग्रेडिएंट्स) से घर में बने भोजन की थाली से पूरे पोषण का लाभ पा सकते हैं।

इस अभियान का समर्थन कर रहीं अभिनेत्री जूही परमार ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा-'टाटा सम्पन्न के #सम्पन्नपोषण थाली अभियान के इस आयोजन का हिस्सा बनकर मैं प्रसन्न हूँ, जहां तक फूड विजडम की बात है, एक सामान्य भारतीय थाली भी इस मामले में अनमोल है और मेरा अपनी #सम्पन्न पोषण थाली में पूरा विश्वास है। मेरी बिटिया समायरा और मैं 'घर के खाने' के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। मैं इस बात का पूरा ध्यान रखती हूं और यह सुनिश्चित करती हूं कि समायरा को भी उसके नियमित भोजन में वो सारी वैरायटीज मिलें जो मुझे मेरी दादी और माँ ने खिलाई हैं।

मेरी दादी और माँ हर मौसम, कारण और यहां तक कि छोटी मोटी स्वास्थ्यगत चिंताओं को दूर करने के लिहाज से फिट भोजन बनाया करती थीं। मुझे पूरा विश्वास है कि मेरा रोजाना का खाना जिसमे सुबह के नाश्ते के लिए 100 प्रतिशत अनपॉलीश्ड दालों से बना टाटा सम्पन्न बेसन और प्राकृतिक ऑइल को बरकरार रखते हुए बनाये गए मसाले शामिल हैं, वह सर्वगुण सम्पन्नता से भरपूर हैं।'

इस अवसर पर न्यूट्रिशियनिस्ट कविता देवगन ने कहा-'स्थानीय तौर पर उगाया गया भारतीय अनाज और खाद्य, भारतीयों के शरीर की पोषण की जरूरतों के हिसाब से हर स्तर पर खरा उतरता है। भारतीय घरों में रोजाना बनने वाला सामान्य भोजन भी आमतौर पर मैक्रो तथा माइक्रोन्यूट्रिशन का सटीक और शानदार संतुलन होते हैं। जो कि सम्पूर्ण स्वास्थ्य में सुधार को सुनिश्चित करते हैं। हम उन कुछ संस्कृतियों में शामिल हैं जो ताजा भोजन उगाते और खाते हैं।

यह प्रक्रिया हमारे भोजन को सम्पूर्णता देती है और उसे हेल्दी और बहुत स्वादिष्ट भी बनाती है। हमेशा भोजन बनाते समय वे मसाले चुनें जिनमें प्राकृतिक तेलों को बिना नष्ट किये बिना यथावत रखा गया हो, ताकि आपको उन मसालों का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।'

## हिमाचल में कोरोना के आए 77 नए मामले, 2142 बुजुर्गों को लगी वैक्सीन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कोरोना वायरस के मामलों में लगातार इजाफा हो रह है। पिछले 24 घंटे में 77 लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह जानकारी दी गई।

एक मेडिकल बुलेटिन में बताया गया कि बिलासपुर जिले में 18, सिरमौर और सोलन में 17-17, कांगड़ा नौ, शिमला आठ, चंबा तीन, कुल्लू पांच, मंडी एक और ऊना में तीन नए मामले आए हैं। बिलासपुर जिले में कोरोना के 18 नए मामलों में घुमारवीं में एक हौजिरी से एक साथ 16 मामले पॉजिटिव आए हैं। सिरमौर के पांवटा इलाके के तीन शिक्षक भी पॉजिटिव आए हैं।




स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बुधवार को प्रदेश में कोरोना जांच के लिए 6756 लोगों के सैंपल लिए गए। इनमें से 6568 की रिपोर्ट निगेटिव और 138 सैंपलों की रिपोर्ट आनी है। हिमाचल में अब तक 2142 बुजुर्गों को टीका लग चुका है।

इसमें सबसे अधिक मंडी जिले में 430 बुजुर्गों ने टीका लगाया है। विभाग ने बताया कि 45 साल से ऊपर 54 लोगों ने अब तक वैक्सीन का पहला डोज लिया है। बुधवार को 900 से अधिक लोगों ने वैक्सीन लगवाई है। इनमें हिमाचल के पूर्व सीएम 86 वर्षीय वीरभद्र सिंह और उनकी पत्नी भी शामिल रहे हैं। बता दें कि प्रदेश के कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 58877 पहुंच गया है।

सक्रिय मामले अब 495 हो गए हैं। अब तक 57386 संक्रमित ठीक हो चुके हैं और 983 की मौत हुई है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# हमारी जीवनशैली में मूल्यों की अहमियत क्यों घटती जा रही है ?

» ललित गर्ग

''अणुव्रत-मिशन'' की 72 वर्षों की एक ह्ययुग यात्राह्ल नैतिक प्रतिष्ठा का एक अभियान है। परिवर्तन जीवन का शाश्वत नियम है, प्रगति एवं विकास का यह सशक्त माध्यम है। जीवन का यही आनन्द है, यह जीवन की प्रक्रिया है, नहीं तो जीवन, जीवन नहीं है। टूटना और बनना परिवर्तन की चौखट पर शुरू हो जाता है। नये विचार उगते हैं। नई व्यवस्थाएं जन्म लेती हैं एवं नई शैलियां, नई अपेक्षाएं पैदा हो जाती हैं। अब जब भारत नया बनने के लिए, स्वर्णिम बनने के लिए और अनूठा बनने के लिए तत्पर है, तब एक बड़ा सवाल भी खड़ा है कि हमें नया भारत कैसा बनाना है? ऐसा करते हुए हमें यह भी देखना है कि हम इंसान कितने बने हैं? हममें इंसानियत कितनी आई है? हमारी जीवनशैली में मूल्यों की क्या अहमियत है? यह एक बड़ा सवाल है। बेशक हम नये शहर बनाने, नई सड़कें बनाने, नये कल-कारखाने खोलने, नई तकनीक लाने, नई शासन-व्यवस्था बनाने के लिए तत्पर हैं लेकिन मूल प्रश्न है नया इंसान कौन बनायेगा?

अणुव्रत आंदोलन अपनी स्थापना से लेकर अब तक इसी प्रयास में रहा कि इंसान इंसान बने, विकास के साथ-साथ हम विवेक को कायम रखें, नैतिक मूल्यों को जीवन का आधार बनाएं। जिस प्रकार गांधीजी ने 'मेरे सपनों का भारत' पुस्तक लिखी, वैसे ही अणुव्रत आन्दोलन के संस्थापक आचार्य तुलसी ने मेरे सपनों का हिन्दुस्तान एक प्रारूप प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने गरीबी, धार्मिक संघर्ष, राजनीतिक अपराधीकरण, अस्पृश्यता, नशे की प्रवृत्ति, मिलावट, रिश्वतखोरी, शोषण, दहेज और वोटों की खरीद-फरोख्त को विध्वंस का कारण माना। उन्होंने स्टैंडर्ड ऑफ लाइफ के नाम पर भौतिकवाद, सुविधावाद और अपसंस्कारों का जो समावेश हिन्दुस्तानी जीवनशैली में हुआ है उसे उन्होंने हिमालयी भूल के रूप में व्यक्त किया है। आचार्य श्री महाश्रमण इसी भूल को सुधारने के लिए व्यापक प्रयत्न कर रहे हैं। अणुव्रत का स्थापना दिवस- 1 मार्च, 2021 को एक नई एवं आदर्श जीवनशैली को लेकर प्रस्तुत हुआ। कोरोना महामारी से अस्त-व्यस्त हुए जीवन में हर व्यक्ति अपने जीवन की विसंगतियों एवं विडम्बनाओं को लेकर आत्ममंथन कर रहा है, कोरोना की त्रासदी ने इंसान को अपने जीवन मूल्यों और जीवनशैली पर पुनर्चिंतन करने को मजबूर किया है। इसी बदलाव की चौखट पर अणुव्रत आन्दोलन एक ऐसी जीवनशैली की स्थापना के लिये तत्पर है, जिसे अपना कर मानवमात्र स्व-कल्याण से लेकर विश्व कल्याण की भावना को चरितार्थ करने में सक्षम हो सकेगा।

जीवन के त्रासदियों एवं कमियों के परिमार्जित करने का एक सफल एवं सार्थक उपक्रम है अणुव्रत। यह नये भारत को बनाने के हमारे संकल्प-सपने क्या-क्या हो, इसकी एक बानगी प्रस्तुत करता है।



कहते हैं कि सपने पूरे करने के लिये उन्हें देखना जरूरी है। अणुव्रत आन्दोलन आदर्श जीवन का एक संकल्प है, एक संरचना है, एक सपना है। जिसे आधार बनाकर स्वर्णिम भारत बनाना है। लेकिन हम भारतीयों का यह दुर्भाग्य है कि हमने सपने देखना छोड़ दिया है, हमारे संकल्प बौने होते जा रहे हैं। हम आत्मकेन्द्रित होते जा रहे हैं। 'जितना है उसी में संतुष्ट' की सोच अब वैश्विक प्रतिस्पर्धा में हमें पीछे छोड़ रही है। 72 साल पहले देश ने एकजुट होकर एक सपना देखा, वो पूरा भी हुआ। तभी हम आजाद हैं। लेकिन हम आजादी के नशे में जरूरी मूल्यों को भूल गये। परिणाम सामने है, हम आजाद होकर भी हमारे बाद आजाद हुए राष्ट्रों की तुलना में पीछे हैं, समस्याग्रस्त हैं, अपसंस्कृति के शिकार हैं, आलसी हैं, अनैतिक हैं, भ्रष्ट हैं। फिर वक्त सपने देखने का आ चुका है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशवासियों से 'नये भारत-सशक्त भारत- आत्मनिर्भर भारत, सपनों का भारत' के निर्माण का आह्वान कर रहे हैं, वहीं अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य महाश्रमण 'मूल्यों का भारत-स्वर्णिम भारत' निर्मित करने के लिये पांव-पांव चल कर नैतिक शक्तियों को बल दे रहे हैं। एक स्वर्णिम भारत के लिए नैतिक मूल्य बुनियादी आवश्यकता है।

बहत्तर वर्षों पूर्व दिल्ली के चांदनी चौक में अणुव्रत का एक ऐतिहासिक अधिवेशन हुआ, तब अणुव्रत अचरज की चीज थी। अणुव्रत अनुशास्ता से राष्ट्र का नया परिचय था। आज उस रूप में अणुव्रत बुजुर्ग है। अणुव्रत अनुशास्ता नैतिक जगत के शिखर पुरुष हैं। उस समय के विषय थे- काला बाजार, मिलावट....। आज के विषय हैं काला धन, भ्रष्टाचार, लोकतंत्र शुद्धि, चुनाव शुद्धि, शिक्षा में सुधार.....। बुराइयां रूप बदल-बदल कर नये मुखौटे लगाकर आती हैं, जिन्हें शांति व अहिंसा प्रिय नागरिकों को भुगतना पड़ता है। जूझना पड़ता है। सत्ता के स्तर पर गन्दी राजनीति और व्यवस्था के स्तर पर भ्रष्टाचार एवं पक्षपात ने हमारे राष्ट्रीय जीवन के नैतिक मूल्यों को ध्वस्त कर दिया है। राष्ट्रीय विकास के केन्द्र में व्यक्ति नहीं होगा तो सब कुछ नष्ट हो जाएगा। अणुव्रत का दर्शन है कि लोक सुधरेगा तो तंत्र सुधरेगा। व्यक्ति का रूपांतरण होगा तो समाज का रूपांतरण होगा।

अणुव्रत आंदोलन विचार क्रांति के साथ-साथ राष्ट्र क्रांति का मंच है। जब भी राष्ट्र में नैतिक मूल्य धुंधलाने लगे, अणुव्रत आन्दोलन ने एक दीप जलाया। यह दीप मानव संस्कृति का आधार है और दीप का आधार है नैतिक मूल्य, अन्धकार से प्रकाश की यात्रा, असत्य पर सत्य की स्थापना, निराशाओं में आशाओं का संचार। अणुव्रत ऐसी ही सार्थक यात्रा है और इस यात्रा के दौरान ही मनुष्य अपने 'स्व', 'पर' और प्रकृति को गंभीरता से ले पाता है। इस चेतना के बाद ही वह समझ सकता है कि मनुष्य की वैयक्तिकता और सामाजिकता एक ही सिक्के के दो पहलु हैं। तभी वह सही अर्थों में इंसान हो पाता है। वह इंसान जिसके बारे में गालिब ने बड़ी कसक के साथ कहा था, ह्यआदमी को भी मयस्सर नहीं इंसां होना।

भारत एक बड़ी पुरानी सभ्यता रहा है और उसकी अपनी समृद्ध संस्कृति है। हमारे विकास का मॉडल उसी बिन्दु से शुरू करना चाहिए, लेकिन हम अपनी जड़ों से कटकर, अपने संस्कारों से विलग होकर, इतिहास के शून्य में खड़े होते रहे हैं। अब स्वर्णिम भारत को आकार देते हुए हमें इस पर विचार करना चाहिए कि वे कौन-सी दरारें थीं जो हमारे सामाजिक ढांचे को खोखला बनाती रहीं, जीवनबोध में वह कैसा ठहराव था कि हम, जिन्हें संसार में सर्वोपरि होना था, सबसे पीछे रह गये। हमारा जीवन जिन नैतिक आधारों के आसपास बसता है, उन्हें ठीक से समझना और ठीक से बरतना ही जीवन में वास्तविक रूपान्तरण पैदा कर सकता है- व्यक्ति के भी और राष्ट्र के भी। यहीं स्वर्णिमता के नये अर्थ खुलते हैं, यहीं संस्कृति के जीवंत अध्यायों की पुनर्रचना की संभावना पैदा होती है। यहीं मानव जीवन की गरिमा का वास्तविक आधार बनता है। और यहीं कही एक सूर्योदय है। वरना हांकने को तो कुछ भी हांका जा सकता है और नैतिकता को हांकना तो बहुत आसान है, पर यह आत्मक्षय का ही मार्ग प्रशस्त करता है।

अणुव्रत स्थापना दिवस शाश्वत से साक्षात और सामयिक सत्य को देखने, अनुभव करने का एक विनम्र प्रयास है।

## संपादकीय



### कांग्रेसः मरता, क्या नहीं करता

कांग्रेस पार्टी आजकल वैचारिक अधःपतन की मिसाल बनती जा रही है। नेहरू की जिस कांग्रेस ने पंथ-निरपेक्षता का झंडा देश में पहराया था, उसी कांग्रेस के हाथ में आज डंडा तो पंथ-निरपेक्षता का है लेकिन उस पर झंडा सांप्रदायिकता का लहरा रहा है। सांप्रदायिकता भी कैसी? हर प्रकार की। उल्टी भी, सीधी भी। जिससे भी वोट खिंच सकें, उसी तरह की। भाजपा भाई-भाई पार्टी बन गई है, वैसे ही कांग्रेस भी भाई-बहन पार्टी बन गई है। भाई-बहन को लगा कि भाजपा देश में इसलिए दनदना रही है कि वह हिंदू सांप्रदायिकता को हवा दे रही है तो उन्होंने भी हिंदू मंदिरों, तीर्थों, पवित्र नदियों और साधु-संन्यासियों के आश्रमों के चक्कर लगाने शुरू कर दिए लेकिन उसका भी जब कोई ठोस असर नहीं दिखा तो अब उन्होंने बंगाल, असम और केरल की मुस्लिम पार्टियां से हाथ मिलाना शुरू कर दिया। बंगाल में अब्बास सिद्दिकी के ह्यइंडियन सेक्युलर फ्रंटह्ण, असम में बदरूद्दीन अजमल के ह्यऑल इंडिया यूनाइटेड फ्रंटह्ण और केरल में ह्यवेलफेयर पार्टीह्ण से कांग्रेस ने गठबंधन किसलिए किया है, इसीलिए कि जहां इन पार्टियों के उम्मीदवार न हों, वहां मुस्लिम वोट कांग्रेस को संत-मेंत में मिल जाएं। क्या इन वोटों से कांग्रेस चुनाव जीत सकती है? नहीं, बिल्कुल नहीं। लेकिन फिर ऐसे सिद्धांतविरोधी समझौते कांग्रेस ने क्यों किए हैं? इसीलिए की इन सभी राज्यों में उसका जनाधार खिसक चुका है। अतः जो भी वोट, वह जैसे भी कबाड़ सके, वही गनीमत है। इन पार्टियों के साथ हुए कांग्रेसी गठबंधन को मैंने ठग-बंधन का नाम दिया है, क्योंकि ऐसा करके कांग्रेस अपने कार्यकताओं को तो ठग ही रही है, वह इन मुस्लिम वोटरों को भी ठगने का काम कर रही है। कांग्रेस को वोट देकर इन प्रदेशों के मुस्लिम मतदाता सत्ता से काफी दूर छिटक जाएंगे। कांग्रेस की हार सुनिश्चित है। यदि ये ही मुस्लिम मतदाता अन्य गैर-भाजपा पार्टियां के साथ टिके रहते तो या तो वे किसी सत्तारुढ़ पार्टी के साथ होते या उसी प्रदेश की प्रभावशाली विरोधी पार्टी का संरक्षण उन्हें मिलता। कांग्रेस के इस पैंतरे का विरोध आनंद शर्मा जैसे वरिष्ठ नेता ने दो-टूक शब्दों में किया है। कांग्रेस यों तो अखिल भारतीय पार्टी है लेकिन उसकी नीतियों में अखिल भारतीयता कहां है? वह बंगाल में जिस कम्युनिस्ट पार्टी के साथ है, केरल में उसी के खिलाफ लड़ रही है। महाराष्ट्र में वह घनघोर हिंदूवादी शिवसेना के साथ सरकार में है और तीनों प्रांतों में वह मुस्लिम संस्थाओं के साथ गठबंधन में है। दूसरे शब्दों में कांग्रेस किसी भी कीमत पर अपनी जान बचाने में लगी हुई है। मरता, क्या नहीं करता?

# शशिकला ने इसलिए दी है अपने राजनीतिक हितों की कुबार्नी...पर पिक्चर अभी बाकी है

**अटकलें हैं कि शशिकला के इस अप्रत्याशित कदम की पटकथा भाजपा ने लिखी है। पहले तो भाजपा ने प्रयास किये कि शशिकला की अन्नाद्रमुक में वापसी हो जाये लेकिन जब ऐसा नहीं हो सका तो शशिकला को राजनीति से दूर रहने के लिए मना लिया गया क्योंकि शशिकला अगर अपना मोर्चा खड़ा करतीं तो द्रमुक को फायदा हो सकता था। बताया जा रहा है कि भाजपा का पूरा प्रयास है कि तमिलनाडु में एनडीए का शासन बरकरार रहे। यदि द्रमुक और कांग्रेस गठबंधन तमिलनाडु में सरकार बनाने में सफल रहता है तो विपक्षी खेमा मजबूत होगा साथ ही दक्षिण में भगवा खेमे की धाक कम पड़ेगी। भाजपा की नजर इसके साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों पर भी है। यदि एक बार फिर अन्नाद्रमुक सरकार बने तो लोकसभा चुनावों के दौरान तमिलनाडु में एनडीए का प्रदर्शन सुधर सकता है। उल्लेखनीय है कि पिछले चुनावों में एनडीए का यहां नुकसान उठाना पड़ा था। फिलहाल तो शशिकला के ऐलान के बाद अन्नाद्रमुक काफी मजबूत हो गयी है क्योंकि जो पार्टी बगावत रोकने में सफल हो जाये उसका पलड़ा भारी हो ही जाता है। मुख्यमंत्री ई. पलानीस्वामी और उपमुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम के बीच विवाद सुलझाने और दोनों को साथ मिलकर काम करने के लिए भी भाजपा ने ही मनाया था। देखा जाये तो अन्नाद्रमुक में एकता कायम रखने के पीछे भाजपा का ही सबसे बड़ा हाथ है।**



चुनावों के दौरान नेता या तो दल बदल कर या पुराना गठबंधन तोड़कर नया गठबंधन बनाकर राजनीतिक सनसनी फैला देते हैं या फिर चुनावों से पहले कोई बड़ी हस्ती राजनीति में एंट्री मार लेती है लेकिन तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पहले सबको चौंकाते हुए वीके शशिकला ने राजनीति से दूर रहने का ऐलान कर सबको चौंका दिया है। अन्नाद्रमुक की निष्कासित नेता और तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की दशकों तक करीब सहयोगी रहीं वीके शशिकला ने घोषणा की है कि 'वह राजनीति से दूर रहेंगी' लेकिन जयललिता के 'स्वर्णयुगीन' शासन के लिए प्रार्थना करेंगी। एक अप्रत्याशित और आकस्मिक ऐलान के तहत उन्होंने ''अम्मा के समर्थकों'' से भाई-बहन की तरह काम करने की अपील की और यह भी गुजारिश की कि वे यह सुनिश्चित करें कि जयललिता का ह्यस्वर्णयुगीन शासन जारी रहे। उन्होंने एक बयान में कहा, मैं राजनीति से दूर रहूंगी और अपनी बहन पुराचि थलावी (जयलिलता), जिन्हें मैं देवीतुल्य मानती हूं, और ईश्वर से अम्मा के स्वर्णयुगीन शासन की स्थापना के लिए प्रार्थना करती रहूंगी। उन्होंने जयललिता के सच्चे समर्थकों से छह अप्रैल के चुनाव में एकजुट होकर काम करने और साझे दुश्मन को सत्ता में आने से रोकने की अपील की।

शशिकला का राजनीति से दूर रहने वाला बयान इसलिए चौंका गया क्योंकि बेंगलुरू जेल से रिहा होने के बाद शशिकला ने पिछले महीने ही सक्रिय राजनीति में आने की घोषणा की थी। जेल से छूटने के बाद शशिकला ने चेन्नई में जबरदस्त रोड शो भी किया था जिसे उनके शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा गया था। ऐसे में तमाम तरह की अटकलें लगायी जा रही हैं कि अचानक से ऐसा क्या हुआ कि शशिकला राजनीति से दूर हो गयीं। वह शशिकला जोकि जयललिता के जीवित रहते एक तरह से पार्टी और राज्य के शासन संबंधी निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थीं, वह शशिकला जिन्होंने जयललिता के निधन के बाद मुख्यमंत्री बनने का पूरा प्रयास किया लेकिन उन्हें अचानक जेल जाना पड़ गया, आखिर वह सजा पूरी होने के बाद क्यों अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने से पीछे हट गयीं? जेल से छूटने के बाद शशिकला ने अन्नाद्रमुक में वापसी के भरसक प्रयास किये लेकिन जब दाल नहीं गली तो ऐसा लग रहा था कि वह अपना मोर्चा बनाकर अन्नाद्रमुक को नुकसान पहुँचा सकती हैं। लेकिन शशिकला ने ऐसा नहीं किया।

अटकलें हैं कि शशिकला के इस अप्रत्याशित कदम की पटकथा भाजपा ने लिखी है। पहले तो भाजपा ने प्रयास किये कि शशिकला की अन्नाद्रमुक में वापसी हो जाये लेकिन जब ऐसा नहीं हो सका तो शशिकला को राजनीति से दूर रहने के लिए मना लिया गया क्योंकि शशिकला अगर अपना मोर्चा खड़ा करतीं तो द्रमुक को फायदा हो सकता था। बताया जा रहा है कि भाजपा का पूरा प्रयास है कि तमिलनाडु में एनडीए का शासन बरकरार रहे। यदि द्रमुक और कांग्रेस गठबंधन तमिलनाडु में सरकार बनाने में सफल रहता है तो विपक्षी खेमा मजबूत होगा साथ ही दक्षिण में भगवा खेमे की धाक कम पड़ेगी। भाजपा की नजर इसके साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों पर भी है। यदि एक बार फिर अन्नाद्रमुक सरकार बने तो लोकसभा चुनावों के दौरान तमिलनाडु में एनडीए का प्रदर्शन सुधर सकता है। उल्लेखनीय है कि पिछले चुनावों में एनडीए का यहां नुकसान उठाना पड़ा था। फिलहाल तो शशिकला के ऐलान के बाद अन्नाद्रमुक काफी मजबूत हो गयी है क्योंकि जो पार्टी बगावत रोकने में सफल हो जाये उसका पलड़ा भारी हो ही जाता है। मुख्यमंत्री ई. पलानीस्वामी और उपमुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम के बीच विवाद सुलझाने और दोनों को साथ मिलकर काम करने के लिए भी भाजपा ने ही मनाया था। देखा जाये तो अन्नाद्रमुक में एकता कायम रखने के पीछे भाजपा का ही सबसे बड़ा हाथ है।


बहरहाल, शशिकला ने अपने इस कदम से तमिलनाडु की जनता को यह भी संदेश दिया है कि भले उनके भतीजे ने अन्नाद्रमुक से निकाले जाने के बाद अपनी अलग पार्टी बना ली हो लेकिन अम्मा की भक्त शशिकला ने अन्नाद्रमुक से निकाले जाने के बाद कोई नई पार्टी नहीं बनायी और अम्मा की सत्ता की वापसी के लिए अपने राजनीतिक हितों की कुबार्नी दे दी। अब अगर तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक का वर्तमान नेतृत्व सत्ता में वापस नहीं लौट सका तो चुनावों के बाद पार्टी की कमान शशिकला को सौंपने की माँग भी हो सकती है। इसलिए शशिकला की इस चाल का पूरा परिणाम सामने आ गया है यह नहीं कहा जा सकता।

**-नीरज कुमार दुबे**

# वैक्सीन सबसे जरूरी



सिद्धार्थ शंकर



केंद्र सरकार ने कोरोना वैक्सीनेशन की रफ्तार बढ़ाने के लिए सुबह 9 से शाम 5 बजे तक की बाध्यता खत्म कर दी है। यानी, अब निजी अस्पताल चाहें तो किसी भी समय टीका लगा सकते हैं। अगर टीका लगवाने आने वालों की संख्या बढ़ती है तो राज्य सरकारें यह फैसला लेने के लिए भी स्वतंत्र हैं कि वे सरकारी अस्पतालों में भी दिन-रात किसी भी दिन वैक्सीनेशन जारी रख सकती हैं। वैक्सीन की कमी न हो, इसके लिए राज्यों को पांच करोड़ डोज भेजी जा चुकी हैं, जबकि अभी तक 1.49 करोड़ डोज लगी हैं। यानी, राज्यों के पास 3.51 करोड़ डोज बची हुई हैं। मंगलवार से देश के 27 हजार सेंटरों पर टीके लगने शुरू हो गए हैं। इनमें साढ़े 12 हजार सेंटर निजी अस्पतालों ने बनाए हैं। इसके साथ ही कोरोना वैक्सीनेशन के दूसरे फेज में सरकार ने सभी प्राइवेट अस्पतालों को शामिल कर लिया है। पहले इस फेज में पहले सरकारी योजनाओं से जुड़े 10,000 प्राइवेट अस्पताल ही शामिल किए गए थे। वैक्सीनेशन शुरू होने के एक दिन बाद ही यानी मंगलवार को सरकार ने इसका दायरा बढ़ा दिया। साथ ही कहा है कि कोरोना वैक्सीन की कोई कमी नहीं है। वैक्सीन की रफ्तार बढ़ाने सरकार का यह कदम सही है। पिछले दो चरणों में वैक्सीन को लेकर फैली गलत धारणा को खत्म करने के लिए इस तरह के कदम की जरूरत थी। हालांकि, धारणा को मिटाने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे आए और कोवैक्सीन की डोज ली। प्रधानमंत्री के खुद टीका लगवाने से निस्संदेह इसे लेकर लोगों में बनी हिचक कुछ हद तक टूटी होगी। कुछ राज्यों में कोरोना के मामले फिर से बढ़ने शुरू हो गए हैं, चिकित्सक लगातार जोर दे रहे हैं कि लोगों को टीकाकरण अभियान में आगे बढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और कोरोना का चक्र तोड़ने में काफी मदद मिलेगी। मगर अब भी बहुत सारे लोग इस टीकाकरण अभियान को शक की नजर से देखते आ रहे हैं। टीका बनाने वाली कंपनियां और तमाम चिकित्सक भरोसा दिला रहे हैं कि इन टीकों का कोई दुष्प्रभाव नहीं होगा। फिर भी बहुत सारे लोगों का इस पर भरोसा नहीं बन पा रहा है। पहले चरण में पंजीकृत बहुत सारे स्वास्थ्य कर्मियों ने भी टीका लगवाने को लेकर अपने पांव पीछे खींच लिए थे। कुछ राजनीतिक दलों ने सवाल भी उठाए थे कि अगर ये टीके इतने निरापद हैं तो क्यों नहीं प्रधानमंत्री और राज्यों के मुख्यमंत्री खुद टीका लगवाते। उसके बाद प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि दूसरे चरण में वे टीका लगवाएंगे। उनके साथ राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक भी टीका लगवाएंगे। इस क्रम में दूसरे चरण के पहले दिन बिहार और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों ने भी टीके लगवा लिए।

ऐसे आपदा के वक्त जब किसी अभियान को लेकर लोगों का भरोसा नहीं बन पाता तो शीर्ष नेतृत्व के आगे आने से उनमें आत्मबल जागता ही है। प्रधानमंत्री पर बहुसंख्य लोगों को भरोसा रहता है, इसलिए उनके आगे आने से इस अभियान के गति पकडे की उम्मीद स्वाभाविक है। अब निजी अस्पतालों में भी टीके उपलब्ध कराने की घोषणा कर दी गई है। कीमत भी तय कर दी गई है। ढाई सौ रुपए। इस तरह जो लोग सरकारी टीकाकरण केंद्रों में जाने से हिचकते रहे होंगे, वे भी इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। जो भी पैसे खर्च करके टीका लगवा सकते हैं, वे भीड़भाड़ से बचने के लिए निजी अस्पतालों की सेवाएं लेना बेहतर समझेंगे। कोरोना टीकाकरण अभियान में गति लाना इसलिए बहुत जरूरी है कि इस महामारी पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। इसका विषाणु अपने रूप बदल कर बार-बार आक्रामक हो उठ रहा है।

यह लेखक की निजी राय है

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# अंतरिक्ष में तूफानों की पुष्टि, वैज्ञानिकों ने नाम दिया स्पेस हरिकेन

**लंदन।** अंतरिक्ष में स्थित गृहों को लेकर वैज्ञानिक शोधों से नया खुलासा हुआ है कि यहां तूफान भी सक्रिय हैं। पृथ्वी पर सारे मौसमी परिवर्तन उसके वायुमंडल की सबसे निचली परत क्षोभमंडल पर ही होते हैं। काफी समय से वैज्ञानिकों में चक्रवाती तूफान चक्रवाती तूफान की चर्चा हो रही थी, लेकिन हाल ही में वैज्ञानिकों ने उत्तरी ध्रुव के ऊपर उच्च वायुमंडल में इसके होने की पुष्टि की है। पहली बार देखे गए इस अंतरिक्षीय तूफान को वैज्ञानिकों ने स्पेस हरिकेन नाम दिया है। इसके बारे में उनका कहना है कि ऐसी घटना सभी ग्रह में पाई जाती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सैटेलाइट के आंकड़ों के आधार पर चीन के शैंगडोंग यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने यह घोषणा उत्तरी ध्रुव के मीलों ऊपर 621 मील चौड़ी प्लाज्मा की घूमती आकृति का विश्लेषण करने के बाद की है। शोधकताओं ने चक्रवात के आकार का ऑरोर का धब्बा देखा जिसके केंद्र में बहाव शून्य था और वृत्तीय प्लाज्मा बहुत ही तीव्र गति से बह रहा था। ये सारे गुण पृथ्वी के निचले वायुमंडल पर पाए जाने वाले हरीकेन में पाए जाते हैं। स्पेस हरिकेन पृथ्वी के सतही हरिकेन



में एक बड़ा अंतर होता है। उसमें पानी की जगह इलेक्ट्रॉन की बारिश होती है।

स्पेस हरिकेन पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध में पाए जाने वाले हरिकेन की तरह घड़ी की विपरीत दिशा में घूमते हैं। यह स्पेस हरिकेन टूटने से पहले आठ घंटने तक चलता रहा। हरिकेन खास तरह के चक्रवाती तूफान होते हैं। ये दुनिया के अलग अलग जगहों पर कई तरह के नामों से जाने जाते है जैसे टाइफून, चक्रवाती तूफान, उष्णकटीबंधीय तूफान, या फिर सिर्फ साइक्लोन। यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग के अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रोफेसर माइक लॉकवुड का कहना है कि मैग्नेटिक फील्ड और प्लाज्मा वाले ग्रहों और उपग्रहों में हरिकेन एक सार्वभौमिक प्रक्रिया के तहत मौजूद हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक यह निश्चित नहीं था कि स्पेस प्लाज्मा हरिकेन होते हैं या नहीं लेकिन यह अवलकोन अविश्वसनीय है। इससे पहले मंगल, शनि, गुरु, और शनि के निचले वायुमंडल में इस तरह के हरिकेन अवलोकित किए गए हैं। हाल में हुई यह खोज पृथ्वी के उच्च वायुमंडल में पहली बार किसी हरिकेन के पाए जाने की हुई है।

एक प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक हरिकेन बहुत ही ताकतवर ऊर्जा और द्रव्यमान आवागमन से जुड़ा होता है इसलिए पृथ्वी के उच्च वायुमंडल में हरिकेन बहुत ही प्रचंड रहा होगा। इसके साथ ही वह कारगरता से सौर पवन को पृथ्वी के आयनमंडल में पहुंचा पा रहा होगा। शोधकताओं का कहना है कि स्पेस हरिकेन अंतरिक्ष से आयनमंडल और बाह्य वायुमंडल के लिए एक तेजी से ऊर्जा स्थांतरण चैनल खोल देते हैं। यह अंतरिक्ष के मौसम के प्रभाव के रहस्यों का खुलासा कर सकता है। जिसमें सैटेलाइट ड्रैग, उच्च आवर्ति वाले रेडियो संचार में व्यवधान प्रमुखता से शामिल हैं।

# बाइडेन ने कश्मीर में लोकतंत्र बहाली को लेकर भारत को सराहा

**वाशिंगटन।** भारत द्वारा अपने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आर्थिक एवं सियासी हालात को पूर्ण रूप से सामान्य करने की दिशा में उठाए गए कदमों का अमेरिका ने स्वागत किया। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि अमेरिका जम्मू-कश्मीर में बदलते हालात पर लगातार नजर रख रहा है। उन्होंने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कश्मीर के संबंध में अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आर्थिक और सियासी हालात को पूरी तरह से सामान्य करने के लिए उठाए गए कदमों का हम स्वागत करते हैं। जैसा कि हमने पहले कहा है, विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकेन को अपने भारतीय



समकक्ष के साथ द्विपक्षीय रूप से और क्वाड के जरिए बात करने के अवसर मिले हैं।


क्वाड भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान का समूह है, जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत को मुक्त क्षेत्र सुनिश्चित करना है। प्राइस ने कहा कि अमेरिका का भारत और पाकिस्तान के साथ भी महत्वपूर्ण संबंध है। उन्होंने कहा कि हमारे विचार से ये संबंध अपने बूते पर कायम हैं। जब अमेरिका की विदेश नीति की बात आती है तो यह एक का लाभ और दूसरे की हानि का विषय नहीं होता है। हमारे बीच लाभकारी और रचनात्मक संबंध हैं और ऐसे संबंधों में एक के साथ हमारे संबंधों से दूसरे की अहमियत कम नहीं होती। इसमें एक के साथ हमारे संबंध दूसरे की कीमत पर नहीं होते। जब भारत की बात आती है तो हमारे बीच वैश्विक व्यापक रणनीतिक साझेदारी है। जब पाकिस्तान की बात आती है तो इस बारे में मैंने पहले कहा था कि क्षेत्र में हमारे महत्वपूर्ण साझा हित हैं और इन साझा हितों पर हम पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। प्राइस ने कहा कि अमेरिका कश्मीर मुद्दे तथा अन्य विषयों पर भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी वार्ता का समर्थन करता है।

## केली ने साउथईस्ट एशियन प्रिंसेज बनने के अनुभव को बताया रोमांचक

**लॉस एंजेलिस।** वियतनामी मूल की अमेरिकी अभिनेत्री केली मैरी ट्रान को पहली साउथईस्ट एशियन डिज्नी प्रिंसेज बनना काफी रोमांचक लगा है। केली फिल्म ह्लराया एंड द लास्ट ड्रैगनह्व में मुख्य किरदार राया के किरदार को अपनी आवाज देने वाली हैं। वे कहती हैं कि डिज्नी की पहली साउथईस्ट एशियन प्रिंसेज बनने का अनुभव काफी रोमांचकारी रहा। यह एक बड़ी बात है। यह एक बहुत बड़े सम्मान की भी बात है और साथ में एक बड़ी जिम्मेदारी भी है और मैं इसके साथ न्याय करना चाहती हूं। मैं वाकई में बहुत ज्यादा आभारी हूं और अभी भी इस पर पूरी तरह से यकीन कर पाना मेरे लिए मुमकिन नहीं हो पा रहा है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि ह्लराया वाकई में एक अद्भुत किरदार है।

## संक्षिप्त समाचार

## चीन को लेकर अमेरिका का बड़ा बयान, बताया अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा



वाशिंगटन। चीन के साथ अमेरिका के संबंधों को '21वीं सदी की सबसे बड़ी भू–राजनीतिक परीक्षा' करार देते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि एशियाई देश आर्थिक, कूटनीतिक, सैन्य और प्रौद्योगिकी क्षमता से युक्त एकमात्र ऐसा राष्ट्र है जो स्थाई और मुक्त अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को गंभीर चुनौती देने की क्षमता रखता है। जो बाइडन सरकार के विदेश नीति के आठ महत्वपूर्ण बिन्दुओं का खुलासा करते हुए ब्लिंकन ने कहा, हम 21वीं सदी की सबसे बड़ी भू–राजनीतिक परीक्षा देंगे : चीन के साथ अपने संबंधों की। रूस, ईरान और उत्तर कोरिया सहित कई देश हमारे समक्ष चुनौती पेश करते हैं और हमें यमन, इथोपिया और बर्मा में गंभीर संकट से निपटना पड़ रहा है। लेकिन चीन के कारण उत्पन्न चुनौतियां अलग हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यचीन आर्थिक, कूटनीतिक, सैन्य और प्रौद्योगिकी क्षमता से युक्त एकमात्र ऐसा राष्ट्र है जो स्थाई और मुक्त अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को गंभीर चुनौती देने की क्षमता रखता है। विदेश मंत्री ने कहा, ह्यह्यवो सभी नियम, मूल्य और संबंध जो दुनिया को हमारे मुताबिक चलने देते हैं, वह इसलिए है क्योंकि अंततः वह अमेरिका के लोगों के हितों की पूर्ति करते हैं और अमेरिकियों के मूल्यों पर चलते हैं। जब जरुरत होगी चीन के साथ हमारा संबंध प्रतियोगी होगा।

## म्यांमारः सुरक्षा बलों ने की 33 प्रदर्शनकारियों की हत्या, अमेरिका ने जताई चिंता

वाशिंगटन। अमेरिका ने बुधवार को कहा कि असैन्य शासन को बहाल करने की शांतिपूर्ण तरीके से मांग कर रहे म्यांमार के लोगों के प्रति बरती जा रही भयावह हिंसा को देखकर वह स्तब्ध है और बहुत ही दुखी है। पिछले महीने म्यांमार में हुए सैन्य तख्तापलट का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। बुधवार को म्यांमार के सुरक्षा बलों ने कम से कम 33 प्रदर्शनकारियों की हत्या कर दी। एक फरवरी को हुए तख्तापलट के बाद से एक दिन में जान गंवाने वालों की यह सर्वाधिक संख्या है। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइज ने कहा, "जो तस्वीरें और खबरें मिल रही हैं, वे हैरान करने वाली हैं। असैन्य सरकार को बहाल करने का शांतिपूर्ण आह्वान कर रही बर्मा की जनता पर बरसाई जा रही भयावह हिंसा को देखकर हम स्तब्ध और दुखी हैं।" अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में प्राइज ने कहा, ह्यह्यहम सभी देशों का आह्वान करते हैं कि बर्मा की सेना द्वारा अपने ही लोगों के खिलाफ की जा रही बर्बर हिंसा की वे एक होकर निंदा करें और सेना की कार्रवाई पर जवाबदेही की मांग करें जिसके कारण बर्मा में अनेक लोगों को अपनी जिंदगी से हाथ धोना पड़ा है। एक सवाल के जवाब में प्राइज ने कहा कि पत्रकारों की गिरफ्तारियों और उन पर बढ़ते हमले को लेकर अमेरिका बेहद चिंतित है। उन्होंने कहा, "हम सेना से मांग करते हैं कि उन्हें (पत्रकारों को) तुरंत छोड़ा जाए, मीडिया को डराना धमकाना और प्रताड़ित करना बंद किया जाए और अन्यायपूर्ण तरीके से हिरासत में लिए गए लोगों को भी छोड़ा जाए ताकि वे अपने वैश्विक अधिकारों का इस्तेमाल कर सकें।

## खतरे में इमरान खान की सरकार ! पूर्व PM गिलानी ने सीनेट चुनाव में वित्त मंत्री को हराया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के वित्त मंत्री अब्दुल हफीज शेख को महत्वपूर्ण सीनेट चुनावों में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी ने पराजित कर दिया। इस नतीजे को प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है क्योंकि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मंत्रिमंडल के अपने सहयोगी के लिए प्रयास किया था। सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी (पीटीआई) ने दावा किया था कि उसे 182 सदस्यों का समर्थन हासिल है जबकि सीनेटर को चुनने के लिए 172 वोटों की आवश्यकता थी। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने घोषणा की कि, ह्यह्ययूसुफ रजा गिलानी को 169 मत मिले जबकि शेख को 164 मत मिले। सात मत खारिज हुए। कुल 340 वोट डाले गए। प्रधानमंत्री खान ने शेख की जीत सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रयास किया था। ग्यारह विपक्षी पार्टियों के एक गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) ने गिलानी का समर्थन किया था। इसमें पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी भी शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि शेख 2008 से 2012 तक पूर्व प्रधानमंत्री गिलानी के कार्यकाल के दौरान उनके मंत्रिमंडल में मंत्री थे। सरकार के प्रवक्ता शहबाज गिल ने कहा कि विपक्ष केवल पांच मतों के अंतर से जीत गया जबकि सात मत खारिज हो गये। उन्होंने चुनाव को चुनौती देने की घोषणा की।

# रक्षा सौदे में भारत की सुरक्षा व संप्रभुता के लिए हैं प्रतिबद्धः अमेरिका

**वाशिंगटन।** बाइडेन प्रशासन ने कहा कि भारत को प्रमुख रक्षा उपकरणों की बिक्री देश की सुरक्षा एवं संप्रभुता के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। अमेरिका द्वारा भारत को रक्षा उपकरणों की बिक्री का दायरा बढ़ाकर अब 20 अरब डॉलर तक कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस साल अमेरिका ने भारत के लिए 20 अरब डॉलर तक के रक्षा उपकरणों की बिक्री को मंजूरी दी है। रक्षा के क्षेत्र में बिक्री का दायरा बढ़ाने की पेशकश भारत की सुरक्षा एवं संप्रभुता के लिए हमारी प्रतिबद्धता है। प्राइस ने कहा कि यह वैश्विक, व्यापक, रणनीतिक साझेदारी के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इससे पहले साक्षात्कार में अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा था कि द्विपक्षीय सैन्य एवं सुरक्षा संबंध पहले की तुलना में अधिक मजबूत हुए हैं। संधू ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत को प्रमुख रक्षा साझेदार का दर्जा देना और स्ट्रैटजिक ट्रेड ऑथोराइजेशन-1 के दर्जे को मान्यता देने तथा चार मूलभूत समझौतों पर हस्ताक्षर से दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग के लिए अमेरिका के साथ लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (लेमोआ), कम्युनिकेशंस कॉम्पैटिबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट (कॉमकासा), इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी एनेक्स और बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बेका) पर हस्ताक्षर किए हैं।



म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के विरोध में जारी आंदोलने के दौरान पुलिस ने फायरिंग शुरू कर दी। - फोटो

## सैटलाइट फोटोज में दिखीं मर्खा नदी के दोनों ओर गहरी रहस्यमयी धारियां

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कोरोना की तीसरी लहर का खतरा मंडराने लगा है। कोरोनो वायरस प्रतिबंधों में ढील देने के कारण कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर स्थिति ऐसी ही बनी रही तो देश में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर आ सकती है। पाकिस्तान में कोरोना संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 581,365 हो गई है। 24 फरवरी को, कोविड पर नेशनल कमांड एंड ऑपरेशन सेंटर (एनओसी) ने वाणिज्यिक गतिविधियों, स्कूलों, कार्यालयों और अन्य कार्यस्थलों पर अधिकांश प्रतिबंधों को कम कर दिया जिससे वे पूरी ताकत से काम कर सकें। पाकिस्तान मेडिकल एसोसिएशन (पीएमए) के महासचिव कैसर सज्जाद ने कहा कि हम एक ऐसे समाज में रह रहे हैं जहां लोग कोरोना गाइडलाइन का ठीक से पालन नहीं कर रहे हैं। वे फेस मास्क पहनने वालों को देखकर हंसते हैं। हम पिछले साल सितंबर में प्रतिबंध हटाने के परिणाम पहले ही देख चुके हैं, जब 100 से 200 दैनिक मामले सामने आ रहे थे,



और एक महीने के भीतर सरकार को कोरोनावायरस की दूसरी लहर की घोषणा करनी पड़ी।

उन्होंने कहा कोविड-19 टीकाकरण के लिए देश की प्रतिक्रिया ह्यबहुत धीमीह्व है और इसके लिए उन्होंने सरकार को दोषी ठहराया। माइक्रोबायोलॉजिस्ट जावेद उस्मान ने बताया कि तीसरी लहर की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। हम वायरस को वापसी करने का अवसर दे रहे हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अब पाकिस्तान में वायरस के एक से अधिक वैरिएंट हैं और वे अधिक संक्रामक हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में कोरोना वायरस के नए यूके वेरियंट के कई मामलों की पुष्टि हुई है जिसके बाद सरकार ने लोगों से कहा है कि वह कोरोना वायरस से बचाव के नियमों का पालन करें और वैक्सीन लगवाएं।

## पूर्व पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ बीमार, कुछ ने हमदर्दी तो कुछ ने गुस्सा जताया

**करांची।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति और तानाशाह के रूप कुख्यात रहे परवेज मुशर्रफ इन दिनों गंभीर रूप से बीमार चल रहे हैं उनकी एक ताजा तस्वीर सामने आई हैं और इस तस्वीर को देखते ही पाकिस्तानियों की भावनाएं बेकाबू हो गई हैं। इस तस्वीर में मुशर्रफ बीमार हालत में दिख रहे हैं और काफी कमजोर लग रहे हैं। कोई पूर्व तानाशाह को लेकर अपना गुस्सा जाहिर कर रहा है, तो कोई उनके साथ अपनी हमदर्दी जता रहा है। बहरहाल फोटो को शेयर करते हुए ऑल पार्टीज मुस्लिम लीग ने मुशर्रफ के जल्द बेहतर होने की दुआ की। पाकिस्तान की मुशर्रफ सरकार में मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, ह्यआपकी अच्छी सेहत के लिए कामना राष्ट्रपति महोदय। आपको मुस्कुराते देखकर अच्छा लगा। आपने पूरी जिंदगी पाकिस्तान के लिए लड़ाई लड़ी है। आपके लिए प्रार्थना और शुभकामनाएं ह्व

हालांकि पाकिस्तान की आम जनता ने चौधरी फवाद हुसैन की तरह प्रतिक्रिया नहीं दी। सैयद फैसल नाम के



एक यूजर ने लिखा, ह्यपाकिस्तान के लिए लड़ाई लड़ी? विदेशी ताकतों को अपनी जमीन पर बम गिराने और महिलाओं सहित अपने नागरिकों का अपहरण करने का न्यौता देकर। कौन सा सैनिक विदेशी ताकतों को अपनी जमीन और नागरिकों पर ऐसा करने का न्यौता देता है। सिर्फ एक गद्दार ही ऐसा कर सकता है। ह्यएक यूजर ने लिखा कि याद रखना पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश को टॉर्चर करने के लिए मुशर्रफ ने अपने गुंडे भेजे थे। इस बात को याद रखना। एक यूजर ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया था कि मुशर्रफ ने मुताहिदा कौमी आंदोलन के साथ मिलकर कराची में 48 लोगों की हत्या की साजिश रची थी। कई लोगों ने मुशर्रफ पर पाकिस्तान को अमेरिका के हाथों डॉलर में बेचने का आरोप भी लगाया।

हालांकि कुछ लोगों ने मुशर्रफ की तारीफ भी की और उनके प्रति हमदर्दी जताई। फरोजान बोखारी नाम की एक यूजर ने लिखा कि सबसे ज्यादा सम्मानित राष्ट्रपति मुशर्रफ को सलाम! एके खान ने लिखा कि एक राष्ट्र के तौर पर हमें शर्म आनी चाहिए जिस तरह हम अपने असली नायकों के साथ व्यवहार करते हैं। मुशर्रफ को पाकिस्तान लौटने देना चाहिए और बाकी की जिंदगी अपने मुल्क में गुजारनी चाहिए। नरक मिले उन लोगों को जो इस महान आदमी से नफरत करते हैं। बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ ने साल 2001 से 2008 तक राष्ट्रपति की कुर्सी संभाली। 1999 में तख्तापलट के बाद वह देश के 10वें राष्ट्रपति बने थे। महाभियोग से बचने के लिए उन्होंने 2008 में इस्तीफा दे दिया था। 17 दिसंबर 2019 को एक स्पेशल बेंच ने मुशर्रफ को राजद्रोह के केस में मौत की सजा सुनाई थी।

## अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है चीनः ब्लिंकन

**वाशिंगटन।** चीन के साथ अमेरिका के संबंधों को 21वीं सदी की सबसे बड़ी भू-राजनीतिक परीक्षा करार देते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने कहा कि एशियाई देश आर्थिक, कूटनीतिक, सैन्य और प्रौद्योगिकी क्षमता से युक्त एकमात्र ऐसा राष्ट्र है जो स्थाई और मुक्त अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को गंभीर चुनौती देने की क्षमता रखता है।

जो बाइडेन सरकार के विदेश नीति के आठ महत्वपूर्ण बिन्दुओं का खुलासा करते हुए ब्लिंकन ने कहा कि हम 21वीं सदी की सबसे बड़ी भू-राजनीतिक परीक्षा देंगे, चीन के साथ अपने संबंधों की। रूस, ईरान और उत्तर कोरिया सहित कई देश हमारे समक्ष चुनौती पेश करते हैं और हमें यमन, इथोपिया और बर्मा में गंभीर संकट से निपटना पड़ रहा है लेकिन चीन के कारण उत्पन्न चुनौतियां अलग हैं। उन्होंने कहा कि चीन आर्थिक, कूटनीतिक, सैन्य और प्रौद्योगिकी क्षमता से युक्त एकमात्र ऐसा राष्ट्र है जो स्थाई और मुक्त अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को गंभीर चुनौती देने की क्षमता रखता है।

## अमेरिका में भारतवंशी सांसद प्रमिला जयपाल को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतवंशी सांसद प्रमिला जयपाल को एकाधिकार व्यापार रोधी, वाणिज्यिक और प्रशासनिक कानून पर संसद की उपसमिति का उपाध्यक्ष बनाया गया है। चेन्नई में जन्मीं जयपाल (55) एकाधिकार व्यापार रोधी कार्रवाई, प्रतिस्पर्धा रोधी फैसलों पर नियंत्रण, एकाधिकार जमाने वाले वाली प्रवृत्तियों को रोकने और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों से जुड़े उप समिति के आवश्यक कार्यों को देखेंगी। वह मुक्त प्रेस को सुरक्षा प्रदान करने और नवोन्मेष से जुड़े कार्यों को भी देखेंगी। मीडिया में जारी एक विज्ञप्ति में यह कहा गया। डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता जयपाल प्रतिनिधि सभा में इकलौती भारतवंशी हैं। उन्होंने अमेरिका में कई दशकों में सामने आए पहले एकाधिकार व्यापार रोधी मामले की जांच में भी हाल में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

जयपाल ने एक बयान में कहा, ह्यह्यएकाधिकार व्यापार रोधी, वाणिज्यिक और प्रशासनिक कानून पर प्रतिनिधि सभा की उपसमिति की अगुवाई का मौका मिलने पर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। एकाधिकार व्यापार रोधी कानून तैयार करने के लिहाज से यह महत्वपूर्ण समय है।

उन्होंने कहा, ह्यह्यइसके जरिए हम कामगारों की पैरवी करने के साथ, घृणा और दुष्प्रचार को रोकने और मुक्त प्रेस की रक्षा करते हुए प्रभावशाली प्रौद्योगिकी कंपनियों को जवाबदेह बनाएंगे।

पिछले साल जुलाई में जयपाल ने तीन बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से पूछताछ की थी। उन्होंने अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस, गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग से सवाल किए थे। दिसंबर में जयपाल कांग्रेसनल प्रोग्रेसिव कॉकस (सीपीसी) की अध्यक्ष चुनी गयी थीं। इससे वह 117 वीं कांग्रेस में सबसे प्रभावशाली सांसदों में से एक बन गयीं।

## नए कोरोना वैरिएंट से 70 से 85 साल के लोगों में 5 से 7 फीसदी बढ़ जाती है मृत्यु दर

**लंदन।** यह गलत नहीं है कि कोरोना वायरस के यूके वैरिएंट (बी.1.1.7) और साउथ अफ्रीका स्ट्रेन (बी.1.351) को कुछ ही हफ्तों पहले खोजा गया है, लेकिन इनके बारे में लगातार हो रहे अध्ययनों में कुछ गंभीर बातें सामने आ रही हैं। अध्ययन से पता चल चुका है कि ये वैरिएंट्स ज्यादा तेजी से फैलने वाले हैं। यह भी देखा गया कि इन स्ट्रेनों के संक्रमण के बाद कुछ लक्षण भी अलग हैं और ये उन लोगों को चपेट में ले रहे हैं, जिन्हें पहले तुलनात्मक रूप से ज्यादा सुरक्षित माना जा रहा था।

सवाल यह है कि क्या ये वैरिएंट जानलेवा भी पाए गए हैं? रिपोर्ट्स की मानें तो जिन एज समूहों को पहले हेल्दी मानकर कोरोना का खतरा कम होने की बात कही गई थी, नए वैरिएंट्स उस एज ग्रुप के लिए भी जोखिम बन गए हैं। यही नहीं, कुछ ताजा रिपोर्टों के अनुसार कई मामलों में इन स्ट्रेनों के चलते मृत्यु दर में इजाफा हो सकता है। भारत में इन स्ट्रेनों के केस पाए जा चुके हैं, ऐसे में यह समझना अहम है कि ये स्ट्रेन कितने गंभीर हैं और क्यों।

ब्रिटेन के कुछ हिस्सों में तेजी से फैले इस वैरिएंट के बारे में ताजा रिसर्च लंदन स्कूल ऑफ हाईजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन में हुई। इसमें पाया गया है कि यह वैरिएंट पहले के वायरस की



तुलना में 33 फीसदी ज्यादा जानलेवा साबित हो सकता है। इस तरह के अध्ययनों के बीच लंदन के वैज्ञानिक नवंबर 2020 से जनवरी 2021 के बीच पॉज़िटिव पाए गए 8,50,000 से ज्यादा लोगों के नमूनों को देख रहे हैं कि वो किस वैरिएंट से संक्रमित हुए हैं। इसके अलावा और भी कुछ अध्ययनों में यह बताया गया है कि नया वैरिएंट संक्रमित लोगों में खतरा बढ़ा देता है।

ऑस्ट्रेलिया में किए गए एक अध्ययन में कहा गया है कि अगर कोई मरीज नए वैरिएंट से संक्रमित है, तो एज फैक्टर बढ़ने के साथ मौत का खतरा भी बढ़ जाता है। यही नहीं, इसी तरह की बात इंपीरियल कॉलेज लंदन के अध्ययन में भी कहा गया है कि यह वैरिएंट ज्यादा प्राणघातक दिख रहा है। कौन ज्यादा जोखिम में है? इसका जवाब वही है, जो पहले के वायरस के बारे में बताया गया यानी बीमार, कमजोर इम्युनिटी और ज्यादा उम्र के लोग इस वैरिएंट की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। 70 से 84 साल की उम्र के वर्ग में इस वैरिएंट से संक्रमण होने पर मृत्यु दर 5 फीसदी तो 85 से ज्यादा उम्र वर्ग में 7 फीसदी तक बढ़ जाती है। यही नहीं, नया वैरिएंट कम उम्र और सेहतमंद लोगों को भी पिछले वायरस की तुलना में ज्यादा और जल्दी चपेट में ले सकता है।

ऐसा क्यों है? यह पाया जा चुका था कि बी.1.1.7 वैरिएंट ओरिजनल वायरस की तुलना में सभी उम्र, कल्चर और जेंडर वालों के लिए ज्यादा घातक है, अब एक और ताजा रिसर्च यह भी कह रही है कि नया स्ट्रेन 20 साल से कम उम्र के युवाओं और खासकर बढ़ते बच्चों के लिए जोखिम का सौदा है। चूंकि यह स्ट्रेन ज्यादा बड़ी आबादी को टारगेट कर सकता है इसलिए भी संक्रमण के मामले ज्यादा बढ़ रहे हैं। कई अध्ययन चल रहे हैं, अब तक की रिसर्च में सामने आया है कि इस वैरिएंट की सतह पर स्पाइक प्रोटीन मौजूद है, जो एंटीबॉडी को जल्दी पार कर लेता है इसलिए जल्दी संक्रमित करता है। इसी वजह से यह भी कहा जा रहा है कि इस वैरिएंट के खिलाफ मौजूदा वैक्सीनों के स्ट्रॉंग डोज देने होंगे। दूसरी बात यह है कि कोरोना वायरस की मौजूदगी तो आप सामान्य पीसीआर टेस्ट से जांच सकते हैं। इस वैरिएंट की जांच जेनेटिक सीक्वेंस से होती है, जो फिलहाल कठिन है।

## पाकिस्तान- सिंध विधानसभा में नेता भिड़े, चले लात-घूंसे, जान बचाकर भागीं महिला सदस्य

**करांची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत की विधानसभा में पीएम इमरान खान की पार्टी के नेता आपस में भिड़ गए। जब सत्र चल रहा था तब तहरीक ए इंसाफ पार्टी के नेताओं में जमकर लात-घूंसे चले। माहौल इतना भयावह हो गया कि महिला नेताओं को वहां से भागना पड़ा। अब सिंध की विधानसभा में हुए इस बवाल का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, सिंध विधानसभा में बीते दिन सीनेट चुनावों को लेकर मतदान होना था। इसी बीच इमरान खान की पार्टी तहरीक ए इंसाफ के तीन सदस्यों ने ऐलान किया कि वो अपनी मर्जी से ही मतदान करेंगे। यानी उन्होंने पार्टी के निर्देश से अलग जाकर वोट डालने की बात कही।

बस फिर क्या, इसी बात पर पार्टी के बाकी सदस्य खफा हो गए और विधानसभा के अंदर ही बहस शुरू हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि नौबत लात-घूंसे चलने तक पर आ गई। इसी हलचल का एक अन्य वीडियो भी वायरल हो रहा है, जहां पर सदन में मची हलचल के बीच पाकिस्तान की महिला विधायक भी भागती हुई नजर आ रही हैं। पीपीपी की नेता शर्मिला फारुकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बता दें कि पाकिस्तान के सीनेट चुनावों में भले ही इमरान खान की पार्टी को अधिक सीटें मिली हों, लेकिन इमरान खान की सरकार में कैबिनेट मंत्री अब्दुल हफीज शेख अपनी सीट गंवा बैठे हैं। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री युसूफ रजा गिलानी ने हराया है, जिसके बाद पाकिस्तान में विपक्ष इमरान सरकार पर हमलावर है। विपक्ष के इन्हीं हमलों का सामना करने के लिए अब इमरान खान को नेशनल असेंबली में विश्वास मत का सामना करना पड़ सकता है।

# गर्मी आने से पूर्व अलवर में पेयजल की समस्या

» मदरलैंड संवाददाता

- कांग्रेस जिला अध्यक्ष व प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद चौथे दिन अनशन समाप्त

अलवर में पानी की समस्या से परेशान वार्ड संख्या 25 के पार्षद लोचन यादव पिछले 4 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। चौथे दिन कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की पहल के बाद भूख हड़ताल को समाप्त करवाया गया प्रशासन की ओर से सभी मांगों पर जल्द ही कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया गया है। गौरतलब है कि अपने वार्ड में पानी की समस्या होने के कारण वे महिलाओं के साथ धरना दे रहे हैं। गुरुवार को प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील चौहान धरना स्थल पर पहुंचे और पार्षद को बिगडते स्वास्थ्य की जानकारी दी। साथ ही जल्द ही भूख हड़ताल तोड़ने की सलाह दी। लेकिन पार्षद ने मांग नहीं माने जाने तक भूखे रहने की घोषणा की। वहीं सूचना पर तहसीलदार कमल पचौरी और डीएसपी राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने भी पार्षद को समझाने का प्रयास किया लेकिन पार्षद अपनी मांगों को पूरा करने पर अड़े रहे। पार्षद लोचन यादव का कहना था कि पिछले काफी समय से क्षेत्र में पानी की समस्या है। कई बार ज्ञापन और शिकायत करने के बावजूद भी कोई समाधान नहीं हुआ। प्रशासन लगातार हठधर्मिता अपना रहा है।




# वेब सीरीज मैरिज वूमेन की कलाकार रितिका डोगरा और मोनिका डोगरा पहुंची जयपुर

## पत्रकारो से सिरियल की कहानी के साथ ही कुछ अनछुए पहलुओं पर भी की चर्चा

» मदरलैंड संवाददाता

जयपुर। वेब सीरीज मैरिज वूमेन की कलाकार रितिका डोगरा और मोनिका डोगरा ने गुरूवार को जयपुर में पत्रकारो से सिरियल की कहानी के साथ ही कुछ अनछुए पहलुओं पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया यह सीरीज शादी शुदा महिलाओ की जिंदगानी पर आधारित हे फिल्म जब रीतिका से पूछा गया की आपके सामने सबसे बडा चेलेंज क्या रहा इस पर उनका कहना हे हर कलाकार को चेलेंज स्वीकारने होते हे यदि लाइफ रियल होया ड्रामा की चलेंज नहीं हे तो मजा भी नहीं हे उन्होंने लोकडाउन के बारे में बताया की कोरोना और लॉकडाउन के कारण घर परिवार से जुड़ने और साथ रहने का मौका मिला इसलिए थेंक लॉकडाउन एकता कपूर को जयपुर के शाही परिवार की राजकुमारी दीया कुमारी ने सिटी पैलेस में हाई-टी के लिए किया है ।

वरिष्ठ पत्रकार उमेंद्र दाधीच जो चर्चा में शामिल थे उन्होंने बताया कि कंटेंट क्वीन और ओटीटी डिसरपटर एकता कपूर वर्तमान में अपने बहुचर्चित शो, 'द मैरिड वुमन' के प्रचार के लिए जयपुर में हैं जिसमें ऋद्धि डोगरा और मोनिका डोगरा मुख्य किरदार निभा रही हैं। शो 'द मैरिड वुमन' एकता कपूर के काफी करीब है क्योंकि एक ऐसे विषय पर आधारित है जो आज के समय में बेहद रिलेवेंट है। जयपुर में महिला लेखक क्लब के साथ मीटिंग और ग्रीटिंग सेशन के प्रसिद्ध लेखिका मंजू कपूर के बेस्टसेलर उपन्यास 'ए मैरिड वुमन' पर आधारित, शो के ट्रेलर को दर्शकों, फ्रेटर्निटी और आलोचकों से समान रूप से प्रतिक्रिया मिली है। 'द मैरिड वुमन' एक अरबन रिलेशनशिप ड्रामा है जो महिलाओं और समाज में उन पर लगाई गई कंडीशन व खुद को खोजने के बारे में है। शो में रिधि डोगरा और मोनिका डोगरा सेंट्रल करैक्टर है जिसमें इमाद शाह, दिव्या सेठ शाह, नादिरा बब्बर और सुहास आहूजा इत्यादि जैसे उल्लेखनीय कलाकार भी शामिल हैं। 'द मैरिड वुमन' 8 मार्च से केवल ऑल्ट बालाजी और जी5 पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।



# कम परसेंट देने वाले शिक्षकों के खिलाफ शिक्षा विभाग हुआ सख्त

» मदरलैंड, अमित भारद्वाज

रामगढ़। कोरोना के कारण बच्चों की बंद हुई पढ़ाई को पटरी पर लाने के लिए कर शिक्षा विभाग के अधिकारी कर रहे हैं स्कूलों का दौरा। एक तरफ कोरोनावायरस कारण बच्चों की पढ़ाई चौपट हो गई तो दूसरी तरफ शिक्षकों द्वारा लापरवाही बरतने के कारण सरकार के विषय निर्धारित 60% से कम अंक लाने वाले अध्यापकों को मौखिक रूप से भी अधिकारियों द्वारा कहा जा रहा है और लिखित रूप से नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। इसी कड़ी में आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ में गणित विषय के सेकंड ग्रेड अध्यापक कमल माता को सीबीओ द्वारा प्रधानाचार्य कक्ष में बुलाकर चेतावनी दी गई और स्पष्टीकरण भी मांगा गया।

रामगढ़ शिक्षा विभाग के सीबीओ जगदीश जाट और आरा बताया गया कि कोरोना महामारी के कारण बच्चों की पढ़ाई चौपट हो चुकी थी जिसे पटरी पर लाने के लिए स्कूलों के दौरा कर निरीक्षण किया जा रहे हैं और जिन अध्यापकों द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित प्रत्येक विषय में 60% से कम अंक लाने वालों को नोटिस थमा कर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है और बच्चों की पढ़ाई कराने पर जोर देने के लिए विशेष रूप से चेताया जा रहा है।

रामगढ़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगातार 8 वर्षों से गणित विषय में अध्यापन करा रहे हैं अध्यापक कमल माता द्वारा अपने विषय में बच्चों को 40% से अधिक अंक नहीं दिला पाने को लेकर प्रधानाचार्य कक्ष में बुलाकर चेतावनी दी गई और लिखित रूप से स्पष्टीकरण भी मांगा गया इससे पूर्व भी दो बार कमल माता बच्चों को 60% से अधिक अंक नहीं दिलवा पाए थे लेकिन उस समय सरकार की गाइड लाइन में 50% थी थी जिसे आप राज्य सरकार द्वारा 60% कर दिया गया है और बच्चों से एवं शिक्षकों से भी बच्चों की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली जा रही है और स्कूलों के निरीक्षण भी किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री श्याम ध्वजा पद यात्रा खाटू श्याम के लिए 19 मार्च को प्रस्थान करेगी

मदरलैंड संवाददाता, तिजारा । श्री श्याम मंदिर तिजारा की सबसे पुरानी श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा की ओर से 41 वी श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा 19 मार्च को श्री श्याम मंदिर तिजारा से खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेगी । 41 वर्षों से लगातार चली आ रही इस ध्वजा पदयात्रा में श्याम प्रेमी हाथों में रंग बिरंगी ध्वजा लेकर श्री श्याम के जयकारे लगाते हुए बड़े ही उत्साह व श्रद्धा भाव के साथ खाटू धाम बाबा श्री श्याम के दर्शन के लिए जाते हैं। भक्तजनों का इस ध्वजा पद यात्रा के प्रति बहुत ही उत्साह व उमंग देखने को मिल रहा है । पदयात्रा प्रभारी विजेंद्र सैनी ने बताया कि यह ध्वजा पदयात्रा 26 मार्च को खाटू धाम पहुंचेगी इस ध्वजा पदयात्रा में सभी भक्तों के खाने पीने व ठहरने के लिए विशेष ध्यान रखा गया है ।

### श्री श्याम पदयात्रा 20 मार्च को खाटू धाम होगी रवाना

मदरलैंड, महावीर प्रसाद, तिजारा कस्बे में श्री श्री श्याम पदयात्रा सेवा समिति के तत्वाधान में 41 वी विशाल पदयात्रा एवं अखंड ज्योति बाबा के शाही दरबार के साथ दिनांक 20 मार्च को खाटू धाम के लिए रवाना होगी। समिति के मंत्री कमल शर्मा माधो ने बताया है ।कि कार्यक्रम के पावन सानिध्य श्याम भगत सरिता व संदीप यादव गुरुग्राम होंगे ।एवं, मुख्य अतिथि रूप में विधायक संदीप यादव होंगे। अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष झब्बू राम सैनी एवं पालिका उपाध्यक्ष हरीश कुमार करेंगे । कस्बे के गणमान्य लोग जेपी यादव, कमलेश सैनी बलवंत यादव ,संजय सैनी राजेश कसाना, राकेश यादव, रामेश्वर सैनी, जस्सू महाराज, शिवचरण सैनी होंगे। श्याम पदयात्रा में मेडिकल सेवा नेमीचंद मुदगिल अध्यक्ष श्री श्याम जागृति मंडल समिति भिवाड़ी द्वारा पदयात्रा में मेडिकल की व्यवस्था 24 घंटा रहेगी ।बाबा श्याम का भव्य चांदी के रथ के साथ चांदी की ध्वजा बाबा के शाही दरबार के साथ खाटू धाम पहुंचेगी।

### केंद्र की योजनाओं को अपनी योजना बता कर, बहरोड विधायक जनता को कर रहे हैं गुमराह : सांसद बालकनाथ

मदरलैंड, मयंक जोशी, बहरोड़। विधायक की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए अलवर सांसद बालक नाथ योगी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से बहरोड़ ही नहीं संपूर्ण अलवर जिले के लिए कार्य किए जा रहे हैं। आज देश और दुनिया में प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं का डंका बज रहा है। वहीं बहरोड़ के स्थानीय विधायक प्रधानमंत्री के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को अपनी योजना बताते हुए झूठी वाहवाही लूट रहे हैं। बहरोड़ के विधायक के पास स्वयं अपनी या उनसे समर्पित कांग्रेस सरकार की कोई योजना नहीं है उन्होंने हमेशा जनता को गुमराह कर दूसरे की योजनाओं को अपनी योजना बनाकर महिमामंडन किया है। विधायक के द्वारा किए जा रहे इस कुकृत्य की में कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। स्थानीय विधायक को सुझाव है कि झूठ के आधार पर बहरोड़ की भोली भाली जनता को गुमराह नहीं करें। यदि उन्होंने कोई कार्य किया है तो अपने कार्य को लेकर जनता के मध्य जाए और उनके बारे में बताएं केंद्र की योजनाओं का नाम बदलकर अथवा उन्हें अपनी योजना बताते हुए स्थानीय जनता को ठगने का प्रयास नहीं करें।

## कठूमर उपखंड मुख्यालय पर पटवारी खेड़ल रोड स्थित

# कार्यालय पर बैठकर किया जा रहा है विरोध प्रदर्शन

» मदरलैंड, अशोक भारद्वाज

कठूमर गिरदावर कानून को संघ के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि गुरुवार को खेड़ली रोड स्थित पटवारियों के निजी कार्यालय पर पटवार संघ उप शाखा के अध्यक्ष उत्तम चौधरी के नेतृत्व में सामूहिक रूप से बैठकर राजस्थान कांग्रेस सरकार द्वारा पटवारियों की मांगों को नहीं मानने के चलते 3600 पे ग्रेड को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

इधर गिरदावर कानूनगो संघ के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि पटवारियों द्वारा गत दिनों ग्राम पंचायत स्तर से ज्ञापन भेजे गए यज्ञ हवन कराए गए अहिंसात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया। फिर भी राज्य सरकार इनकी सुनवाई नहीं कर रही है सरकार को 36 सौ पे ग्रेड को लेकर शीघ्र ही सहमति होनी चाहिए जिससे आमजन को भी परेशानियां ना उठानी पड़े।



इधर पटवार संघ के जिला उपाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि पटवारियों की हड़ताल से आजकल पढ़ने वाले विद्यार्थियों व अन्य लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल से राजस्थान सरकार को भी नुकसान होगा राजस्व वसूली में भी गिरावट आएगी क्योंकि यह मार्च का महीना चल रहा है जिसमें पटवारियों द्वारा राजस्व वसूला जाता है। सरकार को शीघ्र ही पटवारियों की बातों पर ध्यान देना चाहिए।

# कलम डाउन कर धरने पर बैठे रहे पटवारी

» मदरलैंड, मयंक जोशी

बहरोड़। बहरोड़ में तहसीलदार कार्यालय के सामने 3600 ग्रेड पे सहित अन्य मांगों को लेकर पटवारी 1 तारीख से पैन डाउन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। 15 जनवरी से अतिरिक्त पटवार मंडलों का कार्य बहिष्कार कर दिया गया। 11 फरवरी से राजस्व बोर्ड अजमेर से पैदल मार्च कर 15 फरवरी से आज दिनांक तक शहीद स्मारक पर धरना दिया जा रहा है। लेकिन सरकार कोई सुध नहीं ले रही है। राजस्थान पटवार संघ द्वारा पटवारी हक यात्रा ग्रेड पे 3600 सहित तीन सूत्री मांगो को लेकर चल रहे कार्यक्रम में 1 मार्च से 4 मार्च तक समस्त पटवारी तहसील कार्यालय में पैन डाउन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। सरकार नहीं मानती है तो 8 मार्च को राजस्थान के समस्त जिला मुख्यालयों पर महीला पटवारियों द्वारा एक दिन का उपवास रखा जायेगा। सम्भाग वार शहीद स्मारक जयपुर पर धरना एवं जिला कार्यकारीणी द्वारा अनशन रखा जायेगा।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश मंत्री का स्वागत किया

» मदरलैंड मयंक जोशी



बहरोड़। भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर उत्तर कार्यालय पर किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री जगदीश सैनी उर्फ गुड्डू का आईटी विभाग जिला संयोजक पंडित वीरू भारद्वाज के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश मंत्री जगदीश सैनी ने जिला सरंचना एवं किसान संपर्क अभियान की चर्चा की। मोदी सरकार द्वारा पारित किसान कल्याणकारी बिल के ऊपर विस्तृत जानकारी दी। कहा कि यह बिल किसानों की आय दोगुनी करने का किसानों के उत्थान के लिए मोदी सरकार तत्पर है। कांग्रेस सरकार भोले-भाले किसानों को भ्रमित करने का कार्य कर रही है। भाजपा का हर एक कार्यकर्ता किसानों के द्वार पर पहुंचेगा और किसानों को जागरूक करने का कार्य करेगा। इस अवसर पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राहुल सैनी, कोटपूतली नगर महामंत्री बालकृष्ण प्रशिक्षण, जिला संयोजक विष्णु सोनी, आईटी मंडल संयोजक, मुकेश लखेरा, राजहंस शर्मा, कृष्ण यादव गौ सेवा संगठन प्रमुख, राकेश गुर्जर एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोड वेस्टिन की पहली डोज लगवाने पहुंची भीड़ आमजन में दिखाई दिया उत्साह

» मदरलैंड अमित खेड़ापति



गोविन्दगढ़। कोविड वैक्सीन की पहली डोज लगवाने के लिए वैक्सीनेशन कक्ष के बाहर भीड़ भाड़ देखी गई । कक्ष के एक तरफ रेवन्यू विभाग के कर्मचारीयो सहित तहसीलदार वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने के लिए इंतजार कर रहे थे तो दूसरी ओर 60 साल से अधिक वर्ष के वरिष्ठ नागरिक अपनी बारी के लिए कतार में खड़े थे। वरिष्ठ नागरिकों के चेहरे पर पहली बार वैक्सीन लगाने को लेकर खास उत्साह झलक रहा था। पहली डोज लगाने पहुंचे वरिष्ठ नागरिक बेसब्री से अपनी बारी आने के लिए उत्सुक दिख रहे थे। काफी देर इंतजार करने के बाद परेशान हुए कुछ लोग स्वास्थ्यकर्मी से पूछने लगे कि अंदर गए लोगों को टीका लगकर आने में कितना समय लगेगा। स्वास्थ्यकर्मी ने उन्हें उनकी वैक्सीनेशन जल्द करवाने का आश्वासन दिया।

तहसीलदार सुरेश शर्मा ने वैक्सीन लगवाने के बाद कहा की डरने की जरूरत नहीं है सभी फ्रंट लाइनवर्कर्स को वैक्सीन लगवानी चाहिए । इसके साथ ही नायब तहसीलदार सहित पटवारियों सहित अन्य राजस्व कर्मियों ने भी वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर टीका लगवाया।

# पटवार संघ ने मांगों को लेकर लक्ष्मणगढ़ उपखंड क्षेत्र के पटवारियों की जारी रही कलम बंद हड़ताल

» मदरलैंड, गिर्राज प्रसाद सोलंकी

लक्ष्मणगढ़। उपखंड क्षेत्र के पटवार संघ अध्यक्ष गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को आज चौथे दिन भी कलम बंद हड़ताल को लेकर पटवारियों ने धरना दिया । राजस्थान पटवार संघ के आह्वान पर राज्य के सभी पटवारी 15 जनवरी से हड़ताल पर हैं । अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक मार्च से आज 4 मार्च तक कलम बंद हड़ताल कर तहसील कार्यालय के बाहर धरना दिया गया।

राज्य सरकार से पटवार संघ की विभिन्न मांगों से संबंधित सन 2012 में जो समझौते हुए थे. उनको राज्य सरकार अपनी हठधर्मिता से लागू नहीं किया है। अधिकतर पटवारियों के पास तीन तीन पटवार क्षेत्र के हल्का दिए हुए हैं। इससे पटवारियों का कार्य भार बढ़ गया है। इसके अलावा पटवारियों को अनेक कार्य राज्य सरकार के द्वारा आदेशित अतिरिक्त कार्य का भार भी हो जाता है। आज अधिकतर कार्य ऑनलाइन भी हो गया है। जो कि एक प्रशिक्षित टेक्निकल श्रेणी में आता है। पटवार संघ ने मांग की है की प्रशिक्षित टेक्निकल श्रेणी की सभी विभागों में रु3600 ग्रेड पे दी जा रही है हमारी भी पे स्केल 3600 दी जावे और 2012 में जो राज्य सरकार से समझोते हुए थे उन्हे लागू किया जावे।




इस दौरान अध्यक्ष गजेंद्र सिंह सतीश मानसिंह भगत जी तेज बहादुर सुमित सीमा लोधा मधुबाला अजय नागपाल आदि उपशाखा लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के 26 सभी पटवारी मौजूद रहे।

## औद्योगिक इकाईयों की रीढ़ की हड्डी

# श्रमिकों के कल्याण के लिए राज्य सरकार की विभिन्न योजना

» मदरलैंड संवाददाता



अलवर । श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि औद्योगिक इकाईयों की रीढ़ की हड्डी श्रमिकों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उन्हें अधिक से अधिक संख्या में लाभांवित करने का विभागीय अधिकारी लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा उनके द्वारा की गई शिकायतों को विभागीय अधिकारी गंभीरता पूर्वक सुनते हुए उनके निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करें। श्रम मंत्री गुरूवार को 50 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के आयोजन के अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। कारखाना एवं बायलर्स निरीक्षण विभाग एवं राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय समारोह के रूप में तकनीकी शिक्षा भवन राजकीय रामचंद्र खेतान पॉलिटेक्नीक महाविद्यालय, जयपुर में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत श्रम मंत्री टीकाराम जूली ने दीप प्रवज्लन के साथ की। श्रम राज्य मंत्री जूली ने कारखाना प्रबंधन से सुरक्षा के सम्बंध में श्रमिकों द्वारा बताई गई । कमियों को श्रमिकों के हित में नजर अंदाज नहीं करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की सीढ़ी चढया है एवं दुर्घटना की सीढी तोडना है के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कारखाना खुरक्षा पुरस्कार योजना के तहत बृहद, मध्यम एवं लद्यु श्रेणी के चयनित विजेताओं को प्रथम पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किये गए। श्रम मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कारखाना प्रतिनिधियों एवं विभाग के सदस्यों को सुरक्षा की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में श्रम आयुक्त प्रतीक झाझडियां, कारखाना एवं बायलर्स निरीक्षक विभाग के मुख्य निरीक्षक मुकेश जैन, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद राजस्थान चेप्टर के अध्यक्ष डीके चौधरी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# औद्योगिक इकाइयों से निकाले जाने का श्रम कानूनों में कोई प्रावधान नहीं: मंत्री जूली

» मदरलैंड, देशबंधु जोशी

अलवर । श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि तिजारा विधानसभा क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र चौपानकी खुशखेडा एवं भिवाड़ी में श्रमिको को बिना पूर्व सूचना के औद्योगिक इकाइयों से निकाले जाने का श्रम कानूनों में कोई प्रावधान नहीं है। बल्कि औद्योगिक इकाइयों द्वारा किसी भी श्रमिक को बिना कारण बताए निकाले जाने की शिकायत प्राप्त होने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के प्रावधानों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच वार्ता आयोजित की जाती है। वही वार्ता असफल होने पर प्राप्त शिकायतों को विवाद घोषित कर प्रावधानों के अनुसार वाद को न्यायिक प्रक्रिया हेतु श्रम न्यायालय को भेज दिया जाता है। श्रम राज्यमंत्री गुरुवार को विधानसभा में विधायक संदीप यादव के प्रश्न के जवाब में बोल रहे थे। श्रम मंत्री ने कहा कि श्रम विभाग में श्रम निरीक्षक से लेकर आयुक्त स्तर तक सभी अधिकारियों को अधिनियम के तहत समझौता अधिकारी नियुक्त किया गया है। किसी भी औद्योगिक संस्थान में श्रमिकों एवं नियोजकों के बीच विवाद उत्पन्न होने पर विभागीय अधिकारियो द्वारा समझौता अधिकारी के रूप में मध्यस्थ की भूमिका निर्वहन करते हुए विवाद हल करने का प्रयास किया जाता है ।जिन विवादों में समझौता संपन्न होता है उन्हें नियमानुसार पंजीकृत कर लिया जाता है। जिनमें मामलों में समझौता नहीं हो पाता उन्हें असफल घोषित कर राज्य सरकार को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिया जाता है ।राज्य सरकार आवश्यक परीक्षण के बाद विवाद को श्रम न्यायालय या औद्योगिक न्यायाधिकरण को प्रेषित कर देती है। उन्होंने बताया कि यदि राज्य सरकार उचित नहीं पाती है तो विवाद को न्याय प्रेषित नहीं करने का निर्णय लेकर पक्षकारों को सूचित कर दिया जाता है।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का रामगढ़ में शुभारंभ

» मदरलैंड संवाददाता

रामगढ़ अलवर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार रामगढ़ मुख्यालय पर दिनांक 3:03 2021 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री श्रवण कुमार मीणा की अध्यक्षता में महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा तालुका विधिक सेवा समिति रामगढ़ के सचिव जितेश जैन ने बताया कि यह सप्ताह दिनांक 3:30 2021 से 10 तीन 2021 तक चलाया जाएगा जिसके तहत स्कूलों में एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्य जगहों पर जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे उन शिविरों में महिलाओं को उनके अधिकारों व सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया जाएगा सचिव जितेश जैन ने बताया कि महिलाओं का सशक्तिकरण बहुत जरूरी है उन समाजों का विकास बहुत अच्छी तरह से होता है जहां महिलाओं को एक समान दर्जा दिया जाता है



## झबरेड़ा से 18 छात्र बने एनसीसी का हिस्सा

» मदरलैंड संवाददाता

झबरेड़ा। चैधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज की एनसीसी में 11 छात्र व 7 छात्राओं की भर्ती की गई। कस्बा स्थित चैधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज में गुरुवार को एनसीसी कैडेटों की भर्ती की गई एनसीसी भर्ती में कॉलेज के लगभग 50 छात्रों ने हिस्सा लिया भर्ती के दौरान 84 यूके बटालियन से आए जेसीओ संजय संमल व हवलदार पवन सिंह ने भर्ती होने वाले छात्रों का दौड़, डिप्स व लंबाई का परीक्षण किया। फिजिकल परीक्षा में सफल हुए छात्रों की लिखित परीक्षा के बाद 11 छात्र व 7 छात्राओं का एनसीसी कैडेट्स में चयन किया गया कॉलेज प्रधानाचार्य ओम सिंह सैनी की देखरेख में एनसीसी भर्ती संपन्न हुई। एनसीसी में भर्ती हुए छात्रों को बधाई देते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को देश की सेना की तरह अनुशासित रहना होता है कैडेट्स को पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा व देश सेवा का पाठ पढ़ाया जाता है उन्होंने कहा कि पुलिस तथा सेना की भर्ती के लिए एनसीसी कैडेट्स को छूट का भी प्रावधान है जेसीओ संजय संमल ने कहा कि वर्दी पहनने का मतलब अनुशासन है और अनुशासित कैडेट्स ही एनसीसी की रीड की हड्डी होता है। कार्यक्रम आयोजक कैप्टन सुशील आर्य ने चयनित छात्रों को एनसीसी के बी तथा सी सर्टिफिकेट के बारे में जानकारी दी इस अवसर सीनियर अंडर ऑफिसर अभिषेक त्यागी मोहम्मद शाहिब सोनिया पवार सीपीएल मिक्की स्वामी आकाश धीमान कार्तिक अनिकेत सौरभ आदि मौजूद रहे।



## त्रिवेंद्र सरकार ने पेश किया 57400.32 करोड़ रुपये का बजट

» मदरलैंड संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गुरूवार को वित्तीय वर्ष 2021-22 का 57400.32 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। त्रिवेंद्र सरकार का यह 5वां बजट है। इससे पहले सुबह विधानसभा सत्र के चैथे दिन सदन की कार्यवाही शुरू हुई। इस दौरान सदन के पटल पर आर्थिक सर्वेक्षण 2020-21 की रिपोर्ट भी रखी गई। बजट सत्र के दौरान अपने संबोधन में सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में सफर को आसान बनाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। राज्य की तीसरी कमिश्नरी गैरसैण बनेगा। गैरसैण मंडल में शामिल होंगे पर्वतीय तीन जिले। सरकार ने चमोली, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर जिलों को मिलाकर गैरसैण कमिश्नरी बनाई है। उन्होंने कहा कि चैखुटिया हवाई पट्टी के लिए 20 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं जबकि मुजफ्फरनगर रेल लाइन के लिए 70 करोड़ जारी कर दिए गए हैं। सीएम ने कहा कि देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी, ऋषिकेश में ड्राइविंग स्कूल के निर्माण के लिए 17 करोड रुपये स्वीकृत किए गए हैं। सीएम ने कहा कि गांव-गांव तक सड़क पहुंचाने के लिए धनराशि की कमी किसी भी हाल में नहीं होगी। कहा कि प्रदेश के सभी पंचायतों में पंचायत भवन बनाए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से 20 करोड़ का प्रावधान किया गया हैं। कहा कि पंचायतों को मजबूती प्रदान देने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने प्रदेश के पर्वतीय जिलों में हो रहे पलायन पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि पलायन रोकने के लिए सरकार वचनबद्ध है। इसके लिए कार्य योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। बताया कि पलायन पर प्रहार करने के लिए सरकार की ओर से पलायन रोकथाम योजना के लिए इस बार 18 करोड़ स्वीकृत किए किए हैं। जबकि सीमांत क्षेत्र विकास योजना के लिए भी 20 करोड़ देने की घोषणा की है। कहा कि प्रदेश के पर्वतीय व सीमांत क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सीएम त्रिवेंद्र ने घोषणा की है कि हरिद्वार और ऋषिकेश शहरों को सीवरेज योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इसके लिए सरकार की ओर से एमओयू पर हस्ताक्षर कर लिए गए हैं। राजधानी देहरादून में सौंग और हल्द्वानी में जमरानी बांध का रास्ता भी साफ हो गया है। कहा कि बजट में दोनों अहम प्रोजेक्ट के लिए व्यवस्था भी की गई है। उनका कहना था कि सिंचाई और पेयजल योजनाओं के लिए यह दोनों प्रोजेक्ट बेहद अहम हैं। नई अहम जल विद्युत परियोजनाओं के लिए भी बजट में व्यवस्था की गई है। जल जीवन मिशन, पेरी अर्बन, नाबार्ड से बजट में इंतजाम किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### इस बार ढंडेरा, मोहनपुरा में नहीं बजेगा चुनावी बिगुल

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। पंचायत चुनाव में इस बार ढंडेरा, मोहनपुरा में बिगुल नहीं बजेगा। मोहनपुरा मोहम्मदपुर निगम में शामिल हो जाने और ढंडेरा को नगर पंचायत का दर्जा मिल जाने से नारसन ब्लॉक की दो जिला पंचायत सीट समाप्त हो गई है। नए परिसीमन के तहत अब नारसन ब्लॉक में 8 जिला पंचायत सीट रह गई है। जौरासी जबरदस्तपुर, गाधारोना, थिथोला, नगला इमरती को मिलाकर जोरासी जबरदस्तपुर के नाम से नई जिला पंचायत सीट बनाई गई है। वही भगवानपुर चंदनपुर जिला पंचायत में बिझोली, भगवानपुर चंदनपुर जैनपुर गांव को शामिल किया गया है। वही टांडा भनेड़ा जिला पंचायत सीट में टांडा भनेड़ा, अकबरपुर धाढेकी, कुरड़ी, थितकी कवादपुर, गदरजुड़ा को शामिल किया गया है। वही कोटवाल आलमपुर जिला पंचायत सीट में ठसका, लाठरदेवाहुन, भक्तोंवाली व कोटवाल आलमपुर। जबकि टिकोला कला जिला पंचायत में कुमराड़ी, उदलहेड़ी, शेरपुर खेलमऊ, टिकोला कला, सुसाडी खुर्द को शामिल किया गया है। नारसन कला जिला पंचायत में नारसन कला, नारसन खुर्द, लहबोली, खेड़ाजट, लिबरहेड़ी जिला पंचायत सीट में मोहम्मदपुर जट, मंडावली, लिबरहेड़ी को शामिल किया गया। जबकि मुंडलाना जिला पंचायत सीट में हरचंदपुर, मुंडलाना, नकीबपुर उर्फ घोसीपुरा को शामिल किया गया है।

### महाकुम्भ में व्हाट्सऐप ग्रुप बताएगें भीड़ की स्थिती

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। महाकुंभ का आयोजन शांति पूर्वक हो सके इसके लिए मेला पुलिस में पूरी तैयारी कर ली है। महाकुंभ में कोई व्यवधान न पड़े इसको लेकर पुलिस ने अपनी योजनाओं को अमलीजामा पहना ना शुरू कर दिया है। महाकुंभ के लिए मेला पुलिस ने 3 अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप तैयार किए हैं। ग्रुपों में 7 प्रदेशों की पुलिस को जोड़ा जाएगा। कुंभ से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी साझा की जाएगी। महाकुंभ को लेकर कुंभ मेला पुलिस सभी पहलुओं को देखते हुए योजना तैयार कर रही है। संचार व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ ही आधुनिक कंट्रोल रूम से निगरानी हो रही है। अब कुंभ मेला पुलिस ने 3 व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं। इनमें इंटर स्टेट ग्रुप में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, यूपी समेत कई प्रदेशों के पुलिस अधिकारी जोड़े गए हैं। प्रदेश के बॉर्डर से लगने वाले दूसरे प्रदेशों और जिलों की सीमाओं के अधिकारियों को भी इसमें जोड़ा गया है। खास बात यह है कि बॉर्डर से सटे जिलों के एसएसपी, एडिशनल एसपी और कुंभ मेला के लिए दूसरे प्रदेशों की ओर से बनाए गए नोडल अधिकारी इसमें जोड़े गए हैं। दूसरे ग्रुप में देहरादून मुख्यालय के प्रमुख अधिकारियों के साथ ट्रैफिक व्यवस्था देखने वाले अधिकारियों को जोड़ा गया है। तीसरे ग्रुप में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए साइबर सेल अधिकारियों को जोड़ा गया है। कुंभ मेला में स्नान करने के लिए यदि दूसरे प्रदेशों से अधिक भीड़ आती है और किस मार्ग पर वाहनों का कितना दबाव है, इसकी जानकारी दूसरे प्रदेशों के पुलिस अधिकारी इस ग्रुप में शेयर करेंगे। हरिद्वार आने वाले वाहनों को किस तरफ परिवर्तित किया जाए इसका प्लान कुंभ मेला पुलिस बनाएगी।

### शहर से हटकर अब हाईवे पर होगी सीपीयू की तैनाती

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। आमजन के विरोध और विधायकों के हस्तक्षेप के बाद अब शहर के भीतर से सीपीयू की विदाई का निर्णय ले लिया गया है। डीजीपी से की गई जनप्रतिनिधियों की शिकायत को मद्देनजर एसपी देहात ने इस पर कार्रवाई शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि अगले एक-दो दिन में सीपीयू शहर से हटकर हाईवे पर तैनात हो जाएगी। इस बाबत एसपी देहात ने वर्तमान में शहर में सीपीयू के चेकिंग प्वाइंटों की जानकारी के साथ हाईवे पर तैनाती की रूपरेखा तैयार करने के आदेश अधीनस्थों को दिए हैं। शहर में सीपीयू की चेकिंग और चालान की कार्यशैली को लेकर आमजनों और जनप्रतिनिधियों में काफी रोष है। कई बार इसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों से लेकर पुलिस अधिकारियों से भी की गई, लेकिन सीपीयू के शहर से हटाए जाने पर कोई बात नहीं बनी। कुछ दिन पूर्व मंगलौर में आयोजित डीजीपी के जन संवाद कार्यक्रम में विधायक प्रदीप बत्रा, फुरकान अहमद व ममता राकेश और आमजनों ने यह बात रखी थी।

## मेयर से मिले रविदास महासभा के लोग, मूर्ति स्थापना की मांग की

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। गंगनहर घाट पर रातोरात स्थापित की गई संत रविदास की मूर्ति को प्रशासन द्वारा हटाए जाने के बाद उसे गंगनहर घाट पर ही स्थापित कराने को लेकर संत शिरोमणि रविदास महासभा पूरी तरह सक्रिय हो गई है। नगर निगम के सामने गंगनहर घाट को संत रविदास के नाम से आवंटित करने को लेकर महासभा के सदस्य मेयर गौरव गोयल से मिले। जिसमें उन्होंने गंगनहर घाट को संत रविदास के नाम आवंटित करने की मांग की। जिस पर मेयर गौरव गोयल ने इस संबंध में बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखने का आश्वासन दिया। जिसके बाद महासभा के पदाधिकारी वापस लौट गए। सोमवार रात कुछ लोगों ने संत रविदास की मूर्ति नगर निगम के सामने गंगनहर घाट पर स्थापित कर दी थी। मंगलवार की दोपहर को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने रातो रात स्थापित की गई संत रविदास की मूर्ति को हटाकर एक सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया था। जिसके बाद दलित समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो गया था।

शाम ढलते ही दलित समुदाय के लोग मौके पर जुट गए और संत रविदास की मूर्ति स्थापित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। बुधवार को भीम आर्मी, संत शिरोमणि रविदास महासभा के पदाधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से मिले। इसमें उन्होंने गंगनहर घाट पर संत रविदास की मूर्ति स्थापित करने की मांग की। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि नियमानुसार मूर्ति स्थापित की जाएगी और इसके लिए सिंचाई विभाग व नगर निगम से अनुमति लेने का प्रयास किया जाएगा जिसके बाद मामले का निस्तारण हो गया। संत रविदास की मूर्ति स्थापित करने को लेकर दलित समुदाय के लोगों ने 12 सदस्यों की एक कमेटी का गठन भी किया गया था। कमेटी को सिंचाई विभाग व नगर निगम के अधिकारियों से मिलने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी कड़ी में संत शिरोमणि रविदास महासभा के पदाधिकारियों ने मेयर गौरव गोयल से मुलाकात की और उन्हे ज्ञापन सौंपकर नगर निगम के सामने गंगनहर घाट का नाम संत रविदास के नाम से आवंटित करने की मांग की। मेयर गौरव गोयल ने महासभा पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही नगर निगम बोर्ड की बैठक आयोजित होने वाली है और इस बैठक में नगर निगम के सामने गंगनहर घाट का नाम संत रविदास के नाम से करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। मेयर के आश्वासन के बाद महासभा पदाधिकारियों ने मेयर का आभार जताते हुए वापस लौट गए।



## पंचायत चुनाव को लेकर बढ़ी हलचल, आरक्षण पर टिकी निगाहें

» मदरलैंड संवाददाता


रुड़की। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन ने चुनावी तैयारियों को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत सीटों के परिसीमन की अंतिम सूची जारी हो जाने के बाद अब ग्रामीण अंचलों में सियासी पारा चढ़ना शुरू हो गया है। चुनाव लड़ने की तैयारियों में जुटे संभावित उम्मीदवारों की निगाहें अब आरक्षण पर आकर टिक गई है। आरक्षण की स्थिति जानने के लिए संभावित दावेदार ब्लॉक कार्यालय से लेकर रोशनाबाद स्थित जिला कार्यालय तक पहुंच कर स्थिति टटोलने में लगे हैं। हालांकि अभी तक आरक्षण की घोषणा नहीं हुई है। इसके बावजूद भी संभावित दावेदारों में आरक्षण की स्थिति जानने की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल इसी माह समाप्त होने जा रहा है। जिसे लेकर प्रशासन पंचायत चुनाव कराने की तैयारियों को लेकर पूरी तरह कमर कस चुका है। प्रशासन ने जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत के परिसीमन की अंतिम सूची भी जारी कर दी है। परिसीमन की सूची जारी होने के बाद से ही ग्रामीण अंचलों में सियासी पारा चढ़ना शुरू हो गया है। संभावित दावेदारों ने अभी से मतदाताओं का मन टटोलना भी शुरू कर दिया है। हालांकि अभी तक प्रशासन द्वारा सीटों का आरक्षण घोषित नहीं किया है और न ही अभी चुनाव की तारीख घोषित हो पाई है लेकिन इसके बावजूद पंचायत चुनाव को लेकर देहात क्षेत्रों में सियासी माहौल गरमाना शुरू हो गया है। संभावित दावेदारों की निगाहें आरक्षण पर टिक गयी है। हालांकि अभी प्रशासन ने आरक्षण की घोषणा नहीं की है लेकिन संभावित दावेदारों में आरक्षण की स्थिति जानने को उत्सुकता बढ़ती जा रही है। चुनाव लड़ने का सपना देख रहे लोग ब्लॉक से लेकर जिला कार्यालय तक आरक्षण की स्थिति जानने के प्रयास में लगे हैं। सबसे ज्यादा उत्सुकता ग्राम प्रधान के आरक्षण को लेकर देखी जा रही है। कयास लगाया जा रहा है की कुंभ मेला समाप्ति के बाद जिला हरिद्वार में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हो सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए संभावित दावेदारों ने मतदाताओं के घरों पर अभी से दस्तक देनी शुरू कर दी है। कुछ संभावित दावेदारों ने तो गांव की गलियों में फ्लेक्सी भी लगानी शुरू कर दी है।

## एएसडीएम ने किया कुरडी गांव का निरीक्षण

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। एएसडीएम पूरण सिंह ने कुरड़ी गांव में पहुंचकर जलभराव का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने जलभराव की समस्या का मामला उठाया। एएसडीएम ने ब्लाक अधिकारियों को समस्या के निस्तारण के आदेश भी दिए। नारसन विकास खंड के गांव कुरडी में पिछले काफी दिनों से जलभराव की समस्या उत्पन्न है। जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ग्रामीण अधिकारियों से इस मामले की शिकायत कर चुके हैं लेकिन मामले का कोई हल नहीं निकल पाया। पिछले दिनों ब्लॉक कार्यालय में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में भी ग्रामीण महिलाएं मौके पर पहुंच गई थी। उन्होंने जलभराव की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की थी। इस पर कुछ संबंधित अधिकारियों ने उन्हें बैठक में जाने से रोक कर उनकी समस्या का निदान किए जाने का आश्वासन दे दिया था। 3 दिन पूर्व झबरेड़ा विधायक देशराज कर्णवाल की पत्नी ग्राम भ्रमण पर पहुंची तब महिलाओं ने उन्हें रोककर अपनी समस्या से अवगत कराया। जिसके बाद गुरुवार को एएसडीएम रुड़की पूरण सिंह राणा गांव में पहुंचे। उन्होंने पीड़ित ग्रामीणों से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली तथा गांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होने ब्लॉक अधिकारियों को मौके पर बुलाकर ग्रामीणों की समस्या के निदान के तत्काल प्रभाव से आदेश दिए। कहा कि समस्या के निदान होने के बाद यदि ग्रामीण संतुष्ट हो तो रिपोर्ट ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की को प्रेषित की जाये। इस अवसर पर सीतामति, अमरेंद्र, मालती, रमेश, राजेश, प्रितमा, संतोष, रेखा, संगीता आदि महिलाएं व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होने प्रशासनिक अधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह लंबे समय से समस्या से जूझ रहे हैं यदि यह समस्या समाप्त हो जाती है तो वह काफी राहत महसूस करेंगे।

## कक्षा 1 से 5वीं तक के बच्चों का हुआ चेकअप



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खानपुर की टीम ने नेशनल कन्या इण्टर कालेज, खानपुर में गत चार दिनों में 570 छात्रों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जिनमें से 5 बच्चों को सीएचसी तथा 1 को रूड़की सिविल अस्पताल में परीक्षण व इलाज के लिये रैफर किया। इस मौके पर टीम इंचार्ज डाक्टर शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि बच्चों को अपने शरीर के सभी अंगों की नियमित रूप से साफ सफाई करनी चाहिये तथा संतुलित आहार लेना चाहिये। उन्होंने हरी सब्जियों तथा मौसमी फलों के प्रयोग पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। डॉ. शिवेन्द्र सिंह ने बच्चों को भरपेट भोजन कर स्कूल में आने की सलाह दी। महिला चिकित्सक डॉ. इन्दु सेमवाल ने बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक सचेत रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म की अवधि में लड़कियों को अतिरिक्त स्वच्छता अपनानी चाहिये। उन्होंने रेशेदार सब्जियां, दूध, दही, दाल, चावल आदि प्रोटीन तथा विटामिन युक्त चीजें खाने पर बल दियझं गर्ग डिग्री कालेज, लक्सर के निदेशक संजीव गर्ग ने कहा कि सदैव प्रसन्नचि×त मुद्रा में रहना ही स्वास्थ्य का अतुलनीय खजाना है। जो लोग गुस्से में, दुःखी या अधिक सोचते हैं वे प्रायः अच्छे स्वास्थ्य की पहुँच से दूर रहते हैं। कालेज प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने कहा कि छात्रों के ऊपर पढ़ाई का बोझ रहता है इसलिये उन्हे प्रतिदिन कुछ समय खेलकूद तथा योगासन करने में अवश्य व्यतीत करना चाहिये। उन्होंने वर्तमान में चल रही कोरोना वैश्विक बीमारी से बचाव के लिये मास्क, दो गज की सामाजिक दूरी तथा बार-बार साबुन से हाथ धोने की बात कही। इस अवसर पर मौ. अजीज, महक सिंह, नेहा गर्ग, रीशु, मिनाक्षी, अखिल, भी उपस्थित रहे।

## रुड़की से जुड़े मिले नकली दवा के तार

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। सहारनपुर में पकड़ी गई नकली दवा के तार भी रुड़की से जुड़े निकले हैं। जिसके बाद औषधी नियंत्रणब विभाग हरकत में आ गया है। बड़े पैमाने पर कार्रवाई की तैयारियां की जा रही हैं। पिछले साल दिसंबर में ही ड्रग विभाग ने रुड़की और भगवानपुर से ढाई करोड़ रुपये की नकली दवा पकड़ी थी। ये दवा देश के विभिन्न राज्यों में सप्लाई हो रही थी। इस मामले में की जांच अभी पूरी भी नहीं हुई है और सहारनपुर में गत दिवस पकड़ी गई नकली दवा की खेप में एक बार फिर रुड़की का नाम सामने आया गया है। सहारनपुर पुलिस और औषधी नियंत्रण विभाग की टीम ने नकली दवा से भरी जिस गाड़ी को पकड़ा है। वह रुड़की से ही नकली दवा लेकर जा रही थी। पुलिस ने जिन दो आरोपितों को पकड़ा है वे भी रुड़की क्षेत्र के झबरेड़ा के एक गाँव रहने वाले हैं। सभी दवा रुड़की क्षेत्र में स्थित एक दवा कंपनी से ले जाई जा रही थी। उत्तराखंड औषधी नियंत्रण विभाग के अधिकारी लगातार सहारनपुर पुलिस और वहां के औषधी नियंत्रण विभाग की टीम के संपर्क में हैं। पकड़े गए दोनों आरोपितों से हुई पूछताछ में जो बातें सामने आई हैं, उसके आधार पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। बता दें कि सहारनपुर पुलिस ने नकली दवा के मामले में जिन दो आरोपितों को पकड़ा है, उनमें एक आरोपित पिछले साल पकड़ी गई नकली दवा के मामले में मुखबिर रह चुका है।

## स्लाटर हाउस पर लगी रोक, भाजपाईयो ने बांटी मिठाई

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। भाजपा लंढौरा मंडल ने गुरूवार को गणेश वाटिका ढंडेरा में सभा कर उत्तराखंड सरकार द्वारा पशु वध शाला पर लगाई गई रोक का स्वागत किया और मुख्यमंत्री व शहरी विकास मंत्री का आभार जताया। कार्यकताओं ने कहा कि त्रिवेंद्र सिंह सरकार पूरी तरह से जनभावनाओं को ध्यान में रखकर हर वर्ग के लिए काम कर रही है। कार्यकर्ताओ ने हरिद्वार जिले में किसी भी क्षेत्र में पशु वध साला मुक्त करने की मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक की घोषणा का आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष विकास पाल व किसान मोर्चा जिला मंत्री सतीश नेगी ने कहा कि उत्तराखंड देव भूमि प्रदेश है और प्रदेश में आने वाले श्रद्धालु के प्रवेश द्वार हरिद्वार में वध शाला खोले जाने का पहले से ही लगातार विरोध चल रहा था। पिछली सरकार द्वारा स्लाटर हाउस की अनुमति दी थी। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा विधानसभा सत्र में पशु वधशाला पर रोक लगाए जाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। महामंत्री अशोक पांडे ने कहा कानून बनाने से सभी धर्म के लोगों ने पशु कानून का स्वागत किया कानून बनने से सभी धर्म के लोगों में भाईचारा बढ़ेगा। कानून बनने से क्षेत्र के लोगों खुश है। संजय कुमार मंडल उपाध्यक्ष कहा कि कानून पूरे उत्तराखंड प्रदेश में लागू होना चाहिए। पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र पुंडीर व राजीव बब्बर ने कहा कानून का सख्ती से पालन होना चाहिए जो भी कानून तोड़ेगा उस पर सख्ती से कार्यवाही होनी चाहिए। पुंडीर ने कहा कि सरकार ने जनभावनाओ का सम्मान कर हिंदू समाज ही नहीं सभी वर्गो के हित में यह कदम उठाया है। इस अवसर पर विजय सिंह पवार, सतीश धीमान, त्रिलोक सिंह रावत, हरीश कुमार, सुनील सैनी, संजय सैनी, रजत गौतम, गौरव कौशिक, राजीव बब्बर, शौकीन, विकास त्यागी, संजीव सैनी उपस्थित थे।



## महिलाओं को बताई निगम की योजनाएं

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। आदर्श नगर में पार्षद राजेश्वरी कश्यप ने की ओर से आयोजित शिविर में कई महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत महिलाओं को रोजगार के लिए मिलने वाले ऋण के बारे में बताया गया। नगर निगम की महिला कर्मचारी बिंदु ने निगम की योजनाओं के बारे में बताया।

पार्षद राजेश्वरी कश्यप ने कहा कि महिलाएं छोटी-छोटी योजनाएं लेकर अपना रोजगार बढ़ा सकती हैं और आने वाले समय में इन योजनाओं से महिलाओं को लाभ मिलेगा।

इस दौरान सविता, ममता, सुदेशना, वसु, डॉली, प्रतिमा, गीता, रेखा, सुनीता, रेखा पाल, बेबी, रमेश, डोली, पूनम, पिंकी कश्यप, सुदेशना सैनी, ममता, रेखा, सीमा, बबली, कविता, सावित्री, सुनीता, जय प्रकाशी, आशा, सुषमा, रुचिका, हेमलता आदि सैकड़ों महिलाएं शामिल रहीं।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org


# प्रस्तावित हड़ताल से प्रभावित हो सकती हैं बैंकिंग सेवाएं: केनरा बैंक

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने कहा कि कई बैंक यूनियनों द्वारा प्रस्तावित हड़ताल के कारण इस महीने के आखिर में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। हमें भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा सूचित किया गया है कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित मुद्दों को लेकर 15 मार्च और 16 मार्च को हड़ताल का आह्वान किया है। बैंक ने कहा कि वह प्रस्तावित हड़ताल के दिनों में बैंक शाखाओं और कार्यालयों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। हालांकि, हड़ताल होने की स्थिति में शाखाओं, कार्यालयों के कामकाज पर असर पड़ सकता है। बैंक यूनियनों में एआईबीईए, एआईबीओसी, एनसीबीई, एआईबीओए, बीईएफआई, आईएनबीईएफ, आईबीओसी, एनओबीडब्ल्यू, एनओबीओ और एआईएनबीओएफ शामिल हैं। इन्होंने दो सरकारी बैंकों के प्रस्तावित निजीकरण के खिलाफ हड़ताल का आह्वान किया है।




# चीनी उत्पादन 2020-21 के पहले पांच महीने में 20 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** भारत की चीनी मिलों का उत्पादन विपणन वर्ष 2020-21 के पहले पांच महीने में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 20 प्रतिशत बढ़कर 233.8 लाख टन हो गया है। साथ ही उद्योग संगठन ने कहा कि कुछ चीनी मिलों ने निर्धारित समय से पहले गन्ने की पेराई बंद कर दी है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है और ज्यादा उत्पादन की वजह से चीनी के वैश्विक दाम पर असर पड़ सकता है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए) ने कहा कि एक अक्टूबर से चल रहे मौजूदा विपणन वर्ष में 502 चीनी मिलों ने पेराई शुरू की थी, लेकिन फरवरी के अंत तक 98 मिलों ने पेराई बंद कर दी है। पिछले साल फरवरी के आखिर अंत तक करीब 70 मिलों ने पेराई बंद की थी। आईएसएमए देश के सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य ने सीजन के पहले 5 महीने में 85 लाख टन चीनी उत्पादन किया है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में 50.7 लाख टन उत्पादन हुआ था। चालू विपणन वर्ष में अब तक मिलों ने 32 लाख टन चीनी निर्यात के लिए समझौता किया है, लेकिन ट्रकों व कंटेनरों की कमी के कारण शिपमेंट सुस्त है। उद्योग के अधिकारियों ने पिछले सप्ताह कहा था कि लॉजिस्टिक बाधाओं के कारण चीनी निर्यात 12 प्रतिशत कम रह सकता है।



# एशियाई बाजार कमजोर

**मुंबई।** एशियाई बाजार में कमजोर कारोबार दिखाई दे रहा है। एसजीएक्स निफटी में 180 अंकों की गिरावट देखने को मिल रही है। एशिया के दूसरे बाजारों में भी कमजोरी है।

हालांकि डाउ फीचर्स निचले स्तरों से 100 अंक सुधरा है। बांड यील्ड बढ़ने से कल अमेरिकी बाजारों पर दबाव दिखा था। यूएस में 10 साल की बांड यील्ड 1.477 फीसदी पर पहुंच गई है। यूएस :मार्केट कल गिरावट के साथ बंद हुए थे। टेक शेयरों ने यूएस मार्केट पर दबाव बनाया था।

## संक्षिप्त समाचार

### वेलस्पन के निदेशक मंडल ने 10 करोड़ डॉलर जुटाने की मंजूरी दी

नई दिल्ली। वेलस्पन इंडिया के निदेशक मंडल ने एक या एक से अधिक बार में 10 करोड़ डॉलर (लगभग 750 करोड़ रुपए) जुटाने की मंजूरी प्रदान कर दी है। कंपनी ने शेयर बाजारों से कहा कि निदेशक मंडल ने 10 करोड़ डॉलर तक की पूंजी जुटाने की मंजूरी दे दी है। यह पूंजी एक या एक से अधिक साधनों के माध्यम से जुटाई जाएगी। हालांकि ये साधन कर्ज, ईएसजी बांड, गैर परिवर्तनीय डिबेंचर या ईसीबी आदि पर सीमित नहीं होने चाहिए। वेलस्पन के निदेशक मंडल ने सामान्य बैठक के माध्यम से शेयरधारकों का अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने की भी मंजूरी दे दी।

### गिरावट के साथ खुले बाजार

मुंबई। वैश्विक शेयरों में बिकवाली के बीच गुरुवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 726 अंक से अधिक गिर गया और 51 हजार अंक के स्तर के नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 726.29 अंक की गिरावट के साथ 50,718.36 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 197.05 अंक नीचे 15,048.55 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर 2.48 प्रतिशत तक की गिरावट में चल रहे थे। बजाज फिनसर्व, कोटक बैंक और बजाज फाइनेंस में 2.23 प्रतिशत तक गिरावट चल रही थी। सेंसेक्स की 30 में से 27 कंपनियों के शेयर नुकसान में थे। इससे पहले पिछले तीन सत्रों में सेंसेक्स 2,344.66 अंक और निफ्टी 716.45 अंक बढ़ा था।

### सोना कमजोर, चांदी में बढ़त

मुंबई। सोना गुरुवार सुबह एमसीएक्स पर 213 रुपए टूटकर 44735.00 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। बुधवार शाम को कारोबार बंद होने पर यह 44948 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सुबह सोना एमसीएक्स पर 44840 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था। वहीं दूसरी ओर चांदी में ट्रेड तेजी के रुख के साथ शुरू हुआ। एमसीएक्स पर गुरुवार को चांदी 324 रुपए की बढ़त के साथ 66437 रुपए प्रति किलो पर खुली। बुधवार शाम को चांदी 66113 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सुबह एमसीएक्स पर चांदी 66312 रुपए प्रति किलो पर ट्रेड कर रही थी। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख और रुपए के मूल्य में सुधार दर्ज होने के कारण दिल्ली के सरार्फा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 208 रुपए की गिरावट के साथ 44,768 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 44,976 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं दूसरी तरफ चांदी 602 रुपए बढ़कर 68,194 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई है, जो पिछले कारोबारी सत्र में 67,592 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### ब्रिटेन में कॉरपोरेट कर की दर 19 से बढ़कर 2023 में 25 प्रतिशत की जाएगी: सुनक

लंदन। ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने आम बजट पेश किया जिसमें देश में लोगों की नौकरियां और आजीविका बचाने के लिए हर जरूरी उपाय करने का वादा किया गया है। पिछले साल कोरोना वायरस महामारी फैलने के बाद प्रस्तुत किए गए अपने पहले बजट में भारतीय मूल के सुनक ने कंपनियों को कोविड-19 संकट से उबरने में मदद का भी वादा किया है। उन्होंने संसद के निचले सदन हाउस आफ कॉमन्स में कहा कि वर्तमान स्थिति में आयकर या मूल्य वर्धित कर (वैट) की दरें बढ़ाना ठीक नहीं होगा, पर उन्होंने घोषणा की कि ऊंचा लाभ कमाने वाली कंपनियों पर आयकर की दर 2023 में बढ़ाकर 25 प्रतिशत की जाएगी। यह दर इस समय 19 प्रतिशत है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह बजट ब्रिटेन के लोगों की नौकरी और आजीविका की रक्षा की वर्तमान जरूरतें पूरी करने वाला बजट है।

### आईईए प्रमुख ने कोयले पर भारत के रुख का समर्थन किया

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख फतिह बिरोल ने ऊर्जा स्रोत के रूप में कोयले पर भारत के रुख का समर्थन किया है। बिरोल ने कहा कि विकासशील देशों को बिना अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सहायता के कोयले के इस्तेमाल से रोकना उचित नहीं होगा। इस तरह के कदम की आर्थिक चुनौती से निपटने के लिए उन्हें पहले वित्तीय सहायता देने की जरूरत होगी। बिरोल ने ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत जैसे विकासशील देश अपनी 60 प्रतिशत ऊर्जा जरूरत के लिए कोयले पर निर्भर हैं। कोयला और अन्य संबद्ध क्षेत्र इन देशों में रोजगार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भारत के इस रुख का समर्थन किया कि वह वैश्विक स्तर पर प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज जो जलवायु परिवर्तन का मुद्दा है, वह कॉर्बन उत्सर्जन की वजह से है। यह करीब 100 साल से मुद्दा है। उन्होंने कहा कि कई आधुनिक देश औद्योगिकीकरण और आमदनी के इस स्तर पर कोयले का काफी इस्तेमाल कर पहुंचे हैं। ये देश हैं अमेरिका, यूरोप और जापान।

### सिक्किम को 105 मेगावॉट की बिजली आपूर्ति रोकेगी एनटीपीसी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी 89 करोड़ रुपए के बकाया का भुगतान नहीं होने की वजह से सिक्किम को 105 मेगावॉट की बिजली आपूर्ति को रोकेगी। जानकारी के मुताबिक साख पत्र (एलसी) उपलब्ध नहीं होने की वजह से एनटीपीसी सिक्किम को बिजली आपूर्ति का नियमन करेगी। एनटीपीसी से ओर से की जाने वाली 105 मेगावॉट की बिजली आपूर्ति को रोका जाएगा। निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद सिक्किम पर बकाया राशि 89 करोड़ रुपये है।

# आने वाले दिनों में भारत के औद्योगिक फलक पर होगी अंबानी और मस्क के बीच जोरदार जंग

**नई दिल्ली।** भारत में अगले दिनों में दो चर्चित अरबपतियों के बीच एक बड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। इनमें एक हैं भारत के सबसे अमीर शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी और दूसरे हैं स्पेसएक्स और टेस्ला के मालिक एलन मस्क, जो आए दिन दुनिया के नंबर-1 अमीर शख्स बनते रहते हैं। कभी नंबर-1 तो कभी नबंर-2 उनका परमानेंट ठिकाना हो गया है। भविष्य में ये दोनों अरबपति भारत में एक दूसरे से टकराने वाले हैं। हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी कंपनी रिलायंस स्ट्रेटेजिक बिजनस वेंचर्स लिमिटेड यानी आरएसबीवीएल (आरएसबीवीएल) ने स्काईट्रान इनकॉर्पोरेशन में कई बार में 54.46 फीसदी हिस्सेदारी खरीद ली है। यह कंपनी ऑटोमेटेड टैक्सी पॉड बनाती है, जो भविष्य को देखते हुए ट्रैफिक के लिए एक बेहतर विकल्प साबित होगा। वहीं एलन मस्क की हाइपरलूप भी ऑटोमेटेड पॉड जैसा व्हीकल ही बनाने पर रिसर्च कर रही है।



हाइपरलूप ने तो अपनी एक राइड की टेस्टिंग भी कर ली है। मुकेश अंबानी और एलन मस्क दोनों ही चुंबकीय ताकत पर दाव लगा रहे हैं। बात भले ही हाइपरलूप की करें या फिर स्काईट्रान की, दोनों के ही व्हीकल मैग्नेट पावर के आधार पर चलेंगे और दावा किया जा रहा है कि वह 240 किलोमीटर प्रति घंटे तक की स्पीड पकड़ सकते हैं। हाइपरलूप के 3 प्रोजेक्ट पर पहले से ही भारत में काम चल रहा है। इसमें एक है मुंबई से पुणे के बीच कनेक्टिविटी, दूसरा है बेंगलुरू एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी और तीसरा है, चंडीगढ़ की दिल्ली से कनेक्टिविटी। कुछ समय पहले ही मुकेश अंबानी ने इस बात की घोषणा की थी कि वह इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए बैटरी बनाने के बिजनेस में घुसने वाले हैं। मुकेश अंबानी ने स्काईट्रान में अपना निवेश बढ़ाकर अपने महत्वाकांक्षा का नमूना भी पेश कर दिया है। वहीं दूसरी ओर, टेस्ला ने भारत में एंट्री का काम शुरू कर दिया है, बेंगलुरू में तो इसने कंपनी रजिस्टर भी करा ली है और ऑफिस भी खोल लिया है। अब यहां एक बात ध्यान देने की यह है कि मस्क ने भारत में गिगाफैक्ट्री खोलने की भी इच्छा व्यक्त की थी। मस्क की गिगाफैक्ट्री रीन्यूएबल एनर्जी में काम करती है और इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए लीथियम-आयन बैटरियां भी बनाती है। यानी आने वाले दिनों में मुकेश अंबानी और एलन मस्क दोनों ही इलेक्ट्रिक व्हीकल की बैटरियां बनाने के बिजनस में घुसेंगे। सीधे तौर पर देखा जाए तो दोनों ही मैग्नेट की पावर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन हाइपरलूप एक शहर से दूसरे शहर या दूसरे राज्य तक यात्रा करने के कॉन्सेप्ट वाली टेक्नोलॉजी है, जबकि स्काईट्रान शहर के अंदर ही यात्रा का नेटवर्क बनाने वाली टेक्नोलॉजी है। वहीं दोनों में एक और बड़ा अंतर यह है कि हाइपरलूप राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है, जबकि स्काईट्रान सीधे केंद्र सरकार के साथ काम कर रही है। हाइपरलूप अभी महाराष्ट्र सरकार, कर्नाटक सरकार और पंजाब सरकार के साथ काम कर रही है। पॉड टैक्सी का आइडिया भारत में सबसे पहले 2016 में नितिन गडकरी लाए थे, जिसके बाद 2017 में नीति आयोग ने तीन रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम को इजाजत दी।

# बिटकॉइन इस साल के अपने निचले स्तर से 83 फीसदी चढ़ा



**मुंबई।** दुनिया की प्रचलित क्रिप्टोकरेंसी बिटक्वाइन की कीमत में बुधवार 5 प्रतिशत इजाफा हुआ और ये 50,942.58 डॉलर हो गई, कि पहले के बंद भाव से 2,426.23 डॉलर ज्यादा है। बिटकॉइन 4 जनवरी को 27,734 डॉलर के निचले स्तर से 83.7 प्रतिशत बढ़ी थी। इसके बाद 21 फरवरी को 58,354.14 डॉलर के उच्च स्तर से 12.7 प्रतिशत गिर गई थी। बिटकॉइन की कीमत इस साल प्रमुख फर्मों जैसे मेलॉन, एसेट मैनेजर ब्लैकरॉक, क्रेडिट कार्ड दिग्गज मास्टरकार्ड के समर्थन के बाद क्रिप्टोकरेंसी के रूप में बढ़ गई, जबकि टेस्ला इंक, स्क्वायर इंक और माइक्रोस्ट्रेट इंक जैसी बड़ी कंपनियों ने बिटकॉइन में निवेश भी किया। दुनियाभर में बिटक्वाइन की स्वीकार्यता बढ़ी है, जिसके कारण लोग इस डिजिटल करेंसी में जमकर पैसे लगा रहे हैं। इससे पहले निवेशक और ब्रोकरेज फर्म जेपी मॉर्गन ने कहा था कि अगर बिटक्वाइन सेफ हैवन बन जाता है तो इसकी कीमत 1,46,000 डॉलर तक पहुंच सकती है। हालांकि, भारत सहित कई देशों की सरकारें क्रिप्टोकरेंसी प्रतिबंधित करने के लिए कानून बनाने जा रही हैं, जिसके कारण बिटक्वाइन सहित दूसरी क्रिप्टोकरेंसी के भविष्य को लेकर बड़ी चिंता है।

# कोटक लाईफ ने हैल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी 'कोटक हैल्थ शील्ड' के लिए चंडीगढ़ में आउटडोर विज्ञापन अभियान शुरू किया

» **मदरलैंड संवाददाता**

चंडीगढ़। कोटक महिन्द्रा लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाईफ) ने भारत के सबसे ज्यादा हरेभरे शहर चंडीगढ़ में आउटडोर विज्ञापन अभियान शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी अपने कॉम्प्रिहेंसिव हैल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट - कोटक हैल्थ शील्ड के बारे में लोगों को जागरुक करेगी। यह प्रचार अभियान अन्य शहरों में भी चलाया जा रहा है जिनमें हैदराबाद, जयपुर, कोयम्बटूर, लखनऊ, वड़ोदरा, नागपुर, गुवाहाटी, हुबली, विजयवाड़ा, भुवनेश्वर, कोची, त्रिशुर और पटना शामिल हैं। कोटक महिन्द्रा लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में मार्केटिंग, इंस्टीट्यूशनल बिजनेस एंड अलायंसिस के प्रमुख शुभाशिष घोष ने कहा, ''क्रोनिक बीमारियों में निरंतर बढ़ोतरी के चलते हैल्थकेयर और हैल्थ इंश्योरेंस लोगों के लिए प्राथमिक बन गए हैं। कोटक लाईफ के पहले फ्लैगशिप हैल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट 'कोटक हैल्थ शील्ड' के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए हमने अपने आउटडोर विज्ञापन अभियान का दूसरा चरण शुरू किया है। हर शहर में आउटडोर विज्ञापन अभियान के लिए सावधानीपूर्वक जगहें चुनी गई हैं, इस चयन हेतु अधिक दृश्यता, लोकेशन और उपलब्धता को ध्यान में रखा गया है। इस तरह हमारा संदेश बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचेगा कि यदि आपने हैल्थ इंश्योरेंस को शामिल नहीं किया तो कोई भी वित्तीय योजना अधूरी है।'' कोटक हैल्थ शील्ड फिक्स्ड बेनिफिट, कॉम्प्रिहेंसिव हैल्थ इंश्योरेंस प्लान प्रस्तुत करता है जिसमें शुरूआती या बड़ी अवस्था की बीमारियां शामिल हैं जैसे कैंसर, हृदय रोग, लिवर व मस्तिष्क संबंधी रोग। ये सभी एक ही प्रोडक्ट में कवर किए गए हैं।




# बजाज इलेक्ट्रिकल्स और महिन्द्रा लाजिस्टिक्स ने अनुबंध पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड और महिन्द्रा लाजिस्टिक्स लिमिटेड ने लाजिस्टिक्स सुविधाओं के बेहतर उपयोग और आउटसोर्सिंग के लिए 1,000 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता पांच साल के लिए किया गया है। समझौते के मुताबिक बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीईएल) अपनी तमाम लाजिस्टिक्स सेवा की जरूरत महिन्द्रा लाजिस्टिक्स लिमिटेड (एमएलएल) से प्राप्त करेगी। एमएलएल इसके लिए अपनी पूरी सुविधा को इंजीनियरिंग के जरिए नया रूप देगा। बीईएल ने इस संबंध में शेयर बाजारों को भेजी गई सूचना में यह कहा है। उसने कहा है कि यह दो उद्देश्यों को हासिल करेगा।

# मोटो जी50, मोटो जी100 और मोटो हेनोइप की एंट्री जल्द, सामने आए स्पेसिफिकेशन्स

**नई दिल्ली।** मोटोरोला अपने स्मार्टफोन्स की रेंज में तीन नए डिवाइस की एंट्री कराने वाला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी अपनी पॉप्युलर जी सीरीज के तहत तीन नए स्मार्टफोन- मोटो जी50, मोटो जी100 और मोटो हेनोइप (कोडनेम) डिवाइस को लॉन्च करने वाली है। जर्मन पब्लिकेशन ने मोटो के इन अपकमिंग स्मार्टफोन्स के अहम स्पेसिफिकेशन्स को शेयर किया है। टेक्निकन्यूज ने कुछ महीने पहले एक डिवाइस की स्पेसिफिकेशन्स को शेयर किया था। अब इस फोन को जुड़ी जो ताजा जानकारी आ रही है उसके मुताबिक यह यूरोप में मोटो जी50 के नाम से लॉन्च हो सकता है। फोन का मॉडल नंबर एक्सटी2137 है। इसमें 90हर्ट्ज के रिफ्रेश रेट के साथ एचडी+ डिस्प्ले मिलता है। फोन में 4जीबी रैम के साथ 128जीबी इंटरनल स्टोरेज मिलता है। प्रोसेसर के तौर पर इस फोन में आपको स्नैपड्रैगन 480 5जी मिलेगा। फटॉग्रफी के लिए फोन में 48 मेगापिक्सल+2 मेगापिक्सल का ड्यूल रियर कैमरा सेटअप मिलता है। वहीं, सेल्फी के लिए इस फोन में 13 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है। ऐंड्रॉयड 11 ओएस से लैस इस फोन में 5000 एमएएच की बैटरी दी गई है। हेनोइप डिवाइस का कोडनेम है और इसका मॉडल नंबर एक्सटी2135-1/2 है। यह फोन दो वेरियंट 4जीबी+64जीबी और 6जीबी+128जीबी में लॉन्च किया जा सकता है।




# एडिडास का 'वाच अस मूव' कैम्पेन- एक दूसरे को बदलाव का बढ़ावा देती, दुनिया बदलती महिलाओं के मूवमेंट के सम्मान में शुरू किया गया कैम्पेन

» **मदरलैंड संवाददाता**

चंडीगढ़। समाज में महिलाओं को खास स्थान दिलाने की प्रतिबद्धता के साथ खेल जगत के दिग्गज ब्राण्ड एडिडास ने 'वाच अस मूव' कैम्पेन आरंभ किया है। यह महिलाओं के सम्मान और उनके मूव करने की आजादी के जश्न की तरह है। कैम्पेन के जरिये एडिडास ने एक बार फिर दृढ़ विश्वास व्यक्त किया है कि खेल की तरह जिसमें शरीर के आकार से फर्क नहीं पड़ता हमारे समाज को भी खूबसूरती के स्तर को अहमियत देने से ऊपर उठना है। एडिडास के अनुसार महत्वपूर्ण यह है कि हम लोगों की आकांक्षाओं, परिश्रम, स्टैमिना, इच्छा शक्ति और इस दायरे में आने वाले सभी पहलुओं पर बिना किसी भेदभाव ध्यान दें। खेल जात-पात, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, शारीरिक और मानसिक बाधाओं से ऊपर है। 'वाच अस मूव' कैम्पेन के जरिये ब्राण्ड एडिडास महिलाओं के सकारात्मक विद्रोह के साथ मूव करने का सम्मान करता है जिसे चारों ओर बदलाव का माहौल बन रह है। कैम्पेन के शुभारंभ पर मानुषी छिल्लड़, दीपिका पल्लीकाल और निखत जरीन को एक साथ उनकी बात कहने का मौका मिला कि उन्होंने किस तरह परफेक्शन को लेकर दाकियानुसी सोच बदल कर अविश्वसनीय सफर की शुरूआत की और खुद को पूरे देश की लड़कियों का रोल मॉडल बनाया। शुभारंभ में उपस्थित सुनील गुप्ता, वरिष्ठ निदेशक, ब्राण्ड एडिडास, भारत ने कहा, ''वाच अस मूव' महिलाओं के मूवमेंट के माध्यम से निजी अभिव्यक्ति की आजादी को बढ़ावा देता है। हर महिला की मूवमेंट, प्रगति के स्वरूप को लेकर निजी परिभाषा है। शुभारंभ के अवसर पर, मिस वर्ल्ड 2017, मानुषी छिल्लर ने कहा, ''महिला खिलाड़ियों, जो बहुत ही प्रेरणादायक हैं, के एडिडास के शक्तिशाली रोस्टर का हिस्सा बनने पर मैं बहुत खुश महसूस करती हूं। 'वॉच अस मूव' महिलाओं, उनकी उपलब्धियों की सराहना करता है और हमें जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखने के लिए बढ़ावा देता है।' मानुषी के स्वर में स्वर मिलाते हुए, भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी दीपिका पल्लिकल ने कहा, ''वॉच अस मूव सभी महिलाओं के लिए एक आह्वान है कि अपने हौसले और प्रचंड विश्वास के साथ वे एक दूसरी को बदलाव की राह पर ले चलें। इस अभियान के माध्यम से, मैं महिलाओं से अपील करती हूं कि वे खुद को अधिक से अधिक निडर होकर बाहर लाएं और आगे बढ़ें, इस अभियान का लाभ उठाएं, देखें कि यह उनके शरीर व मन के संपूर्ण कल्याण के लिए क्या-क्या चमत्कार कर सकता है।''



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



युवराज, गिब्स के रिकार्ड की बराबरी की



# एक ओवर में 6 छक्के मारने वाले तीसरे खिलाड़ी बने पोलार्ड

**एंटिगुआ।** वेस्टइंडीज के कप्तान कायरन पोलार्ड ने श्रीलंका के साथ यहां पहले टी20 क्रिकेट मैच में लगातार छह छक्के लगाकर एक अहम उपलब्धि हासिल करने के साथ ही अपनी टीम को जीत भी दिलायी है। पोलार्ड ने 11 गेंदों में शानदार 38 रन की पारी खेली।इस मैच में मेजबान टीम वेस्टइंडीज ने चार विकेट से आसान जीत भी दर्ज की। पोलार्ड ने अकीला धनंजय के एक ओवर में छह छक्के लगाकर युवराज और गिब्स के रिकॉर्ड की बराबरी की। युवराज और गिब्स दोनों के ही नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने का रिकार्ड है। युवराज ने टी20 और गिब्स ने एकद दिवसीय में यह रिकॉर्ड बनाया था। पोलार्ड ने विंडीज की पारी के पांचवें ओवर में यह छक्के लगार रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। पोलार्ड ने युवराज के टी20 इंटरनेशनल में छह छक्के लगाने के 14 साल बाद इस रिकॉर्ड की बराबरी की है। पोलार्ड की इस शानदार पारी के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' अवॉर्ड भी मिला। पोलार्ड जब बल्लेबाजी के लिए आए, तब वेस्टइंडीज की टीम ने अपने चार अहम बल्लेबाज खो दिये थे पर अपनी आतिशी पारी से इस बल्लेबाज ने मैच का रुख पलट दिया। । इसी के साथ कायरन पोलार्ड इंटरनेशनल क्रिकेटर में एक ओवर में 6 छक्के मारने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं।टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के का रिकार्ड सबसे पहले पूर्व भारतीय ऑलरांउडर युवराज ने बनाया था। साल 2007 में युवराज सिंह ने 2007 के आईसीसी वर्ल्ड टी 20 में इंग्लैंड के गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में लगातार छह छक्के लगाये थे। वहीं दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज गिब्स ने भी साल 2007 के एकदिवसीय विश्व कप में इस कारनामे को अंजाम दिया था। गिब्स ने नीदरलैंड के गेंदबाज डान वैन बुंगे के एक ओवर की सभी 6 गेंदों पर छक्के लगाए थे। वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच हुए पहले मैच में श्रीलंकाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 131 रन बनाए और वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 132 रनों का लक्ष्य रखा। जिसे मेजबानों ने 13.1 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाकर हासिल कर लिया।

# टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हैट्रिक लगाने वाले तीसरे श्रीलंकाई गेंदबाज बने धनंजय

**एंटीगुआ।** वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच एंटीगुआ में खेले गए पहले टी20 मैच में श्रीलंकाई स्पिनर अकिला धनंजय ने हैट्रिक लगायी। धनंजय ने एविन लुइस (28), क्रिस गेल (0) और निकोलस पूरन (0) को लगातार तीन गेंदों पर आउट कर अपनी हैट्रिक पूरी की। इसी के साथ ही धनंजय टी20 अंतरराष्ट्रीय में क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले 13वें और तीसरे श्रीलंकाई गेंदबाज बन गये हैं। उनसे पहले तिसारा परेरा और लसिथ मलिंगा ने भी टी20 में हैट्रिक लगायी है। मलिंगा ने दो बार हैट्रिक लेने का कारनामा किया है। मलिंगा और अफगानिस्तान के राशिद खान ने लगातार चार गेंदों में चार विकेट लिए हैं। गौरतलब है कि टी20 क्रिकेट में पहला हैट्रिक लेने का रिकॉर्ड पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली के नाम है। ली ने टी20 विश्वकप 2007 में बांग्लादेश के खिलाफ यह कारनामा किया था। इसके अलावा जैकब ओरम, टिम साउथी, फहीम अशरफ, मोहम्मद हसनैन, खावर अली, दीपक चाहर, एश्टन अगर और नॉर्मन वनुआ ने भी हैट्रिक लगायी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कौशिक और हुसामुद्दीन बॉक्सम इंटरनेशनल टूनार्मेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली। मनीष कौशिक और मोहम्मद हुसामुद्दीन ने स्पेन के कास्टेलोन में आयोजित बॉक्सम इंटरनेशनल मुक्केबाज टूनार्मेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया है। हुसामुद्दीन ने 57 किग्रा वर्ग के शुरूआती दौर के मुकाबलों में प्रभावशाली जीत हासिल की। कौशिक ने जहां 63 किग्रा लाइट वेल्टरवेट वर्ग के अपने पहले दौर के मुकाबले में स्पेन के अपने प्रतिद्वंद्वी रादौने अम्मारी को 5-0 से हराया, वहीं हुसामुद्दीन ने 57 किग्रा वर्ग के अपने शुरूआती दौर के मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी जुआन मैनुअल टॉरेस को 4-1 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कौशिक अब अंतिम-8 दौर के मुकाबले में दो बार के एएसबीसी एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता कजाकस्तान के मुक्केबाज सुफीउलीन जाकिर का सामना करेंगे, जबकि हुसामुद्दीन का मुकाबला इटली के सिमोन स्पेदा से होगा। जाकिर ने मोरक्को के अब्देलहक नादिर को 3-1 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी थी।

### पीएसएल में खेल रहे बैंटन , फवद पॉजिटिव पाये गये

कराची। पाकिस्तान प्रीमियर लीग (पीएसएल) में खेल रहे इंग्लैंड के टॉम बैंटन सहित दो विदेशी खिलाड़ी कोरोना संक्रमण की जांच में पॉजिटिव पाये गये हैं। बैंटन ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट के जरिये उन्हें पृथकवास में रखे जाने की पुष्टि की है। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मीडिया निदेशक समी बर्ने ने कहा था कि दो विदेशी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टॉफ के एक सदस्य को कोविड वायरस की जांच में पॉजिटिव पाया गया था। वहीं ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर फवद अहमद भी कोरोना संक्रमित पाये गए थे। बर्ने ने दोनों खिलाड़ियों और सहयोगी स्टॉफ के सदस्य के नाम का खुलासा नहीं किया था पर बैंटन ने ट्वीट कर इसकी पुष्टि की है। बैंटन ने ट्वीट किया, ''बदकिस्मती से मैं कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आया और अब मैं पृथकवास में हूं और पीएसएल प्रोटोकॉल का पालन कर रहा हूं। अच्छी बात है कि अभी तक मुझे कोई लक्षण नहीं हैं, मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं.'' इससे पहले पीसीबी को पीएसएल के दौरान बायो-बबल (जैव-सुरक्षित) प्रोटोकॉल को ठीक से बनाए रखने में नाकाम रहने के कारण आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में इसके लिए पीसीबी को जिम्मेदार ठहराया गया है हालांकि बोर्ड ने हालांकि साफ किया कि टूनार्मेंट को कार्यक्रम के मुताबिक 22 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। एक रिपोर्ट में दावा किया गया, ''पृथकवास अवधि को पूरा किये बिना कुछ खिलाड़ियों के परिवारों को जैव सुरक्षित माहौल में जाने दिया गया।'' वहीं एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया, ''टूनार्मेंट के इतर कई कार्यक्रम हो रहे है। कई खिलाड़ी बाहर से खाना मंगवा रहे है जो नियमों का उल्लंघन है।''

### विश्व टेनिस टूनार्मेंट : लाजोविच ने मेदवेदेव को हराकर किया उलटफेर

रोटरडम। शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस के दानिल मेदवेदेव को एबीएन एमरो विश्व टेनिस टूनार्मेंट के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा है। सर्बियाई खिलाड़ी दुसान लाजोविच ने मेदवेदेव को 7-6, 6-4 से हराकर सबको हैरान कर दिया। वहीं इसके अलावा तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को भी हार का सामना करना पड़ा है। लाजोविच का मुकाबला अब दूसरे दौर में क्रोएशियाई खिलाड़ी बोरना कोरिच से होगा। वहीं ज्वेरेव को अलेक्जेंडर बुबलिक ने 7-5, 6-3 से पराजित किया। ऐसे में अब बुबलिक की टक्कर टॉमी पॉल से होगी। वहीं एक अन्य मुकाबले में दूसरे वरीयता प्राप्त यूनान के स्टीफानोस सितसिपास ने बेलारूस के इगोर गेरासिमोव को हराकर दूसरे दौर में स्थान बनाया। सितसिपास ने पहले दौर के मुकाबले में सीधे सेटों में 7-6, 7-5 से जीत हासिल की थी। 22 साल के सितसिपास अब अगले दौर में पोलैंड के 'बर्ट हुर्काज से खेलेंगे जिन्होंने एड्रियन मनारिनो को 6-3, 7-6 से पराजित किया। चौथे वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव ने अमेरिकी क्वालीफायर मार्कोस गिरोन को 7-6, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई जहां उनका सामना ब्रिटेन के शीर्ष खिलाड़ी एंडी मरे से होगा। तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका को हालांकि करेन खचानोव के खिलाफ 4-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा।

### वापसी में जल्दबाजी का फैसला नुकसानदेह रहा : वार्नर

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने माना है कि भारत के खिलाफ श्रृंखला में खेलने के लिए उन्होंने पूरी तरह फिट हुए बिना ही खेलने की जो गलती की है। उससे उन्हें नुकसान उठना पड़ा है। वार्नर के अनुसार इस कारण उनका रिहैबिलिटेशन का समय लंबा हो गया। भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान ग्रोइन की चोट के कारण वार्नर पहले 2 टेस्ट में नहीं खेल पाए थे पर सिडनी और ब्रिसबेन में हुए अंतिम 2 टेस्ट खेले थे। वार्नर ने कहा, 'मैंने उन टेस्ट मैचों में खेलने का फैसला किया, मैंने महसूस किया कि मुझे वहां होना चाहिए और साथी खिलाड़ियों की मदद करनी चाहिए। पीछे मुड़कर देखता हूं तो शायद मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था, जहां तक चोट का सवाल है तो मुझे थोड़ा नुकसान हुआ।' उन्होंने कहा, 'अगर मैं अपने बारे में सोच रहा होता तो शायद मैं मना कर देता लेकिन मैंने वह किया जो मुझे टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ लगा और मुझे लगा कि मेरा पारी का आगाज करना टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ रहेगा।' वार्नर ने कहा कि उनकी चोट काफी बुरी थी और उन्होंने इससे पहले कभी इस तरह महसूस नहीं किया था।

# ओलंपिक की तैयारियां बेहतर हुई : गुरजीत

**अमृतसर।** भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर गुरजीत कौर ने कहा है कि अर्जेंटीना के दौरे से उन्हें आगामी टोक्यो ओलंपिक की तैयारियों का अवसर मिला है। गुरजीत ने कहा, पूरे एक साल के बाद मैदान पर वापसी करना अच्छा अनुभव रहा है। मैं अपने प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। हमने उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। यदि आप पिछले तीन-चार वर्षों में हमारे प्रदर्शन की तुलना करते हैं, तो टीम में काफी सुधार हुआ है और यह हमारे लिए भविष्य के टूनार्मेंट में जाने के लिए अच्छा रहेगा। इस दौरे में हालांकि अर्जेंटीना की सीनियर टीम से भारतीय टीम को 2-3 और 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था पर भारतीय टीम ने अंतिम गेम में 1-1 से ड्रा खेला था। गुरजीत ने ओलंपिक को लेकर कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से, मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। मैं अपने कोचों के साथ उन क्षेत्रों का आंकलन किया है जहां मैंने सुधार किया है। इसके साथ ही अपने प्रदर्शन को और बेहतर करने पर काम कर रही हूं।

# स्टेन ने आईपीएल को लेकर दिये बयान के लिए माफी मांगी



**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को लेकर दिये अपने विवादास्पद बयान के लिए माफी मांगी है। स्टेन ने अपने बयान में कहा था कि आईपीएल से अधिक सम्मान पाक क्रिकेट लीग (पीएसएल) में मिलता है। साथ ही यह भी कहा था कि आईपीएल में ध्यान क्रिकेट नहीं बल्कि पैसे पर रहता है जबकि पीएलएल में खेल पर नजरें रहती हैं। स्टेन ने माफी मांगते हुए कहा कि उनका इरादा आईपीएल को नीचा दिखाना औ अपमान करना नहीं था। सोशल मीडिया में उनके बयान को गलत तरह से पेश किया जिससे उसका मतलब ही बदल गया। स्टेन आजकल पीएसएल में क्वेटा ग्लैडिएटर्स टीम की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएल में बड़े नाम और ज्यादा पैसे के कारण कई बार क्रिकेट से ध्यान हट जाता है। स्टेन आईपीएल 2020 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) का हिस्सा रहे थे लेकिन, टीम ने उन्हें बरकरार नहीं रखा। स्टेन के पास इस बार नीलामी में शामिल होने का मौका था पार उन्होंने ऐसा नहीं किया। स्टेन ने ट्वीट किया, ''मेरे करियर में आईपीएल शानदार रहा, अन्य खिलाड़ियों के लिए भी मेरा इरादा कभी इसे नीचा दिखाने, अपमान करने या किसी अन्य लीग से तुलना करने का नहीं था पर सोशल मीडिया ने बात का बतंगढ़ बना दिया।'' उन्होंने कहा, ''अगर मैंने इससे किसी को निराश किया है तो मैं इसके लिए काफी मांगता हूं।''

# वरुण के बाद तेवतिया भी फिटनेस टेस्ट में फेल हुए, टी20 सीरीज में खेलने पर संशय



**मुम्बई।** युवा ऑलराउंडर राहुल तेवतिया इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 क्रिकेट सीरीज से पहले फिटनेस टेस्ट में विफल रहे हैं। ऐसे में तेवतिया का इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में खेलना संदेह के घेरे में है। तेवतिया को पहली बार टीम इंडिया में चुना गया था पर डेब्यू से पहले ही उनके फिटनेस टेस्ट में विफल होने से टीम को करारा झटका लगा है। तेवतिया अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इससे पहले रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार वरुण और तेवतिया फिटनेस टेस्ट के लिए तय बेंचमार्क को पूरा नहीं कर पाए। गौरतलब है कि भारतीय टीम में शामिल खिलाड़ियों को फिटनेस टेस्ट पास करने के लिए यो-यो टेस्ट में 17.1 का स्कोर या 8 मिनट 30 सेकेंड में दो किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी होती है। एक रिपोर्ट के अनुसार तेवतिया और वरुण को एक बार फिर से अपनी फिटनेस साबित करने का अवसर मिलेगा पर अगर दूसरी बार भी वे फिटनेस टेस्ट में फेल हो जाते हैं तो फिर उनका इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में खेलना बेहद संभव नहीं होगा। गौरतलब है कि खिलाड़ियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के लिए बोर्ड ने अपने फिटनेस बेंचमार्क में बदलाव किए हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच 12 मार्च से अहमदाबाद में नए बने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 सीरीज खेली जाएगी। सभी 5 मैच इसी मैदान पर ही खेले जाएंगे. चक्रवर्ती के साथ पांच महीने में दूसरी बार होगा जब वो टीम इंडिया से बाहर होंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए उन्हें टीम इंडिया में चुना गया था पर चोटिल होने के कारण वह टीम से बाहर हो गए थे। वरुण ने पिछले सीजन में केकेआर के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया था जिसके बाद उन्हें टीम इंडिया में जगह मिली थी।

# टोक्यो ओलंपिक पैनल में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ी

**टोक्यो।** आगामी टोक्यो ओलंपिक के पैनल में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ी है। बोर्ड में 12 और महिलाओं को शामिल किया जिससे 45 सदस्यीय समिति में उनकी संख्या बढ़कर करीब 19 (लगभग 42फीसदी) हो गयी है। इस समिति में महिलाओं को शामिल करने के लिए बोर्ड में सदस्यों की संख्या को 35 से बढ़ाकर 45 हो गयी जबकि कुछ सदस्यों को इस्तीफा भी देना पड़ा। कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद इस कदम की घोषणा मुख्य कार्यकारी अधिकारी तोशीरो मुतो ने की। आयोजन समिति की नयी अध्यक्ष सीको हाशिमोतो की पहल पर यह बदलाव किए गए। पिछले महीने 83 साल के पूर्व अध्यक्ष योशिरो मोरी के महिलाओं पर की गयी टिप्पणी और उनके इस्तीफे के बाद हाशिमोतो अध्यक्ष बनी हैं। मोरी ने महिलाओं के खिलाफ लैंगिंग टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि महिलाएं काफी बातें करती हैं। हाशिमोतो ने बोर्ड की बैठक की शुरूआत में कहा कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के मामले में हमारा मानना है कि आयोजन समिति में विश्वास बहाल करने के लिए तेजी से काम कर ठोस परिणाम देना होगा।

# पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की खराब शुरूआत

**अहमदाबाद।** मेहमान टीम इंग्लैंड ने भारतीय टीम के खिलाफ गुरुवार को यहां चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 रनों पर ही शुरूआती तीन विकेट खो दिये।इंग्लैंड की ओर से जो रूट और बेयरस्टो क्रीज पर हैं। रूट 5 और बेयरस्टो 10 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारतीय गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए अपनी गति और स्विंग से इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया। 10 रनों के स्कोर पर इंग्लैंड का पहला विकेट गिरा। सिब्ली 2 रन बनाकर अक्षर का शिकार बने। अक्षर ने इसके बाद सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉउली को मिड ऑफ पर सिराज के हाथों आउट कराबर अपना दूसरा विकेट लिया। सिराज ने पारी के 12वें ओवर की पहली गेंद पर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। उन्होंने कप्तान जो रूट को पेवेलियन भेज दिया। रूट 5 रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से गेंदबाजी की शुरूआत तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने की। उन्होंने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए मेहमान बल्लेबाजों पर दबाव बना दिया। उसके बाद ही अक्षर और सिराज ने विकेट लिए।



नीदरलैंड में जर्मनी के एलेक्जेंडर जेवरेव एबीएन एमरो टेनिस मुकाबले में खेलते हुए।

# मेक्सिको में एकसाथ खेलते नजर आयेंगे बोपन्ना-कुरैशी

**नई दिल्ली।** भारत के रोहन बोपन्ना और पाकिस्तान के ऐसाम-उल-हक कुरैशी 15 मार्च से मेक्सिको में खेले जाने वाले अकापुल्को एटीपी 500 में टेनिस कोर्ट पर एकसाथ खेलते नजर आयेंगे। बोपन्ना और कुरैशी छह साल के बाद फिर साथ नजर आयेंगे। इससे पहले यह जोड़ी 2014 शेनजेन एटीपी 250 प्रतियोगिता में एक साथ खेली थी। इस जोड़ी की सबसे बड़ी सफलता 2010 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचना था, जहां उन्हें ब्रायन बंधुओं की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा था। बोपन्ना उस समय अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग तीसरे स्थान तक पहुंचे थे बोपन्ना ने इसके बाद 2012 ओलंपिक की तैयारियों के लिए दिग्गज महेश भूपति के साथ जोड़ी बनाकर खेलने का फैसला किया। भारत और पाकिस्तान के 40 बरस के इन



खिलाड़ियों की जोड़ी फिलहास सिर्फ एक टूनार्मेंट में साथ खेलेगी। कुरैशी ने कहा कि अभी हम सिर्फ मैक्सिको में खेलने के लिए एक साथ आ रहे हैं। अभी तक हमने भविष्य के बारे में बात नहीं की है। यह पूछे जाने पर कि क्या यह एक लंबी अवधि की व्यवस्था हो सकती है, कुरैशी ने कहा कि उम्मीद है, अगर यह अच्छी तरह से चलता है तो हम भविष्य में साथ में और अधिक टूनार्मेंट खेल सकते हैं। वे वास्तव में दुबई ड्यूटी फ्री चैंपियनशिप में एक साथ प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उनकी योजना सफल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि हमने ऑस्ट्रेलिया में एक साथ बहुत समय बिताया। हम दुबई में खेलने की योजना बना रहे थे। उसे एक जोड़ीदार की जरूरत थी और मुझे भी एक जोड़ीदार की जरूरत थी। इसलिए हमने सोचा कि चलो दुबई ओपन के लिए टीम बनाई जाए, दुर्भाग्य से हम इसके लिए क्वालीफाई नहीं कर सकें। हमारी संयुक्त रैंकिंग उस स्तर की नहीं थी।उन्होंने कहा कि लेकिन हम अकापुल्को में जगह बनाने में सफल रहे। मैं बहुत उत्साहित हूँ। उम्मीद है, हम एक साथ अच्छा खेलेंगे और यह सफल रहेगा। तब हम कुछ और टूनार्मेंट एक साथ खेलने का फैसला कर सकते हैं, लेकिन फिलहाल हम सिर्फ इसी टूनार्मेंट के लिए साथ आये है।

# मोटेरा के फ्लॉप शो के बाद पिंक बॉल की चमक को कम करने पर काम कर रही कंपनी

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का तीसरा मैच पिंक गेंद से नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया था। यह डे-नाइट टेस्ट मैच महज दो दिन से भी कम वक्त में खत्म हो गया था। क्रिकेट दिग्गजों ने इस मैच के बाद जमकर आलोचना की थी। वहीं, विशेषज्ञों का कहना है कि पिंक बॉल से खेलना सहज नहीं है। खासतौर पर लाइट्स में। अब पिंक बाल निमार्ता ने इस बात का खुलासा किया है कि वे गेंद की चमक को कम करने के लिए काम कर रहे हैं। एसजी के मार्केटिंग निदेशक पारस आनंद ने कहा, ''हमने इस पर पहले ही काम शुरू कर दिया है। नई तकनीक गेंद के रंग को बरकरार रखेंगी और उसकी चमक को कम करेंगी, जिसका परिणाम होगा कि गेंद तेजी से मूव करेगी। यह काम चल रहा है। गौरतलब है कि अहमदाबाद में भारत ने मेहमान टीम इंग्लैंड को दो दिन में ही 10 विकेट से पराजित कर दिया था। इंग्लैंड ने पहली पारी में 112 और दूसरी में 81 रन बनाए थे। इस मैच में स्पिनर्स पूरी तरह से बल्लेबाजों पर भारी पड़े थे। रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल ने अहमदाबाद में काफी प्रभावित किया था। इन दोनों ने मैच कुल मिलाकर 18 विकेट झटके थे। वहीं, इससे पहले दोनों टेस्ट मैच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए थे। पहला टेस्ट मैच इंग्लैंड ने 227 रन से जीता था। इसके बाद दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने शानदार वापसी करते हुए 317 रनों से जीत हासिल की थी। भारत फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है। सीरीज का चौथा और अंतिम मैच 4 मार्च से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। अहमदाबाद में पिंक बॉल टेस्ट को लेकर पारस आनंद ने कहा, ''यह फीडबैक हमें नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ पिंक बॉल टेस्ट के बाद नहीं मिला था, लेकिन अब यह मसला उठा है तो हम बीसीसीआई से भी इस बारे में बातचीत करेंगे। लेकिन हमने इस पर काम करना शुरू कर दिया है कि कैसे इस समस्या को सुलझाया जा सकता है। हम कोशिश कर रहे हैं कि गेंद की चमक कम हो और उसका रंग उपयुक्त हो।

# ‘साइना’ के टीजर में बैडमिंटन चैम्पियन के अंदाज में दिखीं परिणीति चोपड़ा, लिंग भेदभाव पर चोट



**नई दिल्ली।** बैडमिंटन चैम्पियन साइना नेहवाल की बायोपिक साइना सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में परिणीति चोपड़ा साइना के किरदार में दिखेंगे। कुछ दिन पहले ही फि ल्म की रिलीज डेट का एलान किया गया था। अब परिणीति ने साइना का टीजर साझा किया है। परिणीति के फि ल्म करियर की यह पहली स्पोर्ट्स बायोपिक फि ल्म है।

साइना के टीजर की शुरूआत में लिंग भेदभाव के मुद्दे से होती है। परिणीति के वॉइसओवर के जरिए बताया जाता है कि देश में सवा सौ करोड़ की आबादी में आधी महिलाएं हैं, मगर फिर भी लड़कों को बढ़ावा दिया जाता है और लड़कियों की ज़िंदगी चौके-चूल्हे से शुरू होकर शादी पर खत्म हो जाती है। टीजर में साइना की खेल की उपलब्धियों के विजुअल्स को हाइलाइट किया गया है। टीजर शेयर करके परिणीति चोपड़ा ने बताया कि ट्रेलर जल्द रिलीज किया जाएगा। साइना का निर्देशन अमोल गुप्ते ने किया है। मानव कौल साइना के कोच पी गोपीचंद के किरदार में दिखेंगे। बता दें, साइना में पहले श्रद्धा कपूर लीड रोल निभाने वाली थीं, मगर कुछ वक़्त तक ट्रेनिंग करने के बाद श्रद्धा ने फि ल्म से हाथ खींच लिए। इसके पीछे उनकी व्यस्तता को वजह बताया गया था। साइना 26 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 2 मार्च को परिणीति ने एनाउंसमेंट टीजर के साथ फि ल्म की रिलीज डेट बतायी थी। थिएटर्स में इस साल परिणीति की यह दूसरी रिलीज फिल्म होगी। इससे पहले परिणीति यशराज बैनर की फि ल्म संदीप और पिंकी फरार में नजर आएंगी, जो 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है, जिसमें वो अर्जुन कपूर के साथ नजर आएंगी। साल 2021 की शुरूआत परिणीति के लिए अच्छी रही है। साइना को मिलाकर पहली तिमाही में ही उनकी 3 फि ल्में हो जाएंगी। इस साल उनकी पहली फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन है, जो 26 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो चुकी है। परिणीति 2019 में आखिरी बार पर्दे पर दिखी थीं। अक्षय कुमार की फि ल्म केसरी में उन्होंने स्पेशल एपीयरेंस किया था, जबकि सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ जबरिया जोड़ी में नजर आयी थीं।

# निमरत कौर ने घर के आसपास बिल्लियों के लापता होने पर जताई चिंता



**मुंबई।** आपने स्ट्रीट डॉग्स को लेकर काम करने वालों के बारे सुना होगा पर अब अभिनेत्री निमरत कौर का स्ट्रीट बिलिल्यों को लेकर मानवीय पक्ष सामने आया है। निमरत ने बुधवार को अपने नोएडा घर के पास आवारा बिल्लियों के गायब होने की चिंता व्यक्त की, जहां उनके माता-पिता रहते हैं। निमरत ने कहा, मेरे माता-पिता नोएडा में रहते हैं और हम वहां लगभग 26 वर्षों से रह रहे हैं। वे अब कई सालों से आवारा बिल्लियों को खाना खिला रहे हैं और उनमें से बहुत सारे हमारे घर में आते हैं, और बालकनी पर खेलते हैं। कल और आज, एक बिल्ली को छोड़कर सभी गायब हो गए हैं। मेरी मां ने उनमें से दो को मृत पाया और कोई चोट के निशान नहीं थे।’ अभिनेत्री अंततः मदद के लिए पशु कल्याण संगठनों के पास पहुंची। उन्होंने कहा, ‘मैंने पशु कल्याण संगठनों से बात की और उन्होंने मुझे बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना सही रहेगा। किसी को यह पुष्टि करनी होगी कि यह प्वॉइजन का मामला है और फिर एक आधिकारिक प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है।’ कौर ने कहा, ‘जमीनी हकीकत यह है कि भले ही किसी ने (जानवर को जहर दिए हुए) देखा हो, किसी को भी इसके बारे में ‘पता’ नहीं है। हम वास्तव में लोगों से अनुरोध करना चाहते हैं कि वे कुछ ऐसा न करें। मेरे पास इस तरह के अत्याचार के लिए शब्द नहीं हैं।

# निदेशक संजय गुप्ता अमेजॉन के बजाय बड़े पर्दे पर उतारने चाहते है अपनी फिल्म ‘मुंबई सागा’




**मुंबई।** बोल्ड और एक्शन के लिए मशहूर अभिनेता जॉन अब्राहम और इमरान हाशमी की आने वाली फिल्म ‘मुंबई सागा’ पर्दे पर उतरने को तैयार है। संजय गुप्ता निर्देशित यह फिल्म 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जॉन और इमरान ने इस आगामी एक्शन थ्रिलर में पहली बार एक साथ काम किया है। जॉन और इमरान के अलावा, फिल्म में सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, काजल अग्रवाल, प्रतीक बब्बर, रोहित रॉय, अंजना सुखानी और गुलशन ग्रोवर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में जॉन एक गैंगस्टर की भूमिका निभाते हैं जो बॉम्बे पर राज करने की इच्छा रखता है जबकि इमरान एक पुलिस वाले का रोल कर रहे हैं जो जॉन को मारना चाहता है क्योंकि जॉन को मारने पर उसे 10 करोड़ रुपए की प्राइज मनी मिल जाएगी। कथित तौर पर, जॉन और इमरान स्टारर ‘मुंबई सागा’ को आकर्षक डील के लिए अमेजॉन प्राइम वीडियो को बेचा गया था, लेकिन बाद में, निमार्ताओं ने अपना निर्णय बदल दिया और इसके बजाय फिल्म को थिएटर में रिलीज करने का फैसला किया। हाल ही में डायरेक्टर संजय गुप्ता ने बताया कि कैसे उनका हृदय परिवर्तित हुआ। उन्होंने कहा कि जॉन दिसंबर से इस फिल्म को थिएटर में रिलीज करना चाहते थे और इमरान ने उनकी इस बात का समर्थन किया। दोनों कलाकारों ने उन्हें बड़े पर्दे पर इस फिल्म को रिलीज करने का जोखिम उठाने का भरोसा दिया।

फिल्म निमार्ता ने यह भी माना है कि आगामी एक्शन एंटरटेनर मूवी को ऐसे बनाया गया है, जिसे पूरे समुदाय के साथ देखने के लिए बनाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि जब वह साउंड डिजाइन को सुपरवाइज कर रहे थे तो उन्होंने कल्पना की कि यह मल्टी-स्क्रीन थिएटरों में कैसा लगेगा? उन्होंने यह भी कहा कि, ह्यउनके किरदार वन-लाइनर्स को पसंद कर रहे हैं, जिसे छोटे पर्दे पर देखने में उतना रोमांच नहीं आएगा। यदि हम पैसे खोने का डर होगा तो ओटीटी रिलीज को प्राथमिकता दी जाएगी। सिनेमाघरों के साथ, हम सुरक्षित हैं -हम पैसा नहीं कमा रहे हैं, लेकिन हम हारेंगे भी नहीं।’



# अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने बॉलीवुड में कदम रखने के साथ ही मुंबई में खरीदा घर

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की सेंसेशन अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी आने वाली बॉलीवुड रिलीज के साथ देश में धमाका करने को तैयार हैं। पिछले कुछ दिनों से अभिनेत्री को अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए हिंदी सिनेमा के लिए मशहूर मुंबई का दौरा करते हुए देखा जा रहा है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि काम की प्रतिबद्धता में कोई बाधा न आए रश्मिका ने अब मुंबई में अपनी खुद की एक जगह खरीद ली है। अभिनेत्री के करीबी एक सूत्र ने खुलासा किया, ‘रश्मिका ह्यमिशन मजनू’ और अन्य बॉलीवुड प्रोजेक्ट की तैयारी के लिए मुंबई और हैदराबाद के बीच भाग-दौड़ कर रही हैं। अब उन्होंने शहर में अपनी एक जगह बना ली है, ताकि वह आसानी से रह सकें।’ सूत्र ने आगे साझा किया, ‘इस स्थान को अधिक होमली फीलिंग देने के लिए, रश्मिका अपने हैदराबाद के घर से मुंबई में अपने नए घर के लिए कुछ प्यारी चीजें ले आई हैं। वह पहले होटल में रह रही थीं, लेकिन अब अपने घर के साथ, वह शहर से अधिक लगाव महसूस कर रही हैं।’ अभिनेत्री की किटी में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ ह्यमिशन मजनू’ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने एक और बॉलीवुड प्रोजेक्ट अपने नाम कर लिया है, जो अभी गोपनीय है। सरीलेरू नीकेवरु, गीता गोविंदम और प्रिय कॉमरेड के साथ दक्षिण में उल्लेखनीय और यादगार प्रदर्शन देने के बाद, अब रश्मिका के बॉलीवुड डेब्यू पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

# प्रीति ने शादी की सालगिरह पर अपने पति को किया याद

अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने अपनी शादी की पांचवी सालगिरह पर अपने पति को याद करते हुए एक पोस्ट किया। अभिनेत्री ने सोमवार को अपनी शादी की सालगिरह पर पोस्ट करते हुए लिखा कि ‘हैप्पी एनिवर्सरी माई लव। इस पर विश्वास नहीं हो रहा है कि हमने एकसाथ एक दशक गुजारा है। समय कैसे उड़ता है ।। मिस यू ।। काश आप यहां होते।’ प्रीति अक्सर अपने पति के लिए रोमांटिक संदेशों को सोशल मीडिया पर साझा करती हैं। वह अक्सर उन्हें ‘पति परमेश्वर’ कहकर संदर्भित करती हैं। बता दें कि 29 फरवरी 2016 को जीन गुडइनफ के साथ शादी के बंधन में बंधी थी। शादी लॉस एंजिल्स में एक निजी समारोह में हुई थी। हालांकि शादी 2016 में हुई थी, लेकिन प्रीति के नए सोशल मीडिया पोस्ट से यह जाहिर होता है कि यह जोड़ी 2011 से डेटिंग कर रही थी, जहां वह एक साथ एक दशक देखने की बात करती है।







